रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05

REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003--05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 52] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 25—दिसम्बर 31, 2004 (पौष 4, 1926)

No. 52] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 25—DECEMBER 31, 2004 (PAUSA 4, 1926)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

भाग I--खण्ड-1--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	1043
भाग I--खण्ड-2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1305
भाग I--खण्ड-3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	5
भाग I--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1767
भाग II--खण्ड-1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II--खण्ड-1क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II--खण्ड-2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (i)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II--खण्ड-3--उप खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II--खण्ड-4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III--खण्ड-1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1465
भाग III--खण्ड-2--पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	9001
भाग III--खण्ड-3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III--खण्ड-4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	6683
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	[illegible]
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1043

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 1305

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . 5

PART 1—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 1767

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) . . . . . *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India 1465

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 9801

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . *

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 6683

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies 629

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi . . . . . *

* Folios not received.

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]
[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]
[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 8 दिसम्बर 2004

सं. 133-प्रेज/2004--राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:--

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री पी. वेणुगोपाल राव,
सर्किल निरीक्षक।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

28.8.2003 को श्री वेणुगोपाल राव सर्किल इंस्पेक्टर को एक विशिष्ट सूचना मिली कि दुर्दान्त जनशक्ति नक्सली ग्रुप के अतिवादी सिरसिल्ला क्षेत्र (करीमनगर पश्चिम) के बाहरी क्षेत्रों में मौजूद हैं तथा गोलीबारी की एक घटना में मारे गए देगला सुभाष, जिला समिति सचिव, जनशक्ति ग्रुप, मेडक जिला की मौत का बदला लेने के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक नेताओं का सफाया करने की तैयारी कर रहे हैं। तत्काल ही श्री वेणुगोपाल राव, सर्किल निरीक्षक ने यह सूचना अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) को दी तथा जिला गार्ड्स कमांड यूनिट की मांग की। दुर्भाग्यवश उस समय मुख्यालय में कोई हमला यूनिट उपस्थित नहीं थी क्योंकि सभी करीमनगर पूर्वी डिवीजन के घने जंगल में एक बड़े अभियान में लगे हुए थे। तथापि, कमांडों यूनिट की इस कमी से श्री वेणुगोपाल, सर्किल निरीक्षक के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। इसके विपरीत, इन्होंने जिला गार्ड कमांडों के बगैर ही स्वयं अभियान चलाने का निर्णय लिया। चूंकि समय कम था अत: उपलब्ध सूचना की सटीकता को ध्यान में रखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) ने उन्हें हरी झंडी दिखा दी तथा इन्होंने जिला मुख्यालय में उपलब्ध उप निरीक्षकों, दो हैड कांस्टेबलों तथा कुछ सिविल पी.सी. को साथ लिया तथा उन सबकी एक टीम गठित की तथा सिरसिल्ला की ओर चल पड़े तथा वहां आम के एक बगीचे में धैर्यपूर्वक घात लगाकर बैठ गए और प्रतीक्षा करने लगे। प्रात: 2.30 बजे श्री वेणुगोपाल राव, सर्किल निरीक्षक ने अचानक कुछ आवाजें सुनीं। इन्होंने तत्काल अपनी पार्टी को सतर्क कर दिया तथा एक योजना तैयार की और उस दिशा की ओर बढ़ने लगे जिधर से आवाजें आ रही थीं। श्री वेणुगोपाल, सर्किल इंस्पेक्टर ने देखा कि पांच सदस्य सिरसिल्ला कस्बे की ओर बढ़ रहे हैं। इन्होंने विधिवत अपना परिचय दिया तथा उन्हें अपनी पहचान बताने को कहा। ऐसा करने के बजाए उन्होंने विपरीत दिशा से स्वचालित हथियारों से गोलीबारी प्रारंभ कर दी। तत्काल ही श्री वेणुगोपाल राव, सर्किल निरीक्षक तथा इनकी पार्टी ने आड़ ली तथा जवाब में गोलियां चलाई। श्री वेणुगोपाल राव, सर्किल निरीक्षक ने अपनी पार्टी का नेतृत्व किया तथा धीरे-धीरे उस दिशा की ओर बढ़ने लगे जहां से गोलियां चल रही थी। अपने प्राणों की परवाह न करते हुए तथा कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए श्री वेणुगोपाल राव, सर्किल निरीक्षक अकेले ही अतिवादियों की ओर रेंगकर बढ़ते गए तथा गोलियां चलाते रहे। पांच मिनट तक गोलीबारी होती रही। बाद में जब पुलिस ने क्षेत्र की तलाशी ली तो मौके से एक शव बरामद हुआ। बाद में उसकी पहचान जनशक्ति के कुख्यात गुटन्ना के रूप में हुई। श्री वेणुगोपाल राव, सर्किल निरीक्षक ने उत्कृष्ट नेतृत्व, साहस तथा भयानक गोलीबारी के दौरान पार्टी का नेतृत्व करते हुए उच्च रणनीतिक कुशलता का प्रदर्शन किया जिसमें चेपयाला बधैया उर्फ गुटन्ना, जिला समिति सदस्य, सी पी आई एम एल जनशक्ति, करीमनगर जिला मारा गया। गोलीबारी स्थल से एक ए.के. 47 असाल्ट राइफल दो 8 एम एम राइफलें तथा गोली बारुद इत्यादि बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में, श्री पी. वेणुगोपाल राव, सर्किल निरीक्षक ने अदम्य वीरता एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परियच दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29 अगस्त, 2003 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 134-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. के. राजारत्नम नायडु, भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक, खम्माम।
2. एस. लावाराजू, जूनियर कमांडो -1353, ग्रे हाउन्ड्स। (मरणोपरांत)
3. एन. तिरूपति राजू, जूनियर कमांडो -1349, ग्रे हाउन्ड्स। (मरणोपरांत)
4. आर. श्री निवास राव, जूनियर कमांडो -1474, ग्रे हाउन्ड्स। (मरणोपरांत)।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

वर्ष 1998 के दौरान, श्री के. राजारत्नम नायडु, कमांडेन्ट 5वीं बटालियन, ए पी एस पी विजियानगरम की बटालियन के साथ (दिवंगत) श्री एस लावा राजू, जे सी, (दिवंगत) श्री एन तिरूपति राजू, जे सी, तथा (दिवंगत) श्री आर. श्री निवास राव, जे सी ग्रे हाउन्ड्स जे सी के रूप में संबद्ध थे। श्री राजारत्नम नायडु, कमांडेन्ट को सूचना मिली कि कोन्डाबेरिडि, नागावली, जनजारथी एवं उद्दनम दलम (60), जो आधुनिक हथियारों से लैस हैं, पुडेसु ग्राम (विजियानगरम जिला) के समीप घने पहाड़ी जंगल में एकट्ठे हुए हैं तथा वे पुलिस का सफाया करने तथा अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाने के लिए पुलिस थानों को लूटने के लिए भयानक कदम उठाने का षडयंत्र रच रहे हैं। इन्होंने तत्काल कार्रवाई की। इन्होंने ग्रे हाउन्ड्स की तीन यूनिटें जिनमें (दिवंगत) श्री एस. लावा राजू जे सी, (दिवंगत) श्री एन. तिरूपति राजू जे सी तथा (दिवंगत) श्री आर. श्री निवासराव जे सी तथा अपेक्षित संख्या में ए पी एस पी कार्मिक एकत्र किए तथा कार्रवाई करने हेतु एक सुस्पष्ट कार्रवाई यो जना बनाई। बल को तीन खंडों में बांटकर श्री के राजा रत्नम नायडु, कमांडेंट ने उनका जंगली क्षेत्र (कोप्पाडांगी क्षेत्र) की ओर नेतृत्व किय तथा विद्रोही तत्वों को घेर लिया। परन्तु उग्रवादी विचलित नहीं हुए तथा उन्होंने आगे बढ़ते हुए पुलिस बल को रोकने के लिए ए.के.-47, 303 राइफलों से गोलियां चलाईं, हथगोले फेंके तथा यहां तक कि क्लेमोर माइनों का भी विस्फोट किया जबकि ग्रे हाउन्ड्स के सर्व श्री एस लावाराजू, जे सी, एन तिरूपति राजू, जे सी तथा आर श्री निवास राव, जे सी वैनगार्ड ले आए। पुलिस ने अराजक तत्वों को आत्मसमर्पण करने के लिए बार-बार चेतावनी दी। प्रत्युत्तर में उन्होंने और अधिक गोलियां चलाईं, विस्फोट किए तथा बम फोड़े। भीषण गोलीबारी का मुकाबला करते हुए अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और जान की परवाह किए बगैर श्री राजारत्नम नायडु, कमांडेन्ट ने आत्मरक्षा में गोलियां चलाते हुए गोलियों की बौछार के बीच अपने दल का कुशलतापूर्वक नेतृत्व किया। इस बुद्धिमानीपूर्ण और साहसिक कारनामे के कारण उग्रवादियों तथा पुलिस पार्टी के बीच लगभग चार घंटे तक चली गोलीबारी के बाद 13 दुर्दान्त उग्रवादी तथा सर्व श्री एस लावा राजू, जे सी, एन तिरूपति राजू, जे सी एवं आर श्री निवास राव, जे सी मारे गए। मृत 13 उग्रवादियों की पहचान (1) गन्ती रमेश उर्फ राजेस, डिवीजनल समिति सचिव तथा क्षेत्रीय समिति सदस्य (2) अम्बाती येरन्ना उर्फ भूमन्ना, डिवीजनल कमेटी मेम्बर, (3) प्रेमलथा उर्फ पदमक्का कमांडर जनगवथी दलाम (4) नुमपल्ला दुरवासुलु उर्फ जयपाल, कमांडर नागावली दलाम (5) स्वर्णलथ उर्फ गुनक्का, डिप्टी कमांडर, कोन्डाबारिडि (6) तेवितय्या उर्फ शेषन्ना, राज्य समिति सदस्य (7) पोथनपल्ली सुबद्रा उर्फ स्वरर्णका, दलाम

सदस्य (8) अलामुरू सत्यनारायण उर्फ चन्तन्ना (9) हरिकृष्ण पात्रो उर्फ रमन्ना उड़ीसा राज्य, डिप्टी कमांडर (नागावली दलाम) (10) भास्कर-उद्दनम समिति सदस्य (11) बटकाला यदन्ना उर्फ रघु-उग्रवादी (12) अदत्था सिम्हाद्री उर्फ एचन्ना आर सी एस नेता (13) बटकाला आदिनारायण उर्फ चलपति आर सी एस के रूप में हुई। इनके जिन्दा या मुर्दा पकड़े जाने पर भारी ईनाम घोषित था। मुठभेड़ के बाद, स्थल से आधुनिक हथियार, क्लेमोर माइन्स, तथा हथगोलों सहित हथियारों की खेप बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री के. राजारत्नम नायडु, भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक, खम्माम, दिवंगत एस. लावाराजू, जूनियर कमांडो, दिवंगत एन. तिरूपति राजू, जूनियर कमांडो और दिवंगत आर. श्री निवास राव, जूनियर कमांडो ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9 अगस्त, 1998 से दिया जाएगा।

करुण मित्रा
निदेशक

सं0 135-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री प्रभात पेगू
कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

नलबाड़ी पुलिस थानान्तर्गत ग्राम कोटपुहा में उल्फा उग्रवादियों के ग्रुप की मौजूदगी के बारे में सूचना के आधार पर श्री जितमल डोले, अपर पुलिस अधीक्षक नलबाड़ी के नेतत्व में एक पुलिस पार्टी गांव में गई तथा गांव को घेरे में लेने के बाद तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान ए बी सी/487 प्रभात पेगू के पीछे श्री डोले प्रणव सर्मा के घर पहुंचे जहां उग्रवादियों ने मकान के पीछे से गोलियां चलाना शुरु कर दिया। गोलियों की बौछार से विचलित हुए बिना श्री पेगू ने मोर्चा संभाला और अपने सर्विस हथियार से उग्रवादियों पर गोलियां चलाना प्रारंभ किया जिसके परिणामस्वरुप एक उग्रवादी मौके पर ही मारा गया। मारे गए उग्रवादी से चार्जड मैगजीन सहित एक ए.के. 56 राइफल बरामद की गई। पुलिस दल के अन्य जवानों ने उग्रवादियों पर भारी गोलीबारी करके उन्हें अपने एक घायल साथी को पीछे छोड़ शीघ्रता से भागने पर विवश कर दिया। बाद में यह उग्रवादी भी अस्पताल में मर गया। अनुशंसित कांस्टेबल के वीरतापूर्ण कार्य से न केवल उनके वरिष्ठ अधिकारी की प्राण रक्षा हुई बल्कि इनके साथी पुन: हमला करने के लिए उत्साहित भी हुए जिसके कारण भारी संख्या में उग्रवादी हताहत हुए। बाद में मृत उग्रवादियों की पहचान भूपेन कलीता एवं रामेन सर्मा के रुप में हुई जो प्रतिबंधित संगठन उल्फा के सदस्य थे। वे असम के तत्कालीन वन मंत्री स्व. नगेन सर्मा की हत्या सहित अनेक जघन्य अपराधों के लिए वांछित थे।

इस मुठभेड़ में, श्री प्रभात पेगू, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 मई, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 136-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नितुल गोगोई,
अपर पुलिस अधीक्षक ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

19.2.2004 को श्री नितुल गोगोई, अपर पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय) धुबरी को गोकुलचंद पुलिस थाने के अंतर्गत उत्तरी रायपुर, मोईचाचर, भंगाडोली, कलडोबा आदि के सामान्य क्षेत्रों में उल्फा उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होने पर इन्होंने निरीक्षक एन.यू. चौधरी, सर्किल निरीक्षक गोलोकगंज, उप निरीक्षक के. राजबोंगशी औ/सी गोलोकगंज पुलिस थाना, उप निरीक्षक तरुण सी एच दास तथा 14 (चौदह) सशस्त्र कांस्टेबल सहित एक तलाशी पार्टी का नेतृत्व किया। जब तलाश जारी थी तो सायं लगभग 7.15 बजे, श्री नितुल गोगोई के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने भंगा डोली क्षेत्र में उग्रवादियों के एक दल को संदेहास्पद स्थिति में आते-जाते देखा। उनकी पहचान पूछने पर उग्रवादियों ने अपने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दी और श्री नितुल गोगोई तथा पुलिस कार्मिकों को मारने की दृष्टि से उनके दल पर हथगोले से विस्फोट किया। ए के 56 जैसे स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी तथा हथगोले के आक्रमण के बावजूद श्री नितुल गोगोई ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए तथा अनुकरणीय साहस दिखाते हुए बड़ी सूझ-बूझ के साथ शीघ्रता से कार्रवाई की और अपने सर्विस हथियार से गोली चलाई। साथ ही साथ उन्होंने तत्काल प्रतिकारी कार्रवाई करने के लिए अपनी पार्टी का नेतृत्व किया। अन्य पुलिस कार्मिकों ने अपर पुलिस अधीक्षक श्री नितुल गोगोई के अपने प्रभावी नेतृत्व से प्रोत्साहित होकर कारगरता के साथ जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी तीस मिनट तक जारी रही। उग्रवादियों की गोलीबारी के परिणामस्वरुप कांस्टेबल 747 प्रभात कलीता की बांई बाजू गोली लगने से चोटग्रस्त हो गई। तदोपरांत, तलाशी अभियान के दौरान घटनास्थल के पास एक उल्फा उग्रवादी मरा हुआ पाया गया। मृतक के कब्जे से एक सक्रिय चीनी हथगोला, ए के 56 गोला बारुद के 15 राउंद, उल्फा संबंधी आपत्तिजनक दस्तावेज प्राप्त हुए। जांच के दौरान मृत उग्रवादी की पहचान उकील राय (25) उर्फ मोन कुमार रॉय पुत्र श्री ताजेन रॉय, दाफरपुर पुलिस थाना गोलोकगंज के रुप में हुई। वह एक दुर्दान्त प्रशिक्षित उल्फा उग्रवादी था। वह रॉयल भूटान सेना द्वारा विद्रोह-विरोधी कार्रवाई के दौरान भूटान से आया था तथा वह उग्रवाद संबंधी अनेक मामलों में वांछित था।

इस मुठभेड़ में, श्री नितुल गोगोई, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19 फरवरी, 2004 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 137-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, असम पुलिस/केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी बीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जगतार सिंह, कांस्टेबल, 16वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (मरणोपरांत)
2. महेश्वर बोसुमतारी, यू.बी. कांस्टेबल, असम पुलिस। (मरणोपरांत)
3. अरूण कुमार बोरा, उप निरीक्षक (यू.बी.), असम पुलिस।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

3 मार्च, 2004 को दिन के 2 बजे माणिकपुर पुलिस थाने के ओ/सी को सूचना प्राप्त हुई कि अधुनातन किस्म के हथियारों सहित उल्फा कार्यकर्त्ताओं का एक ग्रुप सोरभोग पुलिस थाने के अन्तर्गत दहालपाड़ा के अमरेन्द्रनाथ के घर में शरण लिए हुए हैं। 4 मार्च, 2004 को दिन के 2.30 बजे माणिकपुर पुलिस थाने के ओ/सी उप निरीक्षक गोलक सी एच डेका, उप निरीक्षक अरुण कुमार बोरा, यू.बी. कांस्टेबल 290 राखाल सूत्रधार, यू.बी. कांस्टेबल 54 मोहेश्वर बासुमतारी, 14वीं असम पुलिस बटालियन की एक सैक्शन तथा 16 के.रि.पु. बल 'ए' कम्पनी की एक प्लाटून ने आर.एन. शर्मा, निरीक्षक के नेतृत्व में इस सूचना पर विचार-विमर्श किया तथा माणिकपुर पुलिस थाने में योजना तैयार की। इस योजना के अनुसार 4 मार्च, 2004 को प्रातः 3 बजे एक संयुक्त अभियान चलाया गया। पुलिस तथा के.रि.पु.बल पार्टी प्रातः 3.30 बजे दाहल पाड़ा गांव में पहुंच गई तथा ज्यों ही सुरक्षा कार्मिकों ने अमरेन्द्र नाथ के मकान पर घेरा डाला उल्फा उग्रवादियों ने मकान के भीतर से गोलीबारी प्रारंभ कर दी। उन्होंने मकान के भीतर से पुलिस पार्टी पर एक चीनी हथगोला भी फेंका जो फट गया, परन्तु सौभाग्यवश घेरे में तैनात कोई भी जवान घायल नहीं हुआ। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलाई। मुठभेड़ 4/5 मिनट तक चली। उप निरीक्षक अरुण कुमार बोरा ने अपनी पिस्तौल से 6 राउंद चलाए। यू बी सी/54 मोहेश्वर बासुमतारी ने अपनी सर्विस ए.के. 47 से 2 राऊंद चलाए तथा कांस्टेबल/जी डी 901000735 जगतार सिंह ने अपने सर्विस हथियार से 2 राऊंद चलाए। गोलीबारी रूकने पर पुलिस ने घेरे को और कसा तथा उप निरीक्षक (यू बी) अरूण कुमार बोरा ने अनेक बार ऊंची आवाज में उनसे आत्म समर्पण करने को कहा। जब उग्रवादियों ने उप निरीक्षक अरुण कुमार बोरा का कोई उत्तर नहीं दिया तो यू बी सी/54-मोहेश्वर बासुमतारी तथा 16 'ए' कंपनी के.रि.पु.बल के कांस्टेबल सं0 901000735 जगतार सिंह ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए उस मकान में प्रवेश किया तथा अन्दर छिपे हुए एक उल्फा उग्रवादी को दबोच लिया, तथा उसे भागने नहीं दिया। इस उग्रवादी ने उनकी पकड़ से छूटने की बड़ी भारी कोशिश की। जब उग्रवादी अपने प्रयास में सफल नहीं हुआ तो उसने बचाव की अन्य कोई सूरत न देख कर मकान के भीतर एक चीनी हथगोले का विस्फोट कर दिया जिसके परिणामस्वरूप स्वयं उग्रवादी तथा के.रि.पु. बल जवान जगतार सिंह की तत्काल मृत्यु हो गई और उप निरीक्षक अरुण कुमार बोरा तथा यू बी सी 54 मोहेश्वर बासुमतारी गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में यू बी सी/54 मोहेश्वर बासुमतारी की घावों के कारण मृत्यु हो गई। मकान मालिक अमरेन्द्र नाथ तथा के.रि.पु. बल निरीक्षक आर एन शर्मा को मामूली सी चोटें आईं। बाद में मारे गए उग्रवादी की पहचान करन दास उर्फ दीसुंग भूटिया पुत्र सदादास, ग्राम कुमगुडी, पुलिस थाना बारपेटा रोड, जिला बारपेटा के रूप में हई। पी.ओ. की पूरी तरह तलाशी लेने पर एक प्लास्टिक कैप, जो विस्फोटित चीनी हथगोले की

हो सकती है, एक लीवर (मुड़ा हुआ) जिसके भी विस्फोटित चीनी हथगोले का होने का संदेह है, 9 एम एम गोला बारूद के 7 खाली केस, ए.के.47 राइफल की गोली का एक खाली केस, एस एल आर गोली बारूद का एक खाली केस बरामद हुआ । उप निरीक्षक अरूण कुमार बोरा, यू बी सी मोहेश्वर बासुमतारी तथा कांस्टेबल/जी डी जगतार सिंह अपने साथियों के प्राण बचाने में सफल रहे तथा अपने प्राणों की परवाह न करते हुए और अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन करके सशस्त्र उग्रवादी को गिरफ्तार करने में सफल हुए । वे उग्रवादी को सुरक्षा कार्मिकों के बीच हथगोला फेंकने से रोकने में सफल रहे । यदि उपर्युक्त अधिकारियों द्वारा पकड़े जाने से पूर्व उग्रवादी हथगोला फेंकने में सफल हो जाता तो निश्चित रूप से अनेक सुरक्षा कार्मिक मारे जाते। यू बी सी/54 मोहेश्वर बासुमतारी की मृत्यु अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में हो गई तथा एस आई (यू बी) अरूण कुमार बोरा को लोअर असम नर्सिंग होम बोंगई गांव की सलाह पर डाउन टाउन हॉस्पीटल गुवाहाटी में गंभीर अवस्था में स्थानांतरित किया गया । उप निरीक्षक अरुण कुमार बोरा, यू बी सी/54 मोहेश्वर बासुमतारी तथा के.रि.पु. बल 16वीं बटालियन के 'ए' कंपनी के कां0 901000735 जगतार सिंह ने, उच्चकोटि की बहादुरी, साहस, शौर्य का प्रदर्शन किया तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों की प्रतिबद्धता दर्शाई ।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री (दिवंगत) जगतार सिंह, कांस्टेबल, 16वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, (दिवंगत) महेश्वर बोसुमतारी, यू.बी. कांस्टेबल, असम पुलिस और अरूण कुमार बोरा, उप निरीक्षक (यू.बी.), असम पुलिस ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 मार्च, 2004 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 138-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राज कुमार,
उप निरीक्षक ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

12.01.2003 को स्पेशल स्टाफ, दक्षिण पश्चिम जिला, नई दिल्ली से संबद्ध उप निरीक्षक राजकुमार, सं. डी-3467 को एक स्रोत से गुप्त सूचना मिली कि जितेन्द्र शर्मा उर्फ हरीश शर्मा, पुत्र श्री जय लाल, निवासी बाग्ले की धर्मशाला, रेलवे स्टेशन के निकट, भिवानी, हरियाणा, जो दुर्दांत और हिंसक अपराधी है और हत्या के एक मामले में आजीवन दोष-सिद्ध अपराधी है तथा हिरासत से भागा हुआ है, के चांद नगर, तिलक नगर के निकट, दिल्ली में आने की संभावना है । उप निरीक्षक राजकुमार ने इस सूचना के बारे में आगे और जानकारियां हासिल की और एक विशिष्ट गुप्त सूचना के आधार पर अन्य अधिकारियों और लोगों के साथ मिलकर चांद नगर के मकान सं0 285 को घर लिया जिसमें उक्त अपराधी रह रहा था । उस आततायी ने उप निरीक्षक राज कुमार को देख कर उन पर गोलियां चलाईं । संभवतः इस अपराधी ने उप-निरीक्षक को पहचान लिया था क्योंकि 2002 में भी इसी उप-निरीक्षक ने उसे गिरफ्तार किया था । उप निरीक्षक राजकुमार ने इस भगोड़े अपराधी को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा लेकिन जितेन्द्र शर्मा ने उस मकान के अधखुले दरवाजे से अपने रिवाल्वर से गोलियां चलानी शुरू कर दीं और एक गोली उप निरीक्षक राजकुमार के सीने पर लगी तथा बुलैट प्रूफ जैकट पहने होने के कारण उसमें अटक गई । लेकिन अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उप निरीक्षक राज कुमार ने पलट कर गोली चलाई और उस आततायी को गोली मार कर गिरा दिया । वहां से उस आततायी को उठा कर दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया जहां उसे "मृत लाया गया" घोषित किया गया । असहाय होने से पहले जीतेन्द्र शर्मा ने पांच राउंड गोलियां चलाई थीं । जीतेन्द्र शर्मा नामक यह दुर्दांत अपराधी न केवल दिल्ली में बल्कि हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी आतंक का पर्याय बना हुआ था । ये राज्य उसके अपराध क्षेत्र थे और जहां पर उसका अपराधियों का एक नेटवर्क था जो उसके कहने पर कोई भी अपराध करने के लिए हमेशा तैयार रहते थे । दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए 20,000/- रू0 के पुरस्कार की घोषणा की हुई थी । जितेन्द्र शर्मा ने उन पुलिस अधिकारियों को भी धमकी दी थी जिन्होंने उसे इससे पहले गिरफ्तार किया था ।

इस मुठभेड़ में, श्री राज कुमार, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12 जनवरी, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 139-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. राजबीर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त । (वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
2. मोहन चंद शर्मा, निरीक्षक। (वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)
3. गोविंद शर्मा, उप निरीक्षक।
4. संजय दत्त, उप निरीक्षक।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

09.05.2002 को लश्कर-ए-तैयबा के तीन उग्रवादियों नामतः 1 शेख सज्जाद पुत्र गुलाम मोहम्मद शेख निवासी पत्शई बाग, लस्जान, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर, 2. मेहराजुद्दीन पीर उर्फ हिलाल पुत्र गुलाम अहमद, निवासी पुतु खाह मुकम, तहसील सोपोर, जिला बारामुला, जम्मू और कश्मीर और 3 फिरोज अहमद शेख पुत्र स्व0 मोहम्मद आमीन शेख निवासी अमर कॉलोनी ए, लेन सं0 4, लाल बाजार, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन क्षेत्र के निकट, को विस्फोटक और हवाला राशि सौंपते समय गिरफ्तार किया गया था । उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नकदी और सेल फोन बरामद किया गया था। अभियुक्तों से पूछ-ताछ की गई थी । फिरोज अहमद शेख ने बताया कि उसके दो साथी अबू बिलाल, जो लाल किले में हुई गोलीबारी में संलिप्त था और अबू जबीउल्लाह दोनों ही पाकिस्तान के राष्ट्रिक हैं और उनके पास अत्याधुनिक हथियार हैं और वे हुमायूं मकबरे की पार्किंग में उसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं । सहायक पुलिस आयुक्त राजबीर सिंह के नेतृत्व में एक दल उस स्थान पर पहुंचा जहां दो आतंकवादियों को अपनी कार के पास खड़े देखा गया था । जब पुलिस दल उन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बढ़ा तो उन्होंने पुलिस दल पर गोलियां चलाईं और गोली बारी जारी रखी । इसके जेबाब में पुलिस दल ने भी गालियां चलाईं और इस गोलीबारी में दोनों आतंकवादी मारे गए । मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान अबू बिलाल और अबू जबीउल्लाह के रूप में की गई । इस संबंध में दिनांक 10.05.2002 को पोटा की धारा 3/4/5, आई पी सी की धारा 186/353/307/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27 के तहत पुलिस स्टेशन, विशेष सैल (एस बी), नई दिल्ली में एफ आई आर सं0 9/2002 दर्ज की गई थी ।

श्री राजबीर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त:- ने पूरी कार्रवाई का निकट से पर्यवेक्षण किया और आगे बढ़ कर पुलिस दल का नेतृत्व किया। पाकिस्तान के आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान इन्होंने आतंकवादियों की कार के निकट तेजी से मोर्चा संभाल लिया । जब पुलिस दल ने आतंकवादियों को पकड़ने की कोशिश की तो दोनों ही खतरनाक आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । सहायक पुलिस आयुक्त राजवीर सिंह, प्रशिक्षित आतंकवादियों की गोलियों के बहुत ही नजदीक थे । लेकिन इसकी परवाह न करते हुए उन्होंने बड़ी निर्भीकता से आतंकवादियों का सामना किया और अपनी सर्विस रिवाल्वर से आतंकवादियों पर 7 राउंड गोलियां चलाई । इन्हें भी दुस्साहसी आतंकवादी की गोली लगी लेकिन अपनी बुलेट प्रूफ जैकेट के कारण ये बाल-बाल बच गए ।

श्री मोहन चन्द शर्मा, निरीक्षक:- ने उस पुलिस दल का नेतृत्व किया जिसने तीन आतंकवादियों नामतः 1. शेख सज्जाद, 2. मेहराजुद्दीन पीर उर्फ हिलाल और 3. फिरोज अहमद शेख को पहचाना और उन्हें गिरफ्तार किया । इन्हें विस्फोटक सामग्री और नकदी का अंतरण करने के बाद गिरफ्तार किया गया था । पाकिस्तान के आतंकवादियों के साथ

मुठभेड़ के दौरान मोहन चन्द शर्मा ने डी डी ए पार्क, हुमायूं मकबरे के निकट पार्क की गई कार के निकट अपना मोर्चा संभाला। जब पुलिस दल ने इन दुर्दांत आतंकवादियों को पकड़ने की कोशिश की तो दोनों ही आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलाई। निरीक्षक मोहन चन्द शर्मा ने प्रशिक्षित आतंकवादियों की गोलियों की बौछार का बहुत निकट से सामना किया। अपने जीवन की परवाह न करते हुए और साहस तथा दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए इन्होंने आतंकवादियों का बहादुरी से सामना किया और अपनी सर्विस रिवाल्वर से 6 राउंड गोलियां चलाई। एक दुस्साहसी आतंकवादी ने इन पर भी गोली चलाई जो इनके सीने में लगी लेकिन अपनी बुलेट प्रूफ जैकेट के कारण ये बाल-बाल बच गए।

श्री गोविंद शर्मा, उप निरीक्षक:- उस पुलिस दल के सदस्य थे जिसने पाकिस्तान के आतंकवादियों की गोलीबारी का सामना किया। पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान इन्होंने हुमायूं मकबरे की पार्किंग से सटे डी डी ए पार्क में तुरंत ही मोर्चा संभाल लिया। जब पुलिस दल ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को पकड़ने की कोशिश की तो दोनों दुर्दांत आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। पुलिस दल के अन्य सदस्यों के सहयोग से उप निरीक्षक गोविंद शर्मा ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए अबू जबीउल्लाह नामक पाकिस्तानी आतंकवादी, जो पार्क से भागने की कोशिश कर रहा था, का बहादुरी से मुकाबला किया। उप निरीक्षक गोविंद शर्मा ने असाधारण बहादुरी, साहस का परिचय देते हुए आतंकवादी का मुकाबला किया और अपनी सर्विस पिस्तौल से 6 राउंड गोलियां चलाईं। उस दुर्दांत आतंकवादी ने भी गोलियां चलाईं औरउसकी एक गोली इनके सीने में लगी लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट के कारण उनकी जान बच गई।

श्री संजय दत्त, उप निरीक्षक:- उस पुलिस दल के सदस्य थे जिसने पाकिस्तान के आतंकवादियों की गोलीबारी का सामना किया। पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान इन्होंने हुमायूं मकबरे की पार्किंग के साथ सटे डी डी ए पार्क में तुरंत ही मोर्चा संभाल लिया। जब पुलिस दल ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को पकड़ने की कोशिश की तो दोनों दुर्दांत आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। पुलिस दल के अन्य सदस्यों के सहयोग से उप निरीक्षक संजय दत्त ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए अबू जबीउल्लाह नामक पाकिस्तानी आतंकवादी, जो पार्क से भागने की कोशिश कर रहा था, का बहादुरी के साथ मुकाबला किया। उप निरीक्षक संजय दत्त, प्रशिक्षित आतंकवादियों के निकट ही गोलियों के निशाने पर थे और ये उनकी गोलियों से बाल-बाल बचे। अपने जीवन की परवाह किए बगैर उप निरीक्षक संजय दत्त ने असाधारण साहस और बहादुरी का परिचय दिया तथा अपनी सर्विस पिस्तौल से 4 राउंड गोलियां चलाईं। दुर्दांत आतंकवादी द्वारा चलाई गई एक गोली इनके सीने में लगी लेकिन पहनी हुई बुलेट प्रूफ जैकेट के कारण ये बच गए।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री राजवीर सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त, मोहन चंद शर्मा, निरीक्षक, गोविंद शर्मा, उप निरीक्षक और संजय दत्त, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9 मई, 2002 से दिया जाएगा।

करुण मित्रा
निदेशक

सं0 140-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अजीत सिंह,
हैड कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

अक्तूबर, 2002 में रघुवीर नगर में जरीना नामक एक किन्नर की हत्या हो गई थी जिसके संबंध में पुलिस स्टेशन राजोरी गार्डन में भारतीय दंड संहिता की धारा 302/436/108/120-ख के तहत एक मामला एफ आई आर संख्या 808/2002 दायर किया गया था । इस मामले में धर्मपाल, गीता, परवेज और मंजू उर्फ सोलंकी नामक चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था और ये चारों अभी भी न्यायिक हिरासत में हैं। 38 वर्षीय नीलम नामक एक किन्नर, जिसका अपने समाज में काफी प्रभाव था, इस मामले में प्रमुख गवाह थी तथा उसने इन अभियुक्तों को जमानत दिए जाने का बड़ी सक्रियता से विरोध किया था । यह मामला तीस हजारी कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री वी.पी. वैश की अदालत में लंबित था । चूंकि नीलम, अभियुक्तों को जमानत मंजूर करने का जोर-शोर से विरोध कर रही थी और गवाहों को भी सक्रियरूप से तैयार कर रही थी इसलिए अभियुक्तों को यह लगा कि वह जमानत लेने तथा दोषमुक्त होने में मुख्य रोड़ा है । नीलम को भी इस बात की जानकारी थी और उसे इन व्यक्तियों से जान के खतरे की भी आशंका थी। 28.04.2003 को श्री वी.पी. वैश, ए एस जे की अदालत में कोर्ट संख्या 119 में जमानत की सुनवाई के लिए यह मामला आया । नीलम अपने सहयोगियों (लगभग 20) के साथ पी पी तीस हजारी में आई थी और उनको इस आशय का आवेदन पत्र दिया कि उसे सुरक्षा प्रदान की जाए क्योंकि उसे इस बात की आशंका है कि उसे नुकसान पहुंचाया जा सकता है। नीलम के आवेदन पत्र पर कार्रवाई करते हुए प्रभारी पी पी तीस हजारी ने कांस्टेबल नंद किशोर को उनकी सुरक्षा में तैनात कर दिया तथा वह नीलम के साथ सुनवाई के लिए उसके साथ गया। सांय लगभग 3.15 बजे अदालत की कार्यवाही बंद होने के बाद जब नीलम, नंद किशोर के साथ अदालत के कमरे से बाहर आ रही थी तो एक आदमी ने बहुत नजदीक से उस पर गोली चलाई । उसने चार गोलियां चलाईं जिसमें से एक गोली नीलम के सिर में और दो उसकी पीठ में लगी, चौथी गोली नीलम की सुरक्षा के लिए तैनात कांस्टेबल की जांघ में लगी जिससे वह घायल हो गया । हैड कांस्टेबल अजीत सिंह, सं0 33/एन, जो श्री जे.पी. सिंह, जिला और सत्र न्यायाधीश के पी एस ओ के रूप में कार्य कर रहा है, हाकरों की सूची प्राप्त करने के बाद उसे पी पी तीस हजारी को प्रस्तुत करने आ रहा था । यह सूची उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में ए डी जे की इच्छानुसार प्रस्तुत की जानी थी । जब पहली गोली चली तो वह अदालत सं0 107 के सामने था । लेकिन प्रशिक्षित कार्मिक की स्वाभाविक प्रतिक्रिया स्वरूप इन्होंने अपनी पिस्तौल निकाली और अपनी जान की परवाह न करते हुए तत्काल ही उस हमलावर की ओर लपके जो लगातार गोलियां चला रहा था। हैड कांस्टेबल ने बड़ी सूझ-बूझ का परिचय दिया और हमलावर का वह हाथ पकड़ लिया जिसमें उसने पिस्तौल पकड़ा हुआ था। इसी बीच हमलावर ने चौथी गोली भी चला दी । इस चौथी गोली का खाली शैल हैड कांस्टेबल के सीने में लगा जिससे इन्हें काफी चोट लगी। उनके इस हस्तक्षेप के कारण मृतक किन्नर के सुरक्षा कर्मी कांस्टेबल नंद किशोर की जांघ में ही

गोली लगी अन्यथा वह इससे गंभीर रूप से घायल हो सकते थे । फिर हैड कांस्टेबल अजीत सिंह ने मैगजीन के कैच को दबाया जिससे मैगजीन ढीला हो गया जिसके कारण पिस्तौल से और गोलीबारी नहीं हो सकी। इसके बाद इन्होंने हमलावर से हथियार छीन लिया तथा उसे अपने काबू में कर लिया । ये उसे तुरंत ही पुलिस चौकी में ले आये ताकि घटनास्थल पर स्थिति बिगड़ने न पाये । यह उनके कर्तव्य से परे का कृत्य था और इस साहसपूर्ण कृत्य से पुलिस बल की प्रशंसा हुई । बाद में इस हत्यारे की पहचान मणि गोपाल उर्फ श्री गोपाल (28 वर्ष) के रूप में हुई जो नजफगढ़ क्षेत्र का बेरोजगार युवक था जिसे अपराधियों ने नीलम की हत्या करने के लिए भाड़े पर लिया था ताकि वह अदालत में उनके विरूद्ध गवाही न दे सके तथा दूसरा पक्ष भी कमजोर पड़ जाए क्योंकि वह जमानत के मामले में उन्हे परेशान कर रही थी । हमलावर के पास चीन में निर्मित आधुनिक पिस्तौल थी जिससे चार गोलियां चलाने के बाद उसमें चार राउंड गोलियां बची थीं ।

इस मुठभेड़ में, श्री अजीत सिंह, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 अप्रैल, 2003 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 141-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, गुजरात पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आर.वी. असारी,
पुलिस उप अधीक्षक।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री आर.वी. असारी, एस डी पी ओ दाहूद, दाहूद ग्रामीण पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 395, 397 के तहत दर्ज आई सी आर सं0 140/02 मामले की जांच-पड़ताल करने के बाद तीन पुलिस कांस्टेबलों के साथ एक निजी कार में भरुच से राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 8 से लगभग 1900 बजे लौट रहे थे। कर्जन से गुजरते समय उन्होंने अचानक देखा कि वहां पर यातायात अवरूद्ध हो गया है और कुछ कुख्यात हिंसक बदमाश लाठियों और खतरनाक हथियारों से लैस हैं और वे लोगों को लूटने की कोशिश कर रहे हैं । श्री असारी सौंपे गए कार्य के अतिरिक्त उन असहाय लोगों की सहायता के लिए भी आगे आए। यद्यपि, उनके पास सीमित पुलिस बल था तो भी लोगों का जीवन खतरे में पड़ा देख कर इन्होंने अपनी सर्विस पिस्तौल से दो राउंड गोलियां चलाई जिससे एक बदमाश घायल हो गया और गोलीबारी की आवाज़ सुन कर बाकी बदमाश निकट के खेतों की ओर भाग खड़े हुए। घायल व्यक्तियों से पूछ-ताछ करने पर पता चला कि वह घायल बदमाश और कोई नहीं बल्कि राजमार्ग पर लूट-पाट करने वाले गैंग का मुखिया अल्लारखा उर्फ सुलेमान काटियो है । सुलेमान काटियो की गिरफ्तारी से राजमार्ग पर हुई लूट-पाट की 12 घटनाओं और एक हत्या के मामले का पता चला । इस प्रकार श्री असारी के अदम्य साहस और निर्भीकता के कारण वांछित दुर्दांत अपराधी गिरफ्तार किया जा सका । पुलिस उप अधीक्षक श्री आर.वी. असारी की अनुकरणीय निर्भीकता और साहसपूर्ण प्रयासों से राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 8 पर असहाय लोग घायल होने और लुटने से बच गए । यह कार्य उक्त अधिकारी ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर सीमित पुलिस बल के साथ अकेले कर दिखाया।

इस मुठभेड़ में, श्री आर.वी. असारी, पुलिस उप अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 सितम्बर, 2002 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 142-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राम कुमार,
सहायक उप निरीक्षक।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

23.5.2003 को एक विचारणाधीन कैदी अनूप सिंह पुत्र श्री सूरत सिंह, जाति-जाट, निवासी-मित्रो और विनोद कुमार को जिला न्यायालय रोहतक में पेश करने के लिए एक पुलिस दल को बोस्टल और जिला जेल सोनीपत में तैनात किया गया था । उन्होंने पुलिस वाहन जुडिशियल कांप्लेक्स के सामने खड़ा किया जहां पर जींद जिले का एक सरकारी वाहन पहले से खड़ा था । सुबह लगभग 11.45 बजे जब अभियुक्त अनूप सिंह ने शौचालय जाने की इच्छा जाहिर की तो सहायक उप निरीक्षक राम कुमार, प्रभारी एस्कार्ट गार्ड अपने साथियों ई एच सी राज सिंह, सं0 6/आर टी के, जिसने अभियुक्त का हाथ पकड़ा हुआ था, कांस्टेबल अशोक कुमार सं0 706/आर टी के, सतेन्द्र सं0 809/आर टी के, सुचा सिंह, सं0 842/आर टी के और कांस्टेबल रघु नाथ सं0 867/आर टी के उक्त अभियुक्त को भू-तल पर ले आए लेकिन भू-तल का शौचालय ताला बंद पाया गया । जब पहली मंजिल में जाने के लिए वे आधी सीढ़ियां ही चढ़ पाए थे कि अचानक पहली मंजिल से अभियुक्त अनूप सिंह और पुलिस दल पर गोलीबारी होने लगी। इन गोलियों से ई एच सी राज सिंह सं0 6/आर टी के और अभियुक्त अनूप सिंह घायल हो गए। अभियुक्त अनूप सिंह तथा पुलिस कार्मिकों को बचाने के उद्देश्य से सहायक उप निरीक्षक राम कुमार सं0 97/आर आर ने तत्काल हमलावरों पर पलट कर गोलियां चलाईं । कुछ हमलावर लोगों पर गोलियां चलाते हुए बच निकले । इस बारे में उन कार्मिकों के विरूद्ध पृथक रूप से विभागीय कार्रवाई की जा रही है जिन्होंने अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरती और कायरता दिखाई । सहायक उप निरीक्षक राम कुमार ने एक हमलावर को पकड़ लिया जिसकी पहचान बाद में मुकेश पुत्र श्री हंस राज, जाति-जाट, निवासी-घेवरा, थाना-कंझावला, नई दिल्ली के रूप में की गई । सहायक उप निरीक्षक राम कुमार ने इस घटना के बारे में एस्कार्ट वाहन से तुरंत ही पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित किया । समय पर सूचित किए जाने से भाग रहे दो हमलावर पकड़ लिए गये, जिनकी पहचान बाद में कप्तान सिंह पुत्र श्री रणवीर सिंह उर्फ रण सिंह, जाति-रोड़, निवासी-रंगरूटी खेड़ा, थाना आसंध, जिला करनाल के रूप में की गई जिसे गोलीबारी के दौरान सहायक उप निरीक्षक राम कुमार सं0 97/आर आर ने गोली मार कर घायल कर दिया था । पकड़े गए इसके दूसरे साथी का नाम जोगिन्द्र सिंह, उर्फ गोला, पुत्र श्री नफे सिंह, जाति-जाट, निवासी-लाडपुर, थाना-कंझावला (दिल्ली) था । न्यायालय के अहाते में गोलीबारी के बारे में 23.5.2003 को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 333, 353, 148, 186 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत सिविल लाइन्स थाने में एफ आई आर सं0 264 के तहत एक मामला दर्ज किया गया । इस घटना के दौरान सहायक उप निरीक्षक राम कुमार सं0 97/आर आर ने असाधारण साहस का परिचय देते हुए अपने सहयोगी कार्मिकों और अभियुक्त मुकेश को तुरंत ही पी जी आई एम एस, रोहतक भेज दिया । इस प्रकार एस्कार्ट के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक राम कुमार सं0 97/आर आर ने असाधारण साहस, तत्परता और विश्वसनीयता का परिचय देते हुए पुलिस

अधिकारियों, अनूप गिरोह के अन्य अभियुक्तों की जान बचाई, भाग रहे अभियुक्त मुकेश को पकड़ा, पुलिस नियंत्रण कक्ष को समय पर सूचित किया तथा घायल पुलिस अधिकारियों और अभियुक्त मुकेश को पी जी आई एम एस, रोहतक भेज दिया ।

इस मुठभेड़ में, श्री राम कुमार, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 मई, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 143-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. शकील अहमद, कांस्टेबल। (मरणोपरांत)
2. जतिन्दर सिंह चिब, पुलिस उप निरीक्षक।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

2 सितम्बर, 2003 को दारा सांगला, जिला पुंछ में आतंकवादी कमांडरों की बैठक के संबंध में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई और उसके पश्चात उस क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई और घर-घर की तलाशी ली गई। इस कार्रवाई के दौरान, पुलिस पार्टी जब उस निर्दिष्ट घर की ओर बढ़ रही थी तब अचानक चार आतंकवादी उस घर से बाहर निकले और अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी जिसके परिणामस्वरुप कांस्टेबल शकील अहमद सं. 928/पी सहित चार पुलिस कार्मिक गोलियाँ लगने से जख्मी हो गए। घायल होने के बावजूद, जवानों ने जवाबी गोलीबारी की। आतंकवादी जवानों पर गोलीबारी करते हुए पास ही के जंगल की ओर भागने का प्रयास कर रहे थे। पी एस आई जतिन्दर सिंह चिब सं. 7251/एन जी ओ ने कुशल नेतृत्व का परिचय दिया और अपने साथियों को एकजुट बनाए रखा। इन्होंने आतंकवादियों के बचकर बाहर निकलने के दोनों रास्तों को बंद करने के लिए 20 लोगों के अपने छोटे से दल को दो भागों में बांट दिया। यह देखने पर कि दो आतंकवादी दाहिनी तरफ से बाहर निकलने के रास्ते से भागने का प्रयास कर रहे हैं, पी एस आई ने अपनी जान की परवाह न करते हुए उनका पीछा किया। गोलियों और ग्रेनेडों का बहादुरी से सामना करते हुए पी एस आई चिब ने उन दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। इसके अलावा, यह देख कर कि पी एस ओ इमरान खान सं. 254/एस पी ओ, जिन्होंने गोलीबारी करके दो आतंकवादियों को उलझा रखा था, के शरीर से बुरी तरह से खून बह रहा है, और ए.के. राइफल पर उनकी पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है, तो इस अधिकारी ने उसे घसीट कर पास के पेड़ के पास पहुंचाया और बाद में उसे अस्पताल ले जाने हेतु उठाकर सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया। इस मुठभेड़ में 5 आतंकवादी मार गिराए गए तथा कांस्टेबल शकील अहमद सं. 928/पी ने अपने जीवन का बलिदान दिया। मारे गए आतंकवादियों से निम्नलिखित चीजें बरामद की गईं :-

1.	ए.के. 47 राइफल	-	5 नग (क्षतिग्रस्त)
2.	ए.के. मैगजीन	-	9 नग (क्षतिग्रस्त)
3.	रेडियो सेट	-	1 नग (क्षतिग्रस्त)
4.	हैंड ग्रेनेड	-	6 नग (घटना स्थल पर नष्ट कर दिए गए)

इस मुठभेड़ में, दिवंगत शकील अहमद, कांस्टेबल और श्री जतिन्दर सिंह चिब, पी एस आई ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 सितम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 144-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राजेश कुमार, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

11.7.2003 को गांव बनोटा, तहसील मेन्धर, पुंछ में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर, पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। घेराबंदी/तलाशी अभियान के दौरान, झाड़ियों और मक्का की फसल में छिपे आतंकवादियों ने आपरेशन पार्टी को देख कर, उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी जिसके परिणामस्वरुप कांस्टेबल राजेश कुमार सं. 367/पी सहित आपरेशन पार्टी के कुछेक सदस्य जख्मी हो गए। उक्त कांस्टेबल, गोली लगने और शरीर से बुरी तरह रक्त बहने के बावजूद रेंगते हुए आगे बढ़े और अपने जख्मी साथियों में से एक नामत: कांस्टेबल सैफ अहमद सं. 933/पी, जो भारी गोलीबारी के बीच फंसे हुए थे, को घसीट कर सुरक्षित जगह पर ले आए तथा आंतकवादियों पर निरंतर गोलीबारी करते रहे। जब गोलीबारी चल रही थी उसी समय उन्होंने पास ही से एक आतंकवादी को भागते हुए देखा। यद्यपि, अत्यधिक रक्त बह जाने के कारण उनके हाथ कांप रहे थे, फिर भी वे किसी तरह से उसे गोली मारने में सफल हो गए और उसे घायल कर दिया। बाद में वे कोमा में चले गए और जख्मों के कारण दम तोड़ दिया। निम्नलिखित चीजें बरामद की गईं :-

1.	ए के-47 राइफल	-	1 नग
2.	ए के मैगजीन	-	2 नग
3.	हैंड ग्रेनेड	-	2 नग
4.	ए.के. राउंद	-	30 नग
5.	मैगजीन पाऊच	-	1 नग

इस मुठभेड़ में, दिवंगत राजेश कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया और सेवा की उच्चतम परंपरा को बनाए रखते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 जुलाई, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 145-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नीरज चरक, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

2.7.2003 को, गांव कादिपोड़ा, पाखेरपोड़ा, बडगाम में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, एक संयुक्त तलाशी और घेराबंदी अभियान चलाया गया। सोना भट, निवासी कादिपोड़ा के घर में छिपे हुए आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने हेतु कहा गया लेकिन उन्होंने इस बात पर कोई ध्यान नहीं दिया और तलाशी पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी जिसके जवाब में जवानों ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और एक भीषण मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में, कांस्टेबल नीरज चरक सं. 345/आई आर पी, चौथी बटालियन, अपनी जान की परवाह न करते हुए आतंकवादियों के छिपने के स्थल की ओर बढ़े और एच एम गुट के कुख्यात आतंकवादी नामत: शब्बीर अहमद डार को मार गिराया और इस कार्रवाई में वे गोलियां लगने से गंभीर रुप से जख्मी हो गए और बाद में उन्होंने जख्मों के कारण घटनास्थल पर दम तोड़ दिया। निम्नलिखित चीजें बरामद की गई :-

1.	ए के- 47 राइफल	-	1 नग
2.	ए के मैगजीन	-	3 नग
3.	ए के गोलाबारुद	-	20 राऊंद

इस मुठभेड़ में, दिवंगत नीरज चरक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 जुलाई, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 146-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री करण सिंह, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

14.6.2003 को, पुलिस अधीक्षक पुंछ को, पुलिस स्टेशन सूरनकोट के अधिकार-क्षेत्र में आने वाले हरी मरहोते में जे ई एम, अल-बदर और एच एम के उग्रवादी कमांडरों की मौजूदगी के संबंध में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई, जो अल्पसंख्यकों, सेना प्रतिष्ठानों इत्यादि पर हमला करने की रणनीति पर विचार-विमर्श करने के लिए एक बैठक कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक पुंछ तत्काल पुलिस पार्टी के साथ घटनास्थल की ओर रवाना हुए। आतंकवादियों के छिपने के अड्डे पर पहुँचने पर, ये आतंकवादियों, जो लाभकारी पोजीशनों पर कब्जा जमाए हुए थे, द्वारा की गई भारी गोलीबारी के बीच में आ गए। अधुनातन हथियारों से लैस आतंकवादी तीन विभिन्न घरों से गोलीबारी कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक पुंछ ने, स्थिति का आकलन करते हुए, पुलिस पार्टी को 3 टुकड़ियों में बांट दिया, जिसमें से एक का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक कर रहे थे और अन्य दो का नेतृत्व उपाधीक्षक पुलिस कर रहे थे। उस टुकड़ी, जिसका नेतृत्व श्री अशोक शर्मा, उपाधीक्षक पुलिस कर रहे थे, का कार्य काफी कठिन था। उन्होंने अपने ग्रुप को दो उप-दलों में बांट कर घरों की तलाशी शुरु कर दी। वह दल जिसमें उपाधीक्षक पुलिस अशोक शर्मा, कांस्टेबल करण सिंह सं. 298/पी और कांस्टेबल जसप्रीत सिंह सं. 775/पी थे, जब मोहम्मद सादिक सुपुत्र अब्दुल करीम, निवासी मरहोते के घर की तलाशी ले रहे थे, तभी वे छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी की जद में आ गए और कांस्टेबल करण सिंह सं. 298/पी सीने में गोलियां लगने से जख्मी हो गए और उनके शरीर से तेजी से रक्त बहने लगा। उन्हें उपचार हेतु ले जाया गया लेकिन उन्होंने जख्मों के कारण रास्ते में ही दम तोड़ दिया। तत्पश्चात पुलिस पार्टी द्वारा लक्षित घर को चारों दिशाओं से कवर कर लिया गया और छिपे हुए उग्रवादी अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए उस घर से बाहर निकल आए और भागने का प्रयास करने लगे लेकिन वे सतर्क पुलिस कर्मियों द्वारा मार गिराए गए। इस संपूर्ण ऑपरेशन में पुलिस पार्टी द्वारा कुल 10 उग्रवादी मार गिराए गए।

बरामद किया गया शस्त्र/गोलाबारुद निम्न प्रकार है :

(i)	ए के-47 राइफल	-	7 नग
(ii)	ए के मैगजीन	-	21 नग
(iii)	पिका गन	-	1 नग
(iv)	लिंक पिका	-	1 नग
(v)	पिका गोलाबारुद	-	200 राउंद
(vi)	मैगजीन 200 के साथ पिस्तौल	-	1 नग
(vii)	यू बी जी एल थ्रोअर	-	1 नग
(viii)	यू बी जी एल ग्रेनेड	-	4 नग
(ix)	रॉकेट	-	1 नग

इस मुठभेड़ में, दिवंगत करण सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 जून, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मिश्रा

(वरूण मिश्रा)
निदेशक

सं0 147-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एस एम सहाय, भा.पु.से. उपमहानिरीक्षक ।
2. अब्दुल अजीज, कांस्टेबल सं. 519/पी ।
3. शरबत हुसैन शाह, कांस्टेबल सं. 719/पी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

पुंछ जिले के सूरनकोट में मोहरा बछाई क्षेत्र में कट्टर आतंकवादियों की आवाजाही के संबंध में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर 31 अक्तूबर, 2003 को श्री एस एम सहाय, उप महानिरीक्षक पुंछ, राजौरी रेंज ने पुलिस स्टेशन सूरनकोट के एस एच ओ और अपने अन्य जवानों के साथ एक अभियान की योजना बनाई। जब यह अधिकारी और इनके साथी लक्षित घर की ओर बढ़ रहे थे (खड़ी चढ़ाई और उबड़-खाबड़ भू-भाग की अलाभकारी स्थिति होने के बावजूद), तब पुलिस पार्टी को छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी का सामना करना पड़ा। पुलिस पार्टी, भारी गोलीबारी के बीच, लक्षित घर तक पहुँचने में कामयाब हो गई। वह पुलिस पार्टी, जिसका नेतृत्व उप महानिरीक्षक कर रहे थे, को इस कार्रवाई के दौरान जान और माल को बचाने के लिए अत्यधिक संयम बरतना पड़ा। श्री सहाय ने पुलिस पार्टी को दो ग्रुपों में बांट दिया, एक का नेतृत्व एस एच ओ कर रहे थे और दूसरे ग्रुप की कमान स्वयं अपने हाथ में ले ली जो सामने की ओर से घर की तरफ बढ़ा। इसे ध्यान में रखते हुए कि आतंकवादी बच कर न भाग पाए, गोलीबारी आधे घंटे तक जारी रही। मुठभेड़ के दौरान, श्री सहाय और उनके साथ गए कांस्टेबल अब्दुल अजीज 519/पी ने दो उग्रवादियों को पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए बच कर भागने का प्रयास करते देखा। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए इन्होंने जवाबी गोलीबारी की और दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। तब तक घटनास्थल पर सेना भी पहुँच गई और उन्होंने अंदर छिपे हुए अन्य चार उग्रवादियों को ठिकाने रखा। गोलीबारी के दौरान, दो और उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए घेराबंदी से निकल कर भागने का प्रयास किया। इस पर कांस्टेबल शरबत हुसैन शाह सं. 719/पी और उनके साथ शामिल सेना की टुकड़ी ने जवाबी गोलीबारी की। इस मुठभेड़ में, सेना के एक जे सी ओ नामतः सूबेदार अजय सिंह जे सी ओ-488513, अपने प्राण न्यौछावर करने से पहले आतंकवादियों को मारने में कामयाब हो गए। मुठभेड़ पूरी रात भर चलती रही और अगली सुबह अन्य दो उग्रवादी भी मारे गए। कांस्टेबल शरबत हुसैन शाह, ने अंतिम दो आतंकवादियों का आमने-सामने मुकाबला करने में असाधारण साहस का परिचय दिया और उन्हें मार गिराने में सफल हुए। इस अभियान में, 6 उग्रवादी मारे गए। निम्नलिखित शस्त्र/गोलाबारुद बरामद किया गया :

(1) ए के -56 राइफल	6 नग	(8) पिका गोलाबारुद	385 नग
(2) ए के 56 मैगजीन	8 नग	(9) आर डी एक्स	10 किलो(नष्ट)
(3)ए के-47 गोलाबारुद	81 नग	(10) आर पी जी बस्टर चार्जर	10 किलो(नष्ट)
(4) हैंड ग्रेनेड	14 नग(नष्ट)	(11) आर एस एंटीना	6 नग
(5) यू बी जी एल ग्रेनेड	35 नग(नष्ट)	(12) आर पी जी राउंद	3 नग(नष्ट)
(6)आर एस एलिन्को	2 नग(नष्ट)	(13) स्निपर साइट केस	1 नग
(7) पिका गन	2 नग		

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री एस एम सहाय, उप महानिरीक्षक, अब्दुल अजीज, कांस्टेबल और शरबत हुसैन शाह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31 अक्तूबर, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 148-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1)	फारुख अहमद, भा.पु.से., उप महानिरीक्षक।	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
(2)	बाल कृष्ण कौल, एस जी कांस्टेबल।	(मरणोपरांत)
(3)	अशोक कुमार,एस जी कांस्टेबल।	
(4)	कुंज लाल, कांस्टेबल।	

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

30 नवम्बर, 2003 को सूचना प्राप्त हुई कि दो आतंकवादी पौनी चाक के समीप देखे गए और जब उन्हें रुकने का संकेत दिया गया तब उन्होंने पुलिस चौकी के संतरी पर गोली चला दी। पूरे जम्मू शहर में सावधान रहने की चेतावनी दी गई और स्कूटर पर सवार इन आतंकवादियों की तलाश शुरु कर दी गई। सिटी पुलिस की घेराबंदी और नाका से निकलने का प्रयास करने के दौरान, आतंकवादियों ने उठाए गए स्कूटर को गोले गुजराल के निकट पटक दिया और बंदूक की नोक पर एक छोटे से माल वाहक वाहन पर चढ़ गए और चालक को सिधरा की ओर चलने के लिए विवश किया जहाँ उन्होंने एक वरिष्ठ भारतीय प्रशासन सेवा के अधिकारी श्री के बी पिल्लै को ले जा रही एक अम्बेस्डर कार पर गोलीबारी की। इस गोलीबारी के परिणामस्वरुप, उनका पी एस ओ और चालक घायल हो गए। अब तक पुलिस ने संपूर्ण क्षेत्र की घेराबंदी कर ली थी जिसके परिणामस्वरुप आतंकवादियों ने महा माया जंगल में आश्रय ले लिया। फारुक अहमद, उप महानिरीक्षक जम्मू रेंज और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जम्मू के नेतृत्व में विभिन्न पुलिस पार्टियों ने आतंकवादियों को खोजने का प्रयास किया लेकिन घने झाड़-पत्तों के कारण उन्हें ढूँढ़ने में कामयाब नहीं हो सके। उसी समय पुलिस नियंत्रण कक्ष जम्मू से श्वान दस्ते की मांग की गई। एस जी कांस्टेबल बाल कृष्ण कौल सं. 25/सी आर और कांस्टेबल अशोक कुमार सं. 203/सी आर को खोजी श्वान "हीरो" के साथ उस घेराबंदी स्थल पर तैनात किया गया जहाँ आतंकवादी छिपे हुए थे। खोजी श्वान और उसे संभालने वाले दो व्यक्ति बेझिझक उप महानिरीक्षक जम्मू रेंज के नेतृत्व वाली तलाशी पार्टी में शामिल हो गए। यहाँ इस बात का उल्लेख करना सार्थक होगा कि श्वान को संभालने वाले ये दोनों व्यक्ति आते ही तत्काल काम में जुट गए और अपनी जान की परवाह न करते हुए वास्तव में ये ही तलाशी पार्टी को दुर्गम उबड़-खाबड़ जंगल में ले गए। जैसे ही श्वान ने छिपे हुए आतंकवादियों का पता लगाया वैसे ही उप महानिरीक्षक जम्मू और पार्टी घने जंगल के भीतरी भाग की ओर तेजी से आगे बढ़ी। श्वान "हीरो" के साथ पुलिस पार्टी को आगे बढ़ते देख आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंके और उसके पश्चात ए के-47 से तेजी से गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरुप श्वान "हीरो" और उसे संभालने वालों में से एक, एस जी कांस्टेबल बाल कृष्ण कौल सं. 25/सी आर घटनास्थल पर ही मारे गए जबकि कांस्टेबल अशोक कुमार सं. 203/सी आर और कांस्टेबल कुंज लाल सं. 2417/जे गोलियां लगने से घायल हो गए। उप महानिरीक्षक जम्मू रेंज को भी किरचें लगने से 5 घाव हो गए। पार्टी कर्मियों के हताहत होने के बावजूद, घायल लोगों सहित कोई भी कर्मी भयभीत नहीं हुआ और वे युद्ध भूमि पर डटे रह कर जवाबी गोलीबारी करते हुए आतंकवादियों का मुकाबला करते रहे। जवाबी गोलीबारी के कारण आतंकवादियों को वहाँ से भागने पर विवश कर दिया जिसके परिणामस्वरुप घायलों को मुठभेड़ स्थल से हटा लिया गया। अतिरिक्त कुमुक मंगाई गई और अंत में दो आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया। निम्नलिखित शस्त्र/गोलाबारुद, बरामद किया गया :-

(i)	ए के-47 राइफल	-	2 नग
(ii)	ए के-47 मैगजीन	-	6 नग
(iii)	ए के-47 राऊंद	-	9 नग
(iv)	7.62 एम एम चीनी पिस्तौल	-	2 नग (2 पिस्तौल मैगजीन और पिस्तौल के 22 राऊंद सहित)
(v)	चीनी हैंड ग्रेनेड	-	3 नग
(vi)	होलिस्टर पिस्तौल	-	1 नग

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री फारुख अहमद, उप महानिरीक्षक, दिवंगत बाल कृष्ण कौल, एस जी कांस्टेबल, अशोक कुमार,एस जी कांस्टेबल और कुंज लाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 नवम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 149-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. समीर पंडिता, कांस्टेबल।
2. आशिक हुसैन, एस.जी. कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

बोनीयर, मलिक मोहल्ला, कालाक्स (कुपवाड़ा) में आतंकवादी गतिविधियां समन्वित करने/अति विशिष्ट व्यक्तियों/सुरक्षा बलों की आवा-जाही के दौरान तोड़-फोड़ करने और जिले में आतंक फैलाने के लिए, भाड़े के विदेशी सैनिकों के एक दल के एकठ्ठा होने के संबंध में विशेष सूचना प्राप्त होने पर 12/13.09.2003 को गांव में एक संयुक्त तलाशी ऑपरेशन चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान गांव में छिपे हुए आतंकवादियों ने जवानों की गतिविधियां देखने के बाद तलाशी दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी और लगातार हथगोले फैंके। जवानों के हताहत होने की आशंका के कारण, जब वहां कोई और विकल्प नहीं रहा तो उप पुलिस अधीक्षक बी.के. भट्ट ने एस.जी. कांस्टेबल आशिक हुसैन सं. 1027/पी और कांस्टेबल समीर पंडिता सं. 556/आई आर पी, 6ठी बटालियन के साथ रेंगकर मक्के के खेत की तरफ आगे बढ़े, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। इसी बीच, दो "फिदायिन" आतंकवादी मक्के के खेत से बाहर आए और समीप आ गए तलाशी दल की तरफ लगातार अंधाधुंध गोलीबारी और हथगोले फेंकते हुए आगे बढ़े। इन आतंकवादियों को देखते ही तलाशी दल ने उच्च कोटि के कौशल के साथ जवाबी कार्रवाई की और उन्हें उसी स्थान पर मार गिराया। एक आतंकवादी जो मक्के के खेत में छिपा हुआ था, वह बच कर नजदीक के निर्मित क्षेत्रों की तरफ भागा परन्तु पुलिस दल ने अपनी जान की परवाह न करते हुए उसका पीछा किया और उसे भी वहीं ढेर कर दिया। मृत आतंकवादियों से निम्नलिखित मदें/वस्तुएं प्राप्त हुईं:-

(क)	ए के राइफल	03
(ख)	ए के राउंड	145
(ग)	ए.के. मैगजीन	09
(घ)	हैंड ग्रेनेड	05 (मौके पर ही नष्ट कर दिए गए)
(ड.)	यू बी जी एल ग्रेनेड	04 (मौके पर ही नष्ट कर दिए गए)
(च)	यू बी जी एल	01
(छ)	रेडियो सेट	01 (क्षतिग्रस्त)

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री समीर पंडिता, कांस्टेबल और आशिक हुसैन, एस.जी. कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13 सितम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 150-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रवि सिंह,
पुलिस उप निरीक्षक ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

उद्यमपुर जिले के सलबाला, गूल क्षेत्र में कट्टर आंतकवादियों की उपस्थिति के संबंध में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, 19.09.2003 को उप पुलिस अधीक्षक (ओप्स) के पर्यवेक्षण में एस टी एफ़ गूल द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरु किया गया। तलाशी अभियान के दौरान, आंतकवादियों ने तलाशी दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी, जिसके प्रत्युत्तर में कारगर कार्रवाई की गई और मुठभेड़ शुरु हो गई। पुलिस उप निरीक्षक रवि सिंह सं. 7796/एन जी ओ ने एक छोटी सी क्रैक टीम का नेतृत्व किया जो लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए भारी गोलीबारी के बीच आ गई। इन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए अदम्य साहस और बड़ी चुतराई से आतंकवादियों की गोलियों से बचते बचाते और सूझ-बूझ का परिचय देते हुए उन्हें नजदीकी गोलीबारी में उलझाए रखा और इस कार्रवाई के दौरान तीन आतंकवादियों, जिनमें एक लश्करे-ए-तैय्यबा का गूल क्षेत्र का क्षेत्र कमांडर भी था, को उसी स्थान पर मार गिराया। मृत आतंकवादियों के कब्जे से निम्नलिखित शस्त्र/गोला बारुद बरामद किया गया:-

1.	ए.के. 47 राइफल	01 नग
2.	ए.के. 56 राइफल	01 नग
3.	ए.के. मैगजीन	03 नग
4.	ए.के. गोला बारुद	135 राउंद
5.	हैंड ग्रेनेड	02 नग
6.	राकेट	02 लांचर के साथ
7.	पाकेट डायरी	04 नग

इस मुठभेड़ में, श्री रवि सिंह, पुलिस उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 19 सितम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 151-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, कर्नाटक पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री बाबू नोरोंहा,
निरीक्षक ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

12.10.2003 को सुबह लगभग 3 बजे श्री बाबू नोरोंहा, पुलिस निरीक्षक, जो रात्रि राउन्ड पर थे, को राममूर्ति नगर पुलिस स्टेशन के निरीक्षक से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि कोलार गोल्ड फील्ड्स का दुर्दान्त अन्तरराज्यीय अपराधी साग्याम, राममूर्ति नगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत अन्नैया रेड्डी में निर्माणाधीन इमारत में छिपा हुआ है और आग्नेयास्त्रों से लैस है। पुलिस निरीक्षक श्री बाबू नोरोंहा, राममूर्ति नगर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक की सहायता करने के लिए तुरंत उस स्थान की ओर रवाना हुए। उस समय, भारी वर्षा के कारण मौसम बहुत खराब था और हवा बहुत तेजी से चल रही थी। राममूर्ति नगर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक और पुलिस दल के साथ श्री बाबू नोरोंहा ने उस इमारत की पहचान कर ली जिसमें वह दुर्दान्त अपराधी छिपा हुआ था। वह इमारत बिल्कुल अंधेरे में थी तथा इसके चारों और अनेक खाली भूखण्ड थे, जिनमें जंगली पेड़-पौधे उगे हुए थे जिसकी वजह से वह अपराधी के छिपने के लिए उपयुक्त ठिकाना बन गया था। मौसम भारी वर्षा के कारण लगातार खराब होता जा रहा था। अपनी जान की परवाह न करते हुए पुलिस निरीक्षक श्री बाबू नोरोंहा ने उस निर्माणाधीन इमारत की ओर पुलिस दल का नेतृत्व किया जिसमें दुर्दान्त अपराधी साग्यामा छिपा हुआ था। पुलिस दल को उसी इमारत में साग्याम के छिपे हुए अन्य साथियों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। कोलार गोल्ड फील्ड्स कोलार, तमिलनाडु और बंगलौर की पुलिस इस दुर्दान्त अपराधी साग्याम के पीछे जोर शोर से पड़ी हुई थी जो हमला करने, हत्या के प्रयास करने, लूटमार, डकैती और हत्या के 37 से अधिक गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त था। यह दुर्दान्त अपराधी साग्याम 1993 में कोलार गोल्ड फील्ड्स की पुलिस द्वारा टाडा के अंतर्गत भी पकड़ा गया था। वह पुलिस से छिपता फिर रहा था और पहले भी कई बार पुलिस शिकंजे से बच निकला था। इसलिए, पुलिस निरीक्षक श्री बाबू नोरोंहा बिना समय गंवाए, विपरीत परिस्थितियों में जब वहाँ इमारत के अंदर और बाहर चारों ओर कोई प्रकाश नहीं था ओर तेज आंधी के साथ भारी वर्षा हो रही थी, तब एक हाथ में टार्च और दूसरे में सर्विस पिस्तौल लेकर इमारत की ओर आगे बढ़े। मकान के नजदीक पहुंचने पर, श्री बाबू नोरोंहा को कुछ आवाजें सुनाई दीं और इन्होंने चौकीदार को आने के लिए कहा। इसका वहाँ से कोई उत्तर नहीं मिला। अचानक, श्री बाबू नोरोंहा ने अपनी टार्च के प्रकाश में एक आदमी को अपनी तरफ बढ़ते देखा और उस आदमी ने काफी नजदीक से श्री बाबू नोरोंहा को मारने के इरादे से इन पर गोली चलाई। तथापि, श्री बाबू नोरोंहा ने तेजी से जवाबी कार्रवाई की जिससे गोली इनके बांये हाथ में टार्च में लगी और इनकी उंगली को छूते हुए निकल गई। यह बाबू नोरोंहा की तुरंत प्रतिक्रिया का ही परिणाम था कि वे बदमाश साग्याम की गोली का शिकार होने से बच गए। श्री बाबू नोरोंहा तुरंत जमीन पर लेट गए और इन्होंने अपना मानसिक संतुलन और साहस खोए बिना अपने दल को भी लेटने के लिए कहा और बदमाश को भी समर्पण करने के लिए कहा। तथापि, इसका उस बदमाश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और उसने अंधेरे की आड़ में उस खाली मैदान की तरफ दौड़ना शुरु किया जो पूरी तरह झाड़ियों से भरा हुआ था। श्री बाबू नोरोंहा ने बिना समय गंवाए और अपनी जान की परवाह न करते हुए अत्यधिक पेशेवर तरीके से एक सच्चे सिपाही की तरह पूरी सतर्कता से उस बदमाश का पीछा किया। बदमाश साग्याम ने दोबारा श्री बाबू नोरोंहा पर एक और गोली चलाई और जब अधिकारी के पास अपनी और अपने दल की जान बचाने के लिए उस अपराधी पर गोली चलाने

के अलावा और कोई विकल्प नहीं था जिसमें वह पुन: कानून के शिकंजे से भागने न पाए, श्री बाबू नोरोंहा ने 4 राउंद और पुलिस दल ने 8 राउंद गोलियां चलाई तथा सभी गोलियां उस बदमाश साग्याम को लगी जिससे वह घायल होकर घटनास्थल पर ही मारा गया।

इस मुठभेड़ में, श्री बाबू नोरोंहा, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12 अक्तूबर, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 152-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री एस. नोंगलंगर,
पुलिस उप अधीक्षक ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री एस. एस. नोंगलंगर, एम पी एस, पुलिस उप अधीक्षक (मुख्यालय), जोकि नोंगस्तोइ की में तैनात थे, ने एन एस सी एन(आई एम) और ए एन वी सी कार्यकर्ताओं और खोंजोए गांव के लोगों के बीच बैठक के बारे में सूचना एकत्रित की, जो कार्यक्रमानुसार 23.8.2003 को नोंगस्तोइफी से 180 कि.मी. दूर उक्त गांव में होनी तय हुई थी। 21.08.2003 अपराह्न को सूचना मिलने पर यह अधिकारी अपने पास उपलब्ध छोटे से बल के साथ 22.08.2003 को रवाना हो गए। उक्त गांव से 20 कि.मी. दूर बोरसोरा ओ पी पर पहुंच कर इन्होंने गांव की ओर जाने वाले कुछ मुख्य रास्तों को बंद करने की योजना बनाई। उपरिल्लिखित गांव को जाने से पहले प्रत्येक पुलिस कार्मिक को भली भांति ब्रीफ किया गया। किसी भी वाहन की आवाजाही से गांव वालों और अतिवादियों का ध्यान आकर्षित हो सकता था, इसलिए अधिकारी ने गांव तक पैदल ही जाने का निर्णय लिया। एक लम्बे और कठिन रास्ते से, तुफानी मौसम और दुर्गम भू-भाग से होते हुए विपरीत परिस्थितियों के होते हुए भी अधिकारी अंततः अगले दिन 0200 बजे अपने साथियों के साथ घात स्थल पर पहुंचने में सफल हो गए। यद्यपि पुलिस दल ने घात लगाई और अगले दिन सुबह लगभग 8.15 बजे तक उस जगह प्रतीक्षा की लेकिन उग्रवादियों की कोई भी हल-चल नहीं देखी गई। अधिकारी स्वयं भी अपने तीन पी.एस.ओ. के साथ एक स्थान पर घात लगाए बैठे थे। इनके दो पी एस ओ ने नित्य-वृत्ति की अनुमति मांगी। उनके वापिस आने से पहले, अचानक तीन उग्रवादी घात लगाने के रास्ते में दिखाई दिए। उनके ग्रुप का नेता ए.के. श्रृंखला की राइफल से लैस था तथा दूसरे छोटे हथियारों से लैस लग रहे थे। कम संख्या में होने के बावजूद भी अधिकारी ने उग्रवादियों को रुकने और समर्पण करने के लिए कहा। ए के राइफल से लैस उस ग्रुप के नेता ने इस अधिकारी और इनके पी एस ओ पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। अधिकारी ने एक उग्रवादी को बांयी तरफ तथा अन्य दो को विपरीत दिशा में भागते हुए देखा। इन्होंने अपने पी एस ओ को अकेले उग्रवादी का पीछा करने के लिए भेजा और अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए स्वयं उन दो उग्रवादियों का पीछा किया जिनमें से एक के पास ए के राइफल थी। उग्रवादियों का पीछा करते हुए इस अधिकारी के पास भी ए के राइफल थी। अधिकारी ने, ए के राइफल से लैस उग्रवादी पर गोली चलाई और उसे मार गिराया। अन्य उग्रवादी घने जंगल की आड़ में बच कर भाग निकले। इस प्रकार अधिकारी ने अपनी जान की परवाह न करते हुए दो उग्रवादियों, जिनमें से एक के पास ए के राइफल थी, का पीछा किया और अदम्य साहस का परिचय दिया तथा उनके नेता को मार गिराया। इन्होंने अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कुशल नेतृत्व का प्रदर्शन किया और उग्रवादियों से निपटने में दृढ़ निश्चय का परिचय दिया। इस आपरेशन के परिणामस्वरुप एन एस सी एन(एम) के स्वंभू सेकण्ड लेफ्टिनेंट टोपीका-सेमा मारा गया। मृत उग्रवादी, जोकि बोरसोरा और शालांग कोल बैल्ट क्षेत्रों का ऑपरेशनल कमांडर था, से एक ए के श्रेणी की राइफल, तीन ए के मैगजीन, गोलाबरुद और एक हस्तचालित वायरलैस सेट बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री एस. नोंगलंगर, पुलिस उप अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 अगस्त, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 153-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. के. सन्तोष सिंह, उप-निरीक्षक।
2. जिरिंगाम्बा सिंह, हैड कांस्टेबल।
3. एन. जेम्स, कांस्टेबल।
4. ए. प्रेमजीत, कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

2.2.2004 को यह विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर कि कुछ भूमिगत सशस्त्र तत्व उचित अवसर पाकर सुरक्षा बलों पर आक्रमण करने के उद्देश्य से थांगमैइबंद क्षेत्र में घूम रहे हैं, इम्फाल वेस्ट कमांडो की दो टीमें, जिनमें से एक उपनिरीक्षक के. सन्तोष के नेतृत्व में और दूसरी हैड कांस्टेबल वाई जिरिंगाम्बा के नेतृत्व में, दो वाहनों में थागमैइबंद यमनम लैकई क्षेत्र की तरफ रवाना हुईं। लगभग 3.40 बजे, जब कमांडों अपने वाहनों में थागमैइबंद चेइरो चिंग (यमनम लैकई) की तलहटी की तरफ बढ़ रहे थे, तो पहाड़ी के नजदीक सड़क से 100 मीटर की दूरी पर चार युवक संदेहास्पद अवस्था में खड़े दिखाई दिए। जब उपनिरीक्षक सन्तोष सिंह ने उनसे अपना सत्यापन करवाने के लिए कहा तो युवकों ने छोटे हथियार निकाल लिए और कमांडो की तरफ गोलीबारी शुरू कर दी और अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे। कमांडों ने तुरंत उनके वाहनों को रोक लिया और भागते हुए युवकों का पीछा किया। युवकों ने, कमांडो के दृढ़ निश्चय को देखते हुए, लगातार गोलीबारी करते हुए पहाड़ी पर चढ़ने की कोशिश की तब कमांडो ने भी जवाबी कार्रवाई की। उप निरीक्षक संतोष सिंह, कांस्टेबल सं0 9401030 एन. जेम्स पूर्वी तरफ से भारी गोलीबारी के बीच आगे बढ़े और एक युवक की गोलीबारी के प्रत्युत्तर में जवाबी कार्रवाई की। दूसरी तरफ, हैड कांस्टैबल वाई. जिरिंगाम्बा के ठीक पीछे कांसटेबल सं0 0101045 ए. प्रेमजीत और कांस्टेबल सं0 911011 के एच इनोइबी दूसरे सशस्त्र युवक, जो कि पहाड़ी पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था, का तेजी से पीछा कर रहे थे। युवक पहाड़ी की तरफ की पुश्ता-दीवार के पीछे आड़ लेकर कमांडों पर गोलीबारी कर रहे थे। तथापि, कमांडो आगे कार्रवाई करने से नहीं घबरा रह थे और वस्तुतः ये अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए आगे बढ़े और युवकों पर हमला बोल दिया। इस प्रकार, वहां लगभग 10 मिनट तक मुठभेड़ चली। इस मौके पर, उप निरीक्षक सन्तोष सिंह ने अपने दल को युवकों का पीछा करने का आदेश दिया ताकि सशस्त्र युवक बच ना सके। उप निरीक्षक सन्तोष के साथ एन. जेम्स ने एक दिशा से तथा हैड कांस्टेबल जिरिंगाम्बा और कांस्टेबल प्रेमजीत दूसरी तरफ से चतुराई के साथ आगे बढ़े। इस मुठभेड़ में, कमांडो की गोलियों से दो सशस्त्र उग्रवादी मारे गए तथा दूसरे दो युवक पहाड़ी की तरफ बांस के झुरमट और पेड़ों की आड़ लेकर बच कर भाग निकले। शवों की पहचान बाद में (i) नोंगथोम्बम इबोम्चा उर्फ सोभा उर्फ रोशन, पुत्र (स्वर्गीय) एन. चन्द्रमणि सिंह (आयु लगभग 20 वर्ष), लम्बोई खोंगनांगखोंग पुलिस थाना लामफेल, इम्फाल पश्चिमी जिले के निवासी और (ii) हैसनाम गुना सिंह, पुत्र एच. रतन सिंह (आयु 20 वर्ष), पीशुम ओईनम, इम्फाल के निवासी के रूप में की गई। नोंगथोम्बम इबोम्चा प्रतिबंधित

संगठन, कंगलैइपाक के पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी का स्वंभू लास कॉरपोरल था और हैसनम गुणा उर्फ नीपो सिंह प्रीपाक (पी आर ई पी ए के) का निजी स्वंभू था । उस स्थान से निम्नलिखित हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया :-

(1) एक 9 एम एम की पिस्तौल सं0 जी.बी. 213 बी., 9 एम एम पारा 200059, उस पर नोरींको, मेड इन चाईना चिन्हित था और इसमें 9 एम एम गोला बारूद के तीन सक्रिय राउन्द भरे हुए थे ।

(2) एक 9 एम एम पिस्तौल जिस पर मॉडल 2139X19 एम एम, मेड इन चाईना बाई नोरींको बट सं. 411729 चिन्हित था और दो सक्रिय राउन्द से भरी हुई एक मैगजीन ।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री के. सन्तोष सिंह, उप-निरीक्षक, जिरिंगाम्बा सिंह, हैड कांस्टेबल, एन. जेम्स, कांस्टेबल और ए. प्रेमजीत, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 फरवरी, 2004 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 154-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एच.एस. सिधू, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक। (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. जसविन्दर सिंह, हैड कांस्टेबल।
3. पुष्प बाली, हैड कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री एच.एस. सिधू, भा.पु.से., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जालंधर अन्य अधिकारियों के साथ भारतीय दंड संहिता की धारा 392/365/342/454/511/506 और शस्त्र अधिनियम की धारा 25/54/59 के तहत पुलिस स्टेशन डिविजन सं0 2 में दर्ज एफ आई आर सं. 123 के मामले की कार्यवाही के सिलसिले में मकान सं. 105, आदर्श नगर, जालंधर में उपस्थित थे। आशना नामक एक 7 वर्षीया बच्ची को भारी मात्रा में हथियारों से लैस दुर्दांत अपराधी ने बंधक बना कर रखा हुआ था। उस बच्ची की सुरक्षित रिहाई के लिए सभी संबंधित व्यक्तियों द्वारा 11 घंटों से अधिक समय तक पूरे प्रयास किए गए लेकिन वे इन प्रयासों में सफल नहीं हो सके। श्री हरप्रीत सिंह सिधू, भा.पु.से. ने स्थिति का जायजा लिया और बच्ची को छुड़ाने के लिए स्वयं एक आपरेशनल योजना तैयार की जिसके लिए इन्होंने श्री सज्जन सिंह चीमा, पी पी एस और श्री राजेन्द्र सिंह, पी पी एस, जो दोनों इस कार्य हेतु स्वेच्छा से आगे आए थे, के नेतृत्व में पुलिस कार्मिकों के दो दल बनाए। हरप्रीत ने योजना के बारे में दोनों दलों को बताया और इस कार्य के लिए दोनों को तैनात कर दिया। इन्होंने स्वयं अपने पास ए के-47 राइफल रखी और एक रोशनदान के निकट मोर्चा संभाला। इस रोशनदान से आपरेशन क्षेत्र का कुछ हिस्सा दिखाई दे रहा था। उनका यह अभियान अति संवेदनशील था जिसमें अपराधी को निष्क्रिय करना और बच्ची को इस तरह से छुड़ाना था कि उसे कोई हानि न पहुंचे। यह कार्य रात के लगभग घुप्प अंधेरे में रोशनी के बगैर किया जाना था। इस अवस्था में, अपराधी ने यह चेतावनी दी कि यदि दो मिनट के अंदर उसकी मांगे नहीं मानी गई तो वह बच्ची की हत्या कर देगा। इस पर हरप्रीत ने हमला करने का अंतिम फैसला लिया। अपने मोर्चे से हरप्रीत ने अपराधी को ललकारा। इस पर अपराधी ने हरप्रीत को मारने के ध्येय से उन पर दो गोलियां चलाईं। लेकिन इस पर भी अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बगैर इन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति बनाए रखी और पलट कर अपराधी पर गोलियां चलाईं। इन गोलियों से अपराधी गंभीर रुप से घायल हो गया। इस पर, पलक झपकते ही श्री सज्जन सिंह चीमा और श्री राजेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल, पुष्प बाली, हैड कांस्टेबल जसविंदर सिंह और अन्य लोगों के साथ बल पूर्वक उस कमरे में घुसे गए जिस कमरे में वह सशस्त्र अपराधी था। अपराधी ने इन पर गोलियां चलाई लेकिन अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर इन्होंने अत्यधिक जोखिम उठाया और सशस्त्र अपराधी के बिल्कुल निकट होते हुए भी उच्च कोटि के अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपराधी पर गोलियां चलाई ताकि अपराधी को निष्क्रिय कर बच्ची की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जब श्री राजेन्द्र सिंह पर बहुत नजदीक से गोलियां चलाई जा रही थी तब इन्होंने बहादुरी और साहस का परिचय देते हुए अपनी 9 मि.मी. पिस्तौल से गोलियां चलाना जारी रखा। इस स्थिति में, श्री हरप्रीत ने अपराधी पर फिर गोलियां चलाई ताकि पुलिस दल को कोई खतरा न रहे। हैड कांस्टेबल पुष्प बाली और हैड कांस्टेबल जसविंदर सिंह ने निर्भीकता से सशस्त्र अपराधी को काबू कर लिया, उससे शस्त्र छीन लिए और उसे निष्क्रिय कर दिया। इसके बाद द्रुत गति से कार्रवाई करते हुए हरप्रीत, राजेन्द्र सिंह, पुष्प बाली, जसविंदर सिंह ने बालिका को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित छुड़ा लिया और उसे सुरक्षित स्थान पर ले गए।

मारे गए सशस्त्र अपराधी से 2 राउंद के साथ एक .38 कैलिबर रिवाल्वर, चलाए हुए तीन कारतूस, एक राउंद के साथ एक .315 कैलिबर पिस्तौल और चलाया गया एक कारतूस बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री एच.एस. सिधू, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जसविन्दर सिंह, हैड कांस्टेबल, पुष्प बाली, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक के प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16 अक्तूबर, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 155-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर,
परि. पुलिस उप अधीक्षक (अब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जालंधर)।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

29.9.1992 को पटियाला जिले से लगे हुए हरियाणा के इलाके में भारी मात्रा में हथियारों से लैस आतंकवादियों के विरुद्ध हरियाणा पुलिस और पटियाला जिले की पंजाब पुलिस के पुलिस दलों ने एक संयुक्त अभियान चलाया। आतंकवादियों ने इन पुलिस दलों पर गोलीबारी की और उसके बाद वहां से भागने की फिराक में "सेंसर" के घने जंगल में घुस गए। गुरप्रीत सिंह भुल्लर, परि. पुलिस उप अधीक्षक/पटियाला की अगुवाई में पुलिस दल उस जंगल की तरफ से उसमें घुस गया और उसने आतंकवादियों को ललकारा । जबकि दूसरी तरफ से हरियाणा पुलिस ने छुपे हुए आतंकवादियों पर दबाव बनाए रखा। आतंकवादी पुलिस दलों पर अंधाधुंध गोलियां चला रहे थे फिर भी श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर उन पर पलट कर गोलियां चलाते हुए आगे बढ़ते रहे और अपनी कमान में शामिल लोगों को निर्भय हो कर उनका अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। छिपे हुए आतंकवादियों ने इन्हें लक्ष्य बनाते हुए भारी गोलीबारी की तिस पर भी यह युवा और निर्भीक अधिकारी बाल-बाल बच गए। यह अधिकारी बहादुरी और साहसपूर्वक आगे बढ़ता गया और आतंकवादियों को उस वन से भागने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने भाग कर गुलडेहरा गांव के गन्ने के खेतों में शरण ली। श्री हरप्रीत सिंह भुल्लर ने अपनी सुरक्षा की परवाह नहीं की और बुलेट प्रूफ ट्रैक्टर में गन्ने के खेत में घुस गए। इसके परिणामस्वरूप, दबाव में आकर आतंकवादी गन्ने का खेत छोड़ कर अमृसरिया डेरा के धान के खेतों में घुस गए। इस दौरान, वे निरंतर गोलीबारी करते रहे। श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने असाधारण बहादुरी, साहस, समर्पण और संकल्प का परिचय देते हुए आंतकवादियों की गोलियों की बौछार के बीच दल-दल वाले धान के खेतों से हो कर अपना रास्ता बनाया। इस गोलीबारी के दौरान एस पी ओ बलजीत सिंह, श्री गुरप्रीत भुल्लर के पीछे-पीछे चल रहे थे। इस दौरान, आतंकवादियों की गोली से वे घायल हो गए। आतंकवादियों पर दबाव बनाते हुए इस पुलिस अधिकारी ने उच्च कर्तव्यपरायणता, साहस और बहादुरी का परिचय देते हुए कवर फायरिंग की जिसके परिणामस्वरुप घायल एस पी ओ को वहां से हटाया जा सका। कुछ समय तक भयंकर गोलीबारी होती रही। गोलीबारी रुकने पर उस क्षेत्र की तलाशी ली गई और आतंकवादियों के दो शव बरामद हुए। ये आमने-सामने की मुठभेड़ में श्री हरप्रीत सिंह भुल्लर के हाथों मारे गए थे। बाद में इनकी पहचान नाथा सिंह, निवासी जुलमत (हरियाणा), जो परमजीत सिंह पंजवार के नेतृत्व वाले के सी एफ गुट का था तथा रणजीत सिंह, निवासी बुर्ज, जिला अमृतसर, के एल एफ गुट से था, के रुप में की गई। चलाए गए/जीवित कारतूसों के साथ एक ए के-47 और एक ए के-74 राइफल भी बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में, श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर, एस एस पी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29 सितम्बर, 1992 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 156-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, त्रिपुरा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. हेमंत देबबर्मा,उप निरीक्षक (यू बी)।
2. धनंजय प्रसाद सिंह, राइफलमैन/8वीं बटालियन, टी एस आर।
3. देबाशीष मजूमदार, राइफलमैन/8वीं बटालियन, टी एस आर ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

3.2.2004 को लगभग 1730 बजे उप निरीक्षक (यू बी) हेमंत देबबर्मा, ओ.सी. नेपाल टीला पुलिस स्टेशन को इस आशय की गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कुकीचेरा पुलिस स्टेशन, नेपाल टीला के अंतर्गत कमलजॉय रियांग की अगुवाई में एन एल एफ टी(एन बी) उग्रवादियों का एक दल छिपा हुआ है और नेपाल टीला थानांतर्गत कुकीचेरा पी जी पी कालोनी की ओर बढ़ रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक हेमंत देबबर्मा, ओ.सी. ने श्री अतुल देबबर्मा, सहायक कमांडेंट, 8वीं बटालियन, टी एस आर एक्स-नेपाल टीला के समग्र मार्गदर्शन में और राइफलमैन धनंजय प्रसाद सिंह और राइफलमैन देबाशीष मजूमदार को स्काउट 1 और स्काउट 2 के रुप में नियुक्त कर एक विशेष और गुप्त संयुक्त अभियान चलाने की योजना बनाई। तदनुसार उप निरीक्षक हेमंत देबबर्मा, ओ.सी., अतुल देबबर्मा, सहायक कमांडेंट 8वीं बटालियन टी एस आर, जी एस रॉय, सहायक कमांडेंट, 8वीं बटालियन, टी एस आर, सूबे. बीरचन्द्र सिंह और एक्स-नेपाल टीला के अन्य 71 पुलिस/टी एस आर कार्मिकों के साथ नेपाल टीला थानांतर्गत कुकीचेरा पी जी पी कालोनी में संयुक्त अभियान के लिए चल पड़े। जब यह अभियान दल कुकीचेरा पी जी पी कालोनी पहुंचा तो उग्रवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी की। इस पर राइफ़लमैन धनंजय प्रसाद सिंह (स्काउट 1) और राइफलमैन देबाशीष मजूमदार (स्काउट 2) ने अत्यंत साहस का परिचय दिया और उस स्थान की ओर बढ़ने लगे जहां से गोलीबारी हो रही थी। कुछ समय बाद जब उन्होंने देखा कि उग्रवादियों का एक ग्रुप अभियान दल की ओर आ रहा है तो तुरंत ही अभियान दल ने भी गोलीबारी शुरु कर दी। कुछ समय तक गोलीबारी करने के बाद अभियान दल ने पी.ओ. में और इसके आस-पास पूरी तलाशी ली और तीन मैग्जीन तथा 20 सक्रिय राउंद के साथ 2 चीनी एसौल्ट राइफल, 9 मि.मी. की 181 सक्रिय गोलियां और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज आदि बरामद किए। चूंकि यह रात के अंधेरे में चलाया गया अभियान था इसलिए अभियान दल ने पी.ओ. और इसके आस-पास के क्षेत्र की आगे और तलाशी लेने के लिए सुबह तक इंतजार किया। जब 4.2.2004 को लगभग 0730 बजे अभियान दल पहाड़ी वाले जंगल के आस-पास के क्षेत्र की तलाशी ले रहा था तो अचानक ही उन पर फिर भारी गोलीबारी हुई। अभियान दल ने भी पलट कर गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरुप एन एल एफ टी (एन बी) ग्रुप के दो अज्ञात अतिवादियों की मृत्यु हो गई और बाकी भाग खड़े हुए। तलाशी लेने पर अभियान दल ने पोलीथीन, एक जोड़ी शिकारी जूते, ओ जी रंग का पिट्ठू, चमड़े की थैली (पाउच) और कुछ कपड़े आदि बरामद किए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री हेमंत देबबर्मा, उप निरीक्षक(यू.बी.), धनंजय प्रसाद सिंह, राइफलमैन/8वीं बटालियन, टी एस आर और देबाशीष मजूमदार, राइफलमैन/8वीं बटालियन, टी एस आर ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 3 फरवरी, 2004 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 157-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, त्रिपुरा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नारायण सीएच. साहा,
उप निरीक्षक ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

विशालगढ़ थानांतर्गत बसिताली जी.एस. के तहत जंगालिया में एन एल एफ टी (एन बी) उग्रवादियों का ग्रुप, जो अभिदान एकत्र करने और अपहरण कर जबरन वसूली की गतिविधियों में संलिप्त था, की उपस्थिति के बारे में एक गुप्त सूचना के आधार पर श्री साहा, प्रभारी बी आर जी ओ पी ने अभियान चलाने की एक योजना बनाई। इस अभियान योजना के अनुसार उप निरीक्षक एन सी साहा ने अन्य अधिकारियों और लोगों के साथ 16.11.2003 को लगभग 0200 बजे बसिताली की ओर प्रस्थान किया ताकि वे घात लगा सकें और तलाशी अभियान चला सकें। यह अभियान दल तीन भागों में विभाजित हो गया और इसने डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर तीन अलग-अलग स्थानों पर घात लगाई। ये सभी अभियान दल 0800 बजे तक घात लगाए बैठे रहे। बाद में श्री साहा ने अपने दल को निदेश दिया कि वे बीर कुमार देबबर्मा की दुकान के सामने जंगालिया पर अपना ध्यान केन्द्रित करें। तदनुसार घात लगाए सभी दलों ने अलग-अलग पग-डण्डियों से ध्यान केन्द्रित किया। सबसे पहले श्री साहा उक्त दुकान के सामने पहुंचे। इनके पीछे आ रहे अभियान दल के कार्मिक इनसे लगभग 20 गज की दूरी पर थे और इन्होंने एक युवा को ललकारा। ललकारे जाने पर उस युवक ने अभियान दल को मारने की दृष्टि से अपने पाकेट से एक ग्रेनेड निकाला। उसी समय उप निरीक्षक साहा ने उस पर छलांग लगाई और उसके दोनों हाथों को इस ढंग से अलग-अलग पकड़ लिया कि वह हैंड ग्रेनेड के सेफ्टी पिन को न निकाल सके। उप निरीक्षक साहा के पास इतना समय नहीं था कि वे अपनी ए के राइफल निकाल कर उस पर गोली चला सकें। इसी बीच, इससे पहले कि वह उग्रवादी हैंड ग्रेनेड की कैप अर्थात् पिन खोलता, उप निरीक्षक एन.सी. साहा और वह उग्रवादी उक्त दुकान के पीछे के दरवाजे से बाहर आ गए। दुकान के अंदर कम जगह होने के कारण दूसरे कर्मचारी उप निरीक्षक साहा की सहायता नहीं कर सके। इस हाथापाई में उप निरीक्षक की बायें हाथ की मध्यमा बुरी तरह से जख्मी हो गई और नाखून बाहर आ गया। इसके परिणामस्वरुप वह उग्रवादी बाहर आने में सफल हो गया और उसी क्षण उसने ग्रेनेड के सेफ्टी पिन को खोलने की फिर कोशिश की ताकि वह उसे पुलिस दल पर फेंक सके। कांस्टेबल सुधीर दास और अन्य जवानों ने एक साथ उस पर गोलियां चलाईं। दल ने 2/3 अन्य उग्रवादियों की हलचलें भी नोट की। इसी बीच, एक अन्य सड़क से, घात लगाने वाला दूसरा दल भी वहां पहुंच गया और उन्हें प्रदीप देबबर्मा उर्फ पाती नामक एक और उग्रवादी दिखाई दिया जो अभियान दल पर एक हैंड ग्रेनेड फेंकने की कोशिश कर रहा था। इस पर अभियान दल ने बिजली की गति से आत्मरक्षा में उस पर गोलियां चलाईं और वह घटनास्थल पर ही मारा गया। इस प्रकार, श्री साहा की सूझ-बूझ, सतर्कता और बहादुरी की इस कार्रवाई के कारण इनकी और इनके साथ आए सुरक्षा कार्मिकों की जान बच गई। मारे गए उग्रवादियों की तलाशी लेने पर दो हैंड ग्रेनेड, एक बटुआ जिसमें 944/-रुपए थे, अभिदान वसूली के कुछ दस्तावेज, एक माइक्रो कैसेट रिकार्डर, दवाईयां आदि बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, श्री नारायण सीएच. साहा, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16 नवम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 158-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्व/श्री

1. विजय कपिल, निरीक्षक,एस टी एफ/लखनऊ।
2. कृष्ण पाल सिंह सिरोही,उप निरीक्षक, आसूचना।
3. पी.के.मिश्रा, उप निरीक्षक/एस टी एफ।
4. दीप चरण, कांस्टेबल, 47 बटालियन, पी ए सी ।

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

इलाहाबाद में कुंभ मेले के दौरान इलैक्ट्रानिक निगरानी से यह पता चला कि पाकिस्तान समर्थित उग्रवादियों का बड़ी मात्रा में हथियार, गोली-बारुद और विस्फोटक सामग्री प्राप्त करके दिल्ली सहित उत्तरी भारत के कई शहरों में विघटनकारी गतिविधियां चलाने का इरादा है। 18 अप्रैल, 2001 को प्रात: 3.30 बजे सलीम, सज्जाद और साजिद उर्फ रशीद नामक जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों और एस.टी.एफ. दलों के बीच खूनी मुठभेड़ हुई। इस बारे में यह सूचना प्राप्त हुई थी कि लखनऊ के गोमती नगर क्षेत्र में विभूति खंड के निकट फैजाबाद रोड में वे उग्रवादी एकत्र हो रहे हैं और उनकी देर रात तक फैजाबाद पहुंचने की योजना है। उल्लिखित स्थान पर श्री विजय कपिल, निरीक्षक और उनके दल ने इन तीन उग्रवादियों को पहचाना तथा उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। आत्मसमर्पण करने के बजाय उन उग्रवादियों ने इन्हें मारने की दृष्टि से गोलीबारी क दी। लेकिन अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर निरीक्षक श्री विजय कपिल, उप निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार मिश्रा,उप नि क्षक श्री कृष्ण पाल सिंह सिरोही और कांस्टेबल कमांडो दीप चरण ने उनका पीछा किया। वे भाग्यशाली रहे कि उग्र दियों की अंधाधुंध गोलिंयों से बच गए। पुलिस दल, जिसमें निरीक्षक श्री विजय कपिल, उप निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक श्री कृष्ण पाल सिंह सिरोही और कांस्टेबल कमांडो दीप चरण शामिल थे, ने जवाब में गोलियां चलाईं और एक उग्रवादी को ढेर करने में कामयाब हो गए। अन्य दो उग्रवादियों ने गोलीबारी जारी रखी और साथ ही विभूति खंड की ओर भागने लगे। वहां पर दूसरे दल ने उन्हें रोका और ढेर कर दिया। निरीक्षक श्री विजय कपिल, उप निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक श्री कृष्ण पाल सिंह सिरोही और कांस्टेबल कमांडो दीप चरण को लेकर बने पुलिस दल ने इस मुठभेड़ में निर्भीकता और अनुकरणीय साहस का परिचय दिया। इन्होंने ठीक समय पर उग्रवादियों के प्रयासों को निष्फल कर दिया जिसके परिणामस्वरुप ही अयोध्या,फैजाबाद में बड़ा आतंकवादी हमला टल गया। अभियान के बाद निम्नलिखित माल बरामद हुआ :-

1. एक ए के 56 राइफल, 2. 3 मैग्जीन और 219 कारतूसों के साथ एक ए के 47 राइफल, 3. मैग्जीन और 36 कारतूसों के साथ एक 9 मि.मी. कार्बाइन, 4. 10 ग्रेनेडों के साथ एक ग्रेनेड लांचर, 5. एक मैग्जीन और कारतूसों के साथ एक 9 मि.मी. पिस्तौल, 6. 10 हैंड ग्रेनेड 7. विस्फोटक सामग्री के साथ रिमोट सहित 2 आई डी डिवाइस और 4 इलैक्ट्रोनिक डिटोनेटर, 8. एक वाकी-टॉकी सेट और 9. सिम कार्ड सहित 2 मोबाइल फोन।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री विजय कपिल,निरीक्षक,एस टी एफ/लखनऊ, कृष्ण पाल सिंह सिरोही,उप निरीक्षक, आसूचना, पी.के. मिश्रा, उप निरीक्षक/एस टी एफ और दीप चरण, कांस्टेबल 47 बटालियन, पी ए सी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 अप्रैल, 2001 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

निदेशक

सं0 159-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहन सिंह,
हवलदार/जनरल ड्यूटी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

13/14 दिसम्बर, 2003 की रात को कर्नल वी एस शेखावत, एस एम, कमांडेंट की एक टुकड़ी ने राधाकृष्णवाड़ी क्यू टी 9960 सामान्य क्षेत्र में घात लगाई। यह समझते हुए कि निर्दिष्ट स्थल पर एक जगह घात लगाना पर्याप्त नहीं होगा कर्नल वी एस शेखावत, एस एम ने अपने दल को दो भागों में बांटा। एक दल उनके नेतृत्व में और दूसरा दल मोहन सिंह, सं. 6573 आई एफ, हवलदार/जी डी के नेतृत्व में था। हवलदार/जी डी मोहन सिंह का दल सी ओ दल के बहुत निकट था इसलिए इस दल ने कुछ संदिग्ध लोगों को रास्ते पर आगे चलते हुए देखा। उन्हें ललकारे जाने पर उनमें से दो लोग उत्तर की तरफ खुले खेतों की ओर भाग खड़े हुए। उन्होंने हवलदार मोहन सिंह की चेतावनी/ललकार पर कोई ध्यान नहीं दिया। चेतावनी के रुप में इन्होंने हवाई फायर भी किया लेकिन इसके बावजूद उनमें से कोई भी नहीं रुका। उग्रवादियों ने घात लगाने वाले दल पर एक हैंड ग्रेनेड फेंका जो उनके दल के निकट फटा। हवलदार/जी डी मोहन सिंह ने अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए भाग रहे दो उग्रवादियों पर गोली चलाई जिससे दो उग्रवादी घटनास्थल पर ही ढेर हो गए। उनकी पहचान सार्जेंट अमित जमातिया, एरिया कमांडर और स्वयं-भू प्राइवेट विद्युत देबबर्मा के रुप में की गई। दोनों ही एन एल एफ टी (बी एम) के दुर्दांत उग्रवादी थे। मृत उग्रवादियों से बड़ी संख्या में आपत्तिजनक दस्तावेज, जबरन वसूली के नोट/रसीद बुक बरामद हुईं।

इस मुठभेड़ में, श्री मोहन सिंह, हवलदार/जनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 दिसम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 160-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री चन्द्रहास,
राइफलमैन/जनरल ड्यूटी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

30 जून, 2003 को लगभग 0240 बजे राइफलमैन/जनरल ड्यूटी सं. 123840एफ चन्द्रहास अपने सहयोगी के साथ सामान्य क्षेत्र नोंग्रेन आर एम 5594 में कैप्टेन आर के शर्मा के नेतृत्व में "पता लगाओ और नष्ट करो" अभियान में फोक्सट्रोट कपंनी की एक टुकड़ी के स्काउटों का नेतृत्व कर रहे थे। जब यह टुकड़ी आर एम 5494 के बागान में प्रवेश कर रही थी तो उसी समय आस-पास की ऊंचाई वाली जमीन से भूमिगत उग्रवादियों ने स्वचालित हथियारों से उन पर गोलियां चलाईं। इस गोलीबारी में स्वयंभू सार्जेंट टी एच जितेन सिंह मारा गया। वह प्रतिबंधित युनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट (यू एन एल एफ) से संबंधित था। राइफलमैन/जनरल ड्यूटी सं0 123840 एफ चन्द्रहास और राइफलमैन/जनरल ड्यूटी सं. 123764 ए विनोद चन्द्र ने सतर्कता और पहल का परिचय देते हुए पलट कर गोलियां चलाईं। इसी बीच, कैप्टेन आर के शर्मा ने टुकड़ी को निदेश दिया कि वे भूमिगत उग्रवादियों का घेराव कर लें। इसी दौरान, राइफलमैन/जनरल ड्यूटी सं0 123840 एफ चन्द्रहास ने देखा कि एक भूमिगत उग्रवादी अंधेरे और भारी बारिश का लाभ उठा कर घनी झाड़ियों में छिपकर भागने की कोशिश कर रहा है। इन्होंने अपने साथी राइफलमैन/जनरल ड्यूटी सं. 123764ए विनोद चन्द्र से कहा कि वह कवरिंग गोलीबारी करें तथा उन्होंने स्वयं भूमिगत उग्रवादी का पीछा किया और उसे मार गिराया । राइफलमैन/जनरल ड्यूटी सं0 123764ए विनोद चन्द्र ने यह देखकर कि एक और भूमिगत उग्रवादी भी खिसकने की कोशिश कर रहा है उसे गोली मार दी, लेकिन वह पूर्व की ओर भागने में सफल हो गया। गोली लगने से उसके खून के निशान पूर्व की ओर जाने का संकेत दे रहे थे। इस अभियान के परिणामस्वरुप प्रतिबंधित युनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट (यू एन एल एफ), इंफाल (पूर्व) के जिला सचिव 32 वर्षीय डब्ल्यू सुनील उर्फ कंगजा उर्फ बोलई का सफाया हो गया। इनसे निम्नलिखित बरामदगी हुई :-

(कक)	राइफल ए के-56 बायोनट के साथ	एक (01)
(कख)	मैग्जीन ए के-56	एक (01)
(कग)	ए के-56 के जीवित राउंद	उन्नीस (19)
(कघ)	राइफल प्वाइंट 30 यू एस कार्बाइन	एक (01)
(कङ)	मैग्जीन प्वाइंट 30 कार्बाइन	एक (01)
(कच)	प्वांइट 30 कार्बाइन के जीवित राउंद	चौबीस (24)
(कछ)	प्वाइंट 38 रिवाल्वर के जीवित राउंद	ग्यारह (11)

इस मुठभेड़ में, श्री चन्द्रहास, राइफलमैन/जनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 जून, 2003 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 161-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अवतार सिंह बिष्ट,
हवलदार/जनरल ड्यूटी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

7 जुलाई, 2003 को लगभग 1330 बजे चोकदोक और लोंगलुंग गांव में उपस्थित एन एस सी एन (आईएम) के 5-6 सशस्त्र उग्रवादियों के एक ग्रुप द्वारा निर्दोष युवाओं की जबरन भर्ती किए जाने के बारे में प्राप्त सूचना के आधार पर मेजर अरुण देशपांडे, ओ सी चांगलांग कंपनी ने हवलदार अवतार सिंह बिष्ट को भूमिगत उग्रवादियों को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाने हेतु एक टुकड़ी का गठन करने का कार्य सौंपा। हवलदार अवतार सिंह बिष्ट ने आश्चर्यजनक ढंग से अल्प समय में ही एक टुकड़ी का गठन कर लिया तथा तत्काल ही अभियान शुरु कर दिया। इस टुकड़ी ने लगभग 1500 बजे सुनियोजित ढंग से सामान्य क्षेत्र लुंगलोंग में घात लगाई। लगभग 1730 बजे यह देखा गया कि भूमिगत उग्रवादी सिविलियनों को मानव कवच के रुप में इस्तेमाल कर जोड़ों में जा रहे हैं। जब पूरा ग्रुप घात लगाने वाले स्थान में पहुंच गया तो कंपनी कमांडर ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा। तब कंपनी कमांडर ने हवलदार अवतार सिंह बिष्ट को आदेश दिया कि वे उन भूमिगत उग्रवादियों की जामा तलाशी लें और उन्हें शस्त्रहीन करें। जब उन्हें शस्त्रहीन किया जा रहा था तो एक भूमिगत उग्रवादी ने एक ग्रेनेड उठा लिया। अपनी टुकड़ी पर खतरे की आशंका को भांपते हुए हवलदार अवतार सिंह बिष्ट उस भूमिगत उग्रवादी पर झपटे। अपने जीवन के लिए संघर्ष करते हुए उस भूमिगत उग्रवादी ने ग्रेनेड फेंकने की बेतहाशा कोशिश की लेकिन वह भूमिगत उग्रवादी हवलदार अवतार सिंह बिष्ट के लौह शिकंजे से मुक्त नहीं हो सका। इसके बाद इन्होंने उससे वह ग्रेनेड भी छीन लिया। हवलदार अवतार सिंह बिष्ट ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बगैर भूमिगत उग्रवादी को पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया। बाद में उस ग्रुप की पहचान एन एस सी एन (के) के रुप में की गई और उसने टुकड़ी के सामने बिना किसी संघर्ष के आत्मसमर्पण कर दिया। इस अभियान में निम्नलिखित पकड़े गए :

(कक) सं. 11001 एस एस सार्जेंट फलाई बांग्जन, निवासी म्यांमार
(कख) सं. 33773 एस एस एल/कार्पो. औंगसांग, निवासी म्यांमार
(कग) सं. 12964 एस एस एल/कार्पो. केखू पांग्टोक, निवासी म्यांमार
(कघ) सं. 12452 एस एस एल/कार्पो. कियान कोट्टन, निवासी म्यांमार
(कङ) सं. 14190 एस एस प्रा. अखुम मोंग्सांग, निवासी म्यांमार
(कच) सं. 14174 एस एस प्रा. खामचक हचांग, निवासी म्यांमार

निम्नलिखित हथियार/गोला-बारुद भी बरामद हुआ:

(कक)	राइफल ए के-56	04
(कख)	राइफल एम-21	01
(कग)	7.62 मि.मी. एस एल आर	01
(कघ)	एसोर्टेड गोलीबारुद	620 राउंद
(कङ)	चीनी ग्रेनेड	06
(कच)	एसोर्टेड मैग्जीन	10
(कछ)	रेडियो सेट (केनवुड)	01

इस मुठभेड़ में, श्री अवतार सिंह बिष्ट, हवलदार/जनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 जुलाई, 2003 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 162-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नारायण सिंह,
नायब सूबेदार/जनरल ड्यूटी।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

23 अक्तूबर, 2003 को बरकथल क्षेत्र में एन एल एफ टी (एन) के उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली विशेष सूचना के आधार पर गांकी पोस्ट के एक अधिकारी, एक जे सी ओ और 20 अन्य रैंक का एक दल बना कर बड़ी सावधानीपूर्वक एक घेरा और तलाशी अभियान की योजना बनाई गई। बरकथल के सामान्य क्षेत्र में पहुंचने पर अलग-अलग दिशाओं से गांव को घेर लिया गया। जब तलाशी दल, पता लगाए गए उस मकान के निकट पहुंच रहा था जिसमें उग्रवादी आश्रय लिए हुए थे तो उस पर मकान से गोलीबारी हुई। निर्मित क्षेत्र होने के कारण टुकड़ी ने जवाबी गोलियां नहीं चलाई लेकिन निर्भीक हो कर आगे बढ़ते रहे और संदिग्ध मकान की तलाशी शुरु कर दी। जब वे तलाशी ले रहे थे तो दो व्यक्तियों ने जंगल की तरफ भागते हुए अंधाधुंध गोलियां चलाईं। राइफलमैन/जी डी खामराव सैंग और नायब सूबेदार नारायण सिंह ने तुरंत ही भागते हुए उन उग्रवादियों पर गोलियां चलाईं और उनका पीछा किया। यद्यपि इस दल पर भारी गोलीबारी हो रही थी फिर भी इन्होंने और अधिक साहस का परिचय दिया तथा एक उग्रवादी को ढेर करने में सफल हुए और उनसे 9 एम एम का एक रिवाल्वर, 2 जीवित गोलियां और फायर किया हुआ एक केस बरामद किया।

इस मुठभेड़ में, श्री नारायण सिंह, नायब सूबेदार/जनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24 अक्तूबर, 2003 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 163-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री माधो सिंह,
सहायक कमांडेंट ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

इस आशय की विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए कि जैश-ए-मोहम्मद संगठन का एक दुर्दांत उग्रवादी जे वी सी अस्पताल, श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) से गुजरेगा, श्री माधो सिंह, सहायक कमांडेंट की कमान में 193वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने त्वरित कार्रवाई टीम (क्यू आर टी) के साथ जे वी सी अस्पताल के निकट बाई-पास में 14 दिसम्बर, 2003 को रुकावटों की एक कड़ी बनाई ताकि उस उग्रवादी को पकड़ा जा सके। लगभग 1000 बजे मोटर साइकिल पर सवार संदिग्ध व्यक्ति ने पहली रुकावट को पार किया। उसे रुकने का संकेत दिया गया लेकिन उसने उस संकेत पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की। श्री माधो सिंह, सहायक कमांडेंट और उनकी टीम को, जो जे वी सी अस्पताल के निकट तैनात थी, तुरंत सूचित कर दिया गया। श्री माधो सिंह तुरंत ही सक्रिय हो गए और इन्होंने उस मार्ग को बंद कर दिया। जब उस संदिग्ध व्यक्ति को यह पता चला कि जवानों ने उसका मार्ग बंद कर दिया है तो उसने अपनी मोटर साइकिल वहीं छोड़ दी और भागने तथा बस स्टैंड में खड़े लोगों के साथ मिल जाने की कोशिश की। इसके बाद श्री माधो सिंह ने कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह के साथ उग्रवादी का पीछा किया। इस पर उस उग्रवादी ने तुरंत ही अपनी पिस्तौल निकाली और श्री माधो सिंह पर गोलियां चलाईं जिससे ये बाल-बाल बचे। कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह ने इसके जवाब में गोलियां चलाईं जिसके कारण भाग रहा उग्रवादी घायल हो गया और गिर पड़ा। लेकिन उसने एक ग्रेनेड निकाला और धमकी दी कि यदि दल ने उसे पकड़ने की कोशिश की तो वह उस ग्रेनेड को उन पर फेंक देगा। इस अवस्था में, माधो सिंह, सहायक कमांडेंट ने अपने जीवन की परवाह किए बगैर अनुकरणीय साहस का परिचय दिया, उस पर छलांग लगाई और उसे अपने काबू में कर लिया। श्री माधो सिंह की इस साहसिक कार्रवाई से वह उग्रवादी असहाय हो गया जिससे भीड़-भाड़ वाले बस स्टैंड पर कोई बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। उस उग्रवादी से 9 एम एम की एक पिस्तौल, चार हथगोले और गोली-बारुद भी बरामद हुआ। उस उग्रवादी की पहचान जावेद मलिक, पुत्र ओब्दुल जाभा मलिक, निवासी कुपवाड़ा (जम्मू और कश्मीर) के रुप में हुई। जब्त किए गए हथियारों और गोली-बारुद के साथ उसे पुलिस को सौंप दिया गया। लेकिन बाद में घायलावस्था में उस उग्रवादी की मृत्यु हो गई।

इस मुठभेड़ में, श्री माधो सिंह, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 दिसम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 164-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री बीरेन्द्र सिंह,
कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

ग्राम-यारीपोड़ा, कुलगांव जिला अनंतनाग (जम्मू और कश्मीर) में उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर 18 अप्रैल, 2003 को 52वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाने की एक योजना बनाई और कार्यरुप दिया। योजना के अनुसार गुलाम मोहम्मद मलिक पुत्र मोहम्मद शबन मलिक के जिस मकान में उग्रवादियों ने शरण ली हुई थी उस मकान का घेराव किया गया और प्रत्येक मकान की तलाशी शुरु की गई। जब यह दल लक्षित मकान की ओर जा रहा था तो मकान में छिपे उग्रवादियों ने उन पर भारी गोली-बारी कर दी। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अपने बचाव में जवाबी गोली-बारी की और एक उग्रवादी को मार गिराया। इस पर दो अन्य उग्रवादियों ने तुरंत ही बगल वाले कमरे में अपना मोर्चा संभाल लिया। उग्रवादियों और जवानों के बीच भारी गोली-बारी हुई जिसके कारण मकान का एक हिस्सा ढह गया लेकिन उग्रवादी, सीमा सुरक्षा बल के जवानों पर गोलीबारी करते रहे। इस स्थिति में अभियान कमांडर ने मकान में घुसने का निर्णय लिया ताकि इस इमारत के अंदर छिपे उग्रवादियों को पकड़ा जा सके। कांस्टेबल बीरेन्द्र सिंह सं. 94008003 उस ढहे मकान मे प्रवेश करने के लिए स्वयं आगे आए। जब ये मकान की ओर बढ़ रहे थे तो उग्रवादियों ने इन पर भारी गोली-बारी कर दी। लेकिन इस गोली बारी की परवाह किए बगैर कांस्टेबल बीरेन्द्र सिंह उस इमारत की तरफ दौड़े और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर टूटे हुए मकान के मलबे के ढेर में दो हैंड ग्रेनेड फेंके जहां से वे उग्रवादी गोली-बारी कर रहे थे। इसके बाद इन्होंने अपनी एसौल्ट राइफल से उग्रवादियों पर भारी गोली-बारी की जिससे दोनों ही उग्रवादी घटनास्थल पर ही ढेर हो गए। उस मलबे की तलाशी लेने पर तीन उग्रवादियों के शव मिले। वहां से ए के श्रृंखला की तीन राइफलें, मैग्जीन/गोली-बारुद और उग्रवादियों के कोड चिह्न/चाबियां तथा उस क्षेत्र में उग्रवदियों की विभिन्न वारदातों से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए। मारे गए उग्रवादियों की पहचान अबू रफी, अबू वसीम साहिन और अबू बिलाल के रुप में हुई। ये सभी पाकिस्तानी नागरिक थे।

इस मुठभेड़ में, श्री बीरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 अप्रैल, 2003 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं. 165-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. शिव कुमार पी. कांस्टेबल।
2. सर्वण कुमार, कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

वर्ली मोहम्मद निवासी ग्राम-महू, जिला राजौरी, जम्मू और कश्मीर के मकान में उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर 10 जुलाई, 2003 को 142वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक अभियान योजना बनाई और उसे कार्यरूप दिया। चूंकि दिन का समय था और वह मकान काफी ऊंचाई पर स्थित था इसलिए वहां से सामने वाली सड़क स्पष्ट दिखाई दे रही थी। इसी आधार पर यह निर्णय लिया गया कि सादे कपड़ों में एक कोर एक्शन टीम अभियान चलायेगी। तदनुसार, एक दल ने सादे कपड़ों में सिविल वाहनों में उस क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। स्थिति का जायजा लेने के बाद लगभग 1700 बजे सादे कपड़ों में पहली घेराबंदी की गई और पूर्ण रूप से अप्रत्याशित और चतुराई के साथ दूसरा घेराव लगभग 1745 बजे किया गया। जैसे ही घेरा कसा गया वैसे ही उग्रवादियों ने वर्दीधारी लोगों को देख लिया और उन्होंने गोली-बारी और ग्रेनेड फेंक कर उस मकान से भागने की कोशिश की। उग्रवादियों की इस गोली-बारी का माकूल जवाब दिया गया और इसके परिणामस्वरूप एक उग्रवादी घायल हो गया और वह मकान के पीछे खाली जगह में फंस गया। लेकिन वह जवानों पर गोली-बारी करता रहा। इस मौके पर, कांस्टेबल शिव कुमार और कांस्टेबल सर्वण कुमार गोलियों की बौछार के बीच अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर रेंगते हुए उस खाली जगह के निकट पहुंचे और उस उग्रवादी पर ग्रेनेड फेंका जिससे वह उग्रवादी वहीं ढेर हो गया। इसी बीच, दूसरा उग्रवादी उस मकान से भागने में सफल हो गया लेकिन वह पहले और दूसरे घेरे के बीच फंस गया। इस उग्रवादी ने अपने मोर्चे से गोली-बारी करना और ग्रेनेड फेंकना जारी रखा जिससे जवान घायल हो गया। लेकिन कांस्टेबल सर्वण कुमार और कांस्टेबल शिव कुमार पी. ने एक बार फिर अपने जीवन की बिल्कुल भी परवाह नहीं की और रेंगते हुए उग्रवादी के मोर्चे के नजदीक पहुंच गए और बहुत नजदीक से उसे मार गिराया। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर वहां पर दो उग्रवादियों के शव मिले। इसके साथ ही वहां से ए.के. शृंखला की दो राइफलें, दो आस्ट्रियाई ग्रेनेड, एक रेडियो सेट और गोली-बारूद भी बरामद हुआ। मारे गए उग्रवादियों की पहचान अल अनवर, कूट नाम शेरिया निवासी लाहौर (पाकिस्तान) और मोहम्मद शफीक उर्फ सयम अली निवासी कोटली (पाकिस्तान) के रूप में की गई। ये दोनों ही अल-बदर संगठन के उग्रवादी थे।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री शिव कुमार पी, कांस्टेबल और सर्वण कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहें हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 जुलाई, 2003 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 166-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अनिल कुमार राय,
सहायक कमांडेंट ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

खांडे मोहल्ला, गांव इछागोज, जिला पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) में एक घर में दो उग्रवादियों के छिपे होने के संबंध में एक विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक विशेष अभियान की योजना बनाई गई और उसे 5 सितम्बर, 2003 को सीमा सुरक्षा बल की 8वीं और 9वीं बटालियन के जवानों द्वारा संयुक्त रुप से चलाया गया। योजना के अनुसार, श्री ए के राय, सहायक कमांडेंट की कमान में सीमा सुरक्षा बल की 9वीं बटालियन का क्यू आर टी (त्वरित कार्रवाई बल) तेजी से आगे बढ़ा और उन्होंने लक्षित घर का घेरा डाल दिया और उसके पश्चात 8वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के त्वरित कार्रवाई बल ने गांव को चारों ओर से घेर लिया। फिर, लगभग 1200 बजे लक्षित घर की तलाशी शुरु की गई। जब उस पार्टी, जिसका नेतृत्व श्री राय कर रहे थे, ने लक्षित घर में घुसने का प्रयास किया तभी घर के अंदर छिपे उग्रवादियों ने तलाशी-पार्टी पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी और उसके बाद ग्रेनेड फेंकने शुरु कर दिए। इससे भयभीत न होते हुए, श्री राय ने घेरे को पुन: व्यवस्थित किया और लक्षित घर के सामने एक लाभप्रद स्थल पर कब्जा कर लिया। उग्रवादियों और जवानों के बीच बगैर किसी ठोस परिणाम के लगभग दो घंटों तक भारी गोलीबारी होती रही। बखूबी मोर्चाबंदी किए हुए उग्रवादियों को बाहर निकालने के उद्देश्य से, श्री राय ने स्वचालित ग्रेनेड लांचर से फायर करके लक्षित घर के अंदर ग्रेनेड फेंकने का निदेश दिया। उग्रवादियों में से एक उग्रवादी बचने के प्रयास में, आंतरिक घेराबंदी पार्टी पर भारी गोलीबारी करते हुए घर से बाहर कूद गया, जिसके परिणामस्वरुप लांस नायक विजय राम गोलियां लगने से जख्मी हो गए। खतरे को भांपते हुए, श्री राय ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए बहुत ही निकट से उग्रवादी का सामना किया और उसे मार गिराया। श्री राय ने पुन: दलों को लक्षित घर में स्वचालित ग्रेनेड लांचर से ग्रेनेड दागने का निदेश दिया। उसके पश्चात निरंतर चल रही गोलीबारी रुक गई। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर, एक ए के श्रेणी की राइफल, एक चीनी पिस्तौल, एक हैंड ग्रेनेड, एक वायरलैस सेट और काफी मात्रा में गोलाबारुद के साथ-साथ दो उग्रवादियों के शव बरामद किए गए। मृत उग्रवादियों की पहचान निम्नलिखित के रुप में की गई :-

(क) अब्दुल रहमान दीदेड पुत्र शातारुद्दीन निवासी लस्सीदामन, जिला पुलवामा (जम्मू और कश्मीर)

(ख) खुर्शीद अहमद पारे "हरीश पुत्र मकबूल पारे निवासी चवान, जिला पुलवामा (जम्मू और कश्मीर)

इस मुठभेड़ में, श्री अनिल कुमार राय, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5 सितम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

अरुण मित्रा
निदेशक

सं0 167-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री दिनेश चंद्र रॉय,
कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

1 मई, 2003 को सीमा सुरक्षा बल की 120वीं बटालियन के कांस्टेबल दिनेश चन्द्र रॉय, टैक मुख्यालय 120वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल, त्राल (जम्मू और कश्मीर) के मुख्य प्रवेश द्वार पर लाइट मशीन गन थामे संतरी ड्यूटी पर थे। लगभग 1845 बजे इन्होंने पुलिस की वर्दी में दो व्यक्तियों को ए के 47 राइफलें लिए हुए मुख्य प्रवेश द्वार की ओर बढ़ते देखा। जैसे-जैसे वे प्रवेश द्वार की ओर आ रहे थे कांस्टेबल दिनेश चंद्र रॉय ने उनकी संदेहास्पद चाल-ढाल तथा वर्दी में कमियां नोटिस की तथा तत्काल गार्ड कमांडर तथा गार्ड पार्टी के अन्य सदस्यों को सचेत किया। गार्ड कमांडर ने दोनों व्यक्तियों को रुकने के लिए कहा परन्तु वे आगे बढ़ते रहे। ऐसी स्थिति में कांस्टेबल दिनेश चंद्र रॉय, जो उन पर निगाह रखे हुए थे, तत्काल बैठ गए और उन लोगों की ओर अपनी लाइट मशीनगन तान दी। गार्ड कमांडर ने उन्हें पुन: रुकने के लिए ललकारा परन्तु इसका उत्तर उन्होंने गार्ड पार्टी पर भारी मात्रा में गोली बारी करके दिया तथा साथ ही साथ उन्होंने एक ग्रेनेड भी इन पर फेंका। खतरे को भांपते हुए कांस्टेबल दिनेश चंद्र रॉय ने अपनी तीक्ष्ण सूझ-बूझ के साथ तथा सामने मौजूद खतरे को देखते हुए बहुत निकट से उग्रवादियों पर गोलीबारी की तथा उस उग्रवादी को मार गिराया जो एक हथगोला फेंकने ही वाला था। अन्य उग्रवादी, जो हालांकि दिनेश चन्द्र रॉय की गोलीबारी से घायल हो गया था, धूल और धुंए की ओट में फरार होने में सफल हो गया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर मारे गए उग्रवादी के शव के साथ एक ए के श्रेणी की राइफल, चार हथगोले तथा गोली बारुद बरामद हुआ। मारे गए उग्रवादी की पहचान जे ई एम संगठन के महमूद गैर निवासी पाकिस्तान के रुप में हुई।

इस मुठभेड़ में, श्री दिनेश चंद्र रॉय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1मई, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 168-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. तेजपाल डाबर, सहायक कमांडेंट।
2. कल्याण सिंह, हैड कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

उग्रवादियों के एरिया हिल, गुज्जर गली, जिला ऊधमपुर (जम्मू और कश्मीर) में मौजूदगी की विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए 22 दिसम्बर, 2002 को 172वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक विशेष आपरेशन की योजना बनाई तथा उसे कार्य रुप दिया। योजना के अनुसार श्री तेजपाल डाबर, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में लम्बी दूरी की गश्त लगाने वाले दल (एल आर पी) और हैड कांस्टेबल कल्याण सिंह के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई टीम (क्यू आर टी) ने अपने लक्ष्य क्षेत्र की ओर कूच किया। यह क्षेत्र सीधी ढलान, बड़ी-बड़ी चट्टानों और घने झाड़-झंखाड़ के कारण काफी दुर्गम था। लेकिन इन जवानों ने विस्मय की स्थिति बनाए रखने के लिए खेतों का रास्ता चुना और उस क्षेत्र का घेराव कर दिया। इसके बाद श्री तेजपाल डाबर, सहायक कमांडेंट और हैड कांस्टेबल कल्याण सिंह उस स्थान की ओर बढ़े जहां पर उग्रवादियों के छिपने की आशंका थी। जो उगग्रादी झाड़ियों/चट्टानों के पीछे छिपे हुए थे उन्होंने जवानों की चाल को भांप लिया और उन्होंने तुरंत ही बहुत नजदीक से श्री तेजपाल डाबर और कल्याण सिंह पर गोलियां चलाईं और उसके बाद उन पर ग्रेनेड फेंके। उग्रवादियों की इस गोलीबारी का जवाब देते हुए दोनों ही पेड़ों और चट्टानों की आड़ लेते हुए उनकी तरफ बढ़ते रहे। उग्रवादियों द्वारा फेंका गया एक ग्रेनेड श्री डाबर के बिल्कुल नजदीक फटा लेकिन वे बाल-बाल बच गए। अपने जीवन की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए श्री डाबर ने उग्रवादियों पर गोलीबारी जारी रखी। इसी बीच एक उग्रवादी चट्टानों की आड़ में जवानों पर गोलीबारी करते हुए जंगल की तरफ भाग गया। बाकी दो उग्रवादियों ने विपरीत दिशा में छलांग लगाई जहां पर श्री डाबर और हैड कांस्टेबल कल्याण सिंह ने मोर्चा लिया हुआ था। हैड कांस्टेबल कल्याण सिंह अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना अपने मोर्चे से बाहर निकले और अचूक निशाना लगा कर एक उग्रवादी को घटना स्थल पर ही मार गिराया। दूसरी ओर श्री डाबर ने गोली चला कर दूसरे उग्रवादी को घायल कर दिया, लेकिन घायल उग्रवादी ने पेड़ की आड़ ले ली और श्री डाबर पर गोलियां चलानी शुरु कर दी। इस बात को महसूस करते हुए कि छिपे हुए उग्रवादी को उस स्थान से नहीं हटाया जा सकता है श्री डाबर ने हैड कांस्टेबल कल्याण सिंह को निदेश दिया कि वे खाई में मोर्चा लिए हुए उग्रवादी को उलझाए रखें। फिर इन्होंने साहसिक चाल चली और रेंगते हुए उग्रवादी के मोर्चे की ओर बढ़ने लगे। जब इन्होंने उस उगग्रादी को देख लिया तो स्वयं मोर्चा संभाल कर अपनी ए के राइफल से दूर से उस पर गोलियां चला दी जिससे वह घटना स्थल पर ही मारा गया। यद्यपि, तीसरा उग्रवादी घायल हो गया था लेकिन यह घने झाड़-झंखाड़ और घुमावदार रास्ते की आड़ लेकर भागने में सफल हो गया। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर वहां से ए के श्रृंखला की एक राइफल, .303 की एक राइफल, दो हथगोले और गोली-बारुद के साथ उग्रवादियों के दो शव बरामद हुए। मारे गए उग्रवादी की पहचान फारुख अहमद मीर पुत्र अब्दुल्ला रहमान मीर, निवासी सुरीकुंडी, गुल (जम्मू और कश्मीर) और मोहम्मद इकबाल पुत्र अब्दुल गनी लोहार निवासी देधा गुल (जम्मू और कश्मीर) के रुप में की गई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री तेजपाल डाबर, सहायक कमांडेंट और कल्याण सिंह, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 दिसम्बर, 2002 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 169-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. कुंबारकर लाला, कांस्टेबल।
2. जोगेश्वर पाल, कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

जंगल की एक झोपड़ी (धोक) में उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट सूचना के आधार पर 18.06.2002 की सायं 102 बटालियन सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने दर्शा गली, गुल, जिला ऊधमपुर,जम्मू और कश्मीर के सामान्य क्षेत्र में एक आपरेशन चलाने की योजना बनाई और उसे कार्यरुप दिया। जब ये जवान लक्ष्य क्षेत्र में पहुंचे तो बारिश हो रही थी और अंधेरा होने लगा था। लक्षित क्षेत्र में पहुंचने पर आपरेशन कमांडर ने ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी क्षेत्र का तुरंत ही जायजा लिया और उन स्थानों पर रुकावटें खड़ी कर दी जहां से उग्रवादियों के भागने की संभावना थी तथा योजना के अनुसार कवर करने और हमला करने वाले जवानों को भी तैनात कर दिया। विधिवत तैयारी करने के बाद हमला करने वाला दल लक्षित क्षेत्र की तरफ बढ़ने लगा। जब उग्रवादियों को जवानों की चाल का पता चला तो उन्होंने जवानों पर भारी गोलीबारी की और ग्रेनेड फेंके। लेकिन इसकी परवाह न करते हुए दल लक्ष्य की ओर आगे बढ़ता रहा। इस मुठभेड़ में यह दल एक उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मारने में सफल हो गया। जब दूसरे उग्रवादियों ने देखा कि उनका एक साथी मारा गया है तो वे घबरा गए और जवानों पर भारी गोलीबारी करते हुए भाग खड़े हुए। उग्रवादियों के साथ हुई इस निरंतर गोलीबारी में जब कांस्टेबल कुंबारकर लाला ने देखा कि एक उग्रवादी बच कर भाग रहा है तो इन्होंने अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना उस उग्रवादी का पीछा किया और भागते हुए लड़ी जा रही इस लड़ाई में इन्होंने बच कर भागते हुए उस उग्रवादी को मार गिराया। इस अवस्था में, पार्टी कमांडर श्री अरुण कुमार वर्मा, सहायक कमांडेंट ने देखा कि नाले में पड़े बड़े-बड़े पत्थरों की आड़ ले कर एक और उग्रवादी बच कर भागने की कोशिश कर रहा है। दल ने उस पर ग्रेनेड फेंका लेकिन वह उग्रवादी चट्टानों की आड़ में सुरक्षित रुप से बच कर भागने में सफल हो गया। इस बीच उसने जवानों को चकमा देना और इन पर गोलीबारी करना जारी रखा। कांस्टेबल जोगेश्वर, जिसने नाले की दूसरी तरफ मोर्चा संभाला हुआ था, ने भी उस उग्रवादी को देख लिया और असाधारण साहस और बहादुरी का परिचय देते हुए चट्टानों की आड़ ले ली और बहुत नजदीक से गोली चला कर उस उग्रवादी को मार गिराया। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर ए के श्रृंखला की दो राइफलें, एक ग्रेनेडलांचर, तीन हथगोले और गोली-बारुद के साथ तीन उग्रवादियों के शव बरामद हुए। इन उग्रवादियों की पहचान निम्नानुसार की गई:-

(क) मोहम्मद युसुफ पुत्र हाजी इमामदीन चोहन निवासी बसा थुरु, जिला ऊधमपुर, जम्मू और कश्मीर।

(ख) महंदिया पुत्र नूर हुसैन, निवासी लांचा, गुल, जिला ऊधमपुर, जम्मू और कश्मीर ।

(ग) मुंशी पुत्र कादिरा हुसैन निवासी लांचा, गुल,जिला ऊधमपुर, जम्मू और कश्मीर ।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री कुंबारकर लाला, कांस्टेबल और जोगेश्वर पाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 जून, 2002 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 170-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. शज्जी फिलिप, हैड कांस्टेबल।
2. जे पी लाकरा, हैड कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

कादी मोहल्ला, त्राल (जम्मू और कश्मीर) में दो सशस्त्र उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर 120वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल, 138वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल और एस ओ जी जम्मू और कश्मीर के जवानों ने 11 फरवरी, 2003 को एक संयुक्त आपरेशन चलाया। लक्षित मकान की घेराबंदी की गई और 1845 बजे तलाशी आपरेशन शुरु किया गया। जब तलाशी ली जा रही थी तब मकान में छिपे उग्रवादियों ने तलाशी दल पर भारी गोली-बारी की। जब दोनों ओर से गोलीबारी की जा रही थी तो तलाशी दल के हैड कांस्टेबल ने देखा कि एक उग्रवादी चुपके से खिड़की के रास्ते भागने की कोशिश कर रहा है। अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए हैड कांस्टेबल शज्जी फिलिप उस खिड़की के निकट बढ़ने लगे ताकि उसे नजदीक से उलझा कर रखा जा सके।उस उग्रवादी ने खतरा भांप लिया और तत्काल वह अपने छिपने के स्थान से कूद कर बाहर आ गया तथा हैड कांस्टेबल पर गोलियां चलाने लगा। हैड कांस्टेबल शज्जी फिलिप ने फुरती और असाधारण साहस दिखाया और तेजी से झुक गए तथा साथ ही उग्रवादी पर गोलियां भी चलाईं जिससे वह घटनास्थनल पर ही मारा गया। जब दूसरे उग्रवादी ने देखा कि उसका साथी मारा गया है तो वह बाहर की तरफ दौड़ा और घेराबंदी करने वाले दल पर भारी गोलीबारी करते हुए भाग कर बचने की चेष्टा की। घेराव दल ने पलट कर इस गोलीबारी का माकूल जवाब दिया जिसके परिणामस्वरूप वह उग्रवादी अंदर के घेरे से भागने की कोशिश करने लगा। उसकी इस चाल को देखते हुए हैड कांस्टेबल जे पी लाकरा ने अपने जीवन की बिल्कुल भी परवाह किए बिना उग्रवादी के भागने के रास्ते को रोक दिया और पेशेवर अंदाज में बहुत ही नजदीकी लड़ाई में उस उग्रवादी को मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर ए के श्रृंखला की दो राइफलें, एक हथगोला और बड़ी मात्रा में गोली-बारूद सहित उग्रवादियों के दो शव बरामद हुए। बाद में मारे गए उग्रवादियों की पहचान मंजूर अहमद वनी उर्फ तंवीर और गुलाम कादिर खान उर्फ गाजी इलयास, निवासी ग्राम पन्नेर त्राल (जम्मू और कश्मीर) के रुप में हुई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री शज्जी फिलिप, हैड कांस्टेबल और जे पी लाकरा, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 फरवरी, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 171-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री लक्ष्मण सिंह,
कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

ग्राम टी सुंद, कुलगाम, जिला अनंतनाग (जम्मू और कश्मीर) के एक मोहम्मद अब्दुल भट्ट के घर में उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में विशिष्ट सूचना के आधार पर, 5 मई, 2003 को 52वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा एक तलाशी और घेराबंदी आपरेशन की योजना बनाई गई और उसे कार्य रूप दिया गया। योजना के अनुसार, लक्षित घर की 6 बजे घेराबंदी कर ली गई। आगे बढ़ रहे जवानों को देख कर घर में छिपे उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इसके उत्तर में जवानों ने भी जवाबी गोलीबारी की। तथापि, उग्रवादी आड़ का लाभ उठाते हुए, निरंतर भारी गोलीबारी करते रहे, जिसके कारण जवान आगे नहीं बढ़ सके। इस पर, कांस्टेबल विष्णु सिंह शेखावत और कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह लक्षित घर में प्रवेश करने के लिए स्वेच्छा से आगे आए और उग्रवादियों से भिड़ने का निर्णय लिया। कांस्टेबल विष्णु सिंह साहस, दृढ़निश्चय और चालाकी के साथ रेंगते हुए लक्षित घर के निकट आ गए जबकि कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह उन्हें कवरिंग फायर प्रदान करते रहे। जब कांस्टेबल विष्णु सिंह लक्षित घर पर पहुँचे तो उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए दरवाजे पर ठोकर मार कर उसे खोल दिया और उग्रवादियों को उलझा दिया। तथापि, इस प्रक्रिया में वे गोलियां लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गए। अपने जख्मों पर ध्यान न देते हुए, उन्होंने फुर्ती से उग्रवादियों पर धावा बोल दिया और बेहोश होकर जमीन पर गिरने से पहले इन्होंने बहुत ही सटीक गोलीबारी करके उग्रवादियों में से एक को उसी स्थान पर मार गिराया। अपने साथी की जान को खतरे में पड़ता देखकर, कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, अपनी जान की परवाह न करते हुए, उस जगह पर तेजी से गए और घायल कांस्टेबल को अपने कंधे पर उठा कर उग्रवादियों की ओर से की जा रही भारी गोलीबारी के बीच से एक सुरक्षित जगह पर ले आए। तथापि, कांस्टेबल विष्णु सिंह ने बाद में जख्मों के कारण दम तोड़ दिया। कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह उग्रवादियों की ओर से की जा रही गोलियों की बौछार का बहादुरी से मुकाबला करते हुए पुनः रेंगते हुए लक्षित घर के निकट पहुँच गए। कांस्टेबल को इतना समीप देखकर, दूसरे उग्रवादी ने हताशा में बचने का प्रयास किया और भारी गोलीबारी करते हुए खिड़की से बाहर कूद पड़ा। लेकिन कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह ने, असाधारण साहस का परिचय देते हुए उग्रवादी का पीछा किया और उसे मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी लेने पर, दो ए.के.-56 राइफलें, एक हैंड ग्रेनेड और गोलाबारूद के साथ-साथ मारे गए दो उग्रवादियों के शव बरामद किए गए। मारे गए उग्रवादियों की पहचान शौकत अहमद गनी, पुत्र वली मोहम्मद गनी निवासी सुच, कुलगाम (जम्मू और कश्मीर) और शहनवाज अहमद पारे पुत्र अब्दुल अहमद पारे निवासी वेगाम, कुलगाम (जम्मू और कश्मीर) के रूप में की गई।

इस मुठभेड़ में, श्री लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणत का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5 मई, 2003 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 172-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री संदीप मिश्रा,
सहायक कमांडेंट।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री संदीप मिश्रा, जिनकी नियुक्ति सीधी भर्ती के द्वारा सीमा सुरक्षा बल में सहायक कमांडेंट के रूप में 11.1.1999 को हुई थी, को असम के तिनसुकिया जिले में तैनात भारतीय सेना की 6 जाट रेजिमेंट के साथ आर्मी एटेचमेंट ट्रेनिंग के एक भाग के रूप में संबद्ध किया गया था। 6 जाट रेजिमेंट, जिसके साथ अधिकारी को संबद्ध किया गया था, की ओ पी रहिनो (आर एच आई एन ओ)-II पर तैनाती की गई थी। इस सेना बटालियन को 13 दिसंबर, 2000 को एस डी पी ओ, सदिया के माध्यम से एक सूचना प्राप्त हुई कि तुपसिंगा (टी यू पी एस आई एन जी ए), जिला तिनसुकिया में विद्रोहियों के एक ग्रुप के मौ जूद होने की संभावना है। सेना के बटालियन कमांडर द्वारा श्री संदीप मिश्रा को इस ग्रुप को बीच में रोकने हेतु आर्मी पेट्रोल का नेतृत्व करने के लिए तैनात किया गया। श्री संदीप तत्काल संयुक्त आपरेशन के लिए पुलिस के साथ-साथ सेना के जवानों का नेतृत्व करने हेतु गंश्त पर रवाना हो गए। आपरेशन/तलाश का क्षेत्र एक घने जंगल वाला बहुत ही दुर्गम उबड़-खाबड़ भूभाग था जहाँ वे बहुत सारे नालों और जल मार्गों को पार करके पहुँचे। पार्टी ने गांव की घेराबंदी और तलाशी की लेकिन वे उग्रवादियों को नहीं पकड़ सके क्योंकि वे जवानों के वहां पहुँचने से पहले ही गांव छोड़कर चले गए थे। तलाशी आपरेशन पूरा होने तक 1700 बज चुके थे और अंधेरा होने लगा था तथा वे वहाँ से जाने ही वाले थे। जैसे ही वाहनों का काफिला नदी के पार एक तंग पुलिया पर पहुँचा वैसे ही उन पर सड़क के दोनों तरफ से स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की गई जिसके परिणामस्वरूप दो पुलिस कर्मियों की तत्काल मौत हो गई और तीन अन्य कर्मी जख्मी हो गए। श्री संदीप शर्मा वाहन से बाहर कूद पड़े और अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए इन्होंने जवाबी गोलीबारी की और अपने जवानों को जवाबी हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने अधिकारी की साहसिक कार्रवाई और एकजुट होकर लड़ने के लिए किए गए आह्वान से प्रेरित होकर जवानों ने जोशपूर्ण ढंग से जवाबी कार्रवाई की और उग्रवादियों को उलझा लिया जिससे विद्रोहियों को प्रारंभिक लाभ नहीं मिल सका। इससे उग्रवादी पहल नहीं कर पाए और वे अधिक लोगों को हताहत करने और हथियार छीनने से वंचित रह गए जिससे एक बड़े आघात को टाला जा सका। इसी लंबी गोलीबारी के दौरान अधिकारी अपने व्यक्तिगत उदाहरण के द्वारा नेतृत्व प्रदान करते रहे और उन्हें कम-से-कम नौ गोलियां लगीं इसके बावजूद भी ये पलट कर हमला करने और उग्रवादियों की घात को तोड़ने के लिए लगातार अपने जवानों को प्रेरित करते रहे। इस अधिकारी को घटनास्थल से गंभीर हालत में वहां से हटा लिया गया और बहुत दिनों तक उपचार करने के बावजूद इनकी दोनों आंखों की रोशनी चली गई और वे पूरी तरह से अशक्त हो गए। इस युवा अधिकारी ने अपनी सेवा के शुरूआती दौर में ही इस अभियान के दौरान चमत्कारिक साहस, अद्वितीय पराक्रम और आत्म-बलिदान हेतु उच्च कोटि की तत्परता का परिचय दिया और ऐसा करते हुए अपनी दोनों आखों की दृष्टि बलिदान कर दी।

इस मुठभेड़ में, श्री संदीप मिश्रा, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13 दिसंबर, 2000 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 173-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

(1) राजेश कुमार, कांस्टेबल

(2) नेम सिंह, कांस्टेबल (मरणोपरांत) ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

सामान्य क्षेत्र फागला, जिला राजौरी, जम्मू और कश्मीर में उग्रवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक विशिष्ट सूचना के आधार पर, 7 दिसंबर, 2002 को सीमा सुरक्षा बल की 200वीं बटालियन और 4 राजराइफल के जवानों द्वारा एक संयुक्त अभियान की योजना तैयार की गई और उसे कार्यरूप दिया गया। गांव की घेराबंदी करने के पश्चात, 8 दिसंबर, 2002 को सुबह-सवेरे काम्बिंग ऑपरेशन शुरू किया गया। तथापि, उग्रवादी गांव में जवानों की आवाजाही को देख कर घेराबंदी किए गए क्षेत्र के भीतर जंगल में घुस गए। लगभग 1345 बजे उग्रवादियों के साथ संपर्क स्थापित हुआ और उसके पश्चात मुठभेड़ शुरू हो गई। आपसी गोलीबारी के दौरान, कांस्टेबल नेम सिंह जांघ में गोली लगने से घायल हो गए, लेकिन घायल होने के बावजूद तथा अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए उन्होंने उग्रवादियों को निरंतर उलझाए रखा और उनमें से एक को घायल कर दिया । तथापि, आपसी भारी गोलीबारी के दौरान, कांस्टेबल नेम सिंह को सीने में कई गोलियां लगीं जिसके पश्चात वे जमीन पर गिर पड़े। उनकी बिगड़ती हालत को देखकर, भारी गोलीबारी के बीच कांस्टेबल राजेश कुमार अपने जख्मी साथी को सुरक्षित जगह पर ले गए लेकिन ऐसा करने के दौरान, वे भी गोलियां लगने से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद, कांस्टेबल राजेश कुमार साहस और बहादुरी का असाधारण प्रदर्शन करते हुए जख्मी उग्रवादी के निकट पहुँच गए और उसे वहीं ढेर कर दिया । जबकि कांस्टेबल राजेश कुमार को अस्पताल पहुंचा दिया गया लेकिन कांस्टेबल नेम सिंह ने वहीं पर जख्मों के कारण दम तोड़ दिया । उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर, एक ए.के. श्रेणी की राइफल, दो हैंड ग्रेनेड और गोलाबारूद सहित मारे गए उग्रवादी का शव बरामद हुआ । मारे गए उग्रवादी की पहचान एल ई टी गुट के जावेद अख्तर उर्फ अबू उस्मान के रूप में की गई ।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री राजेश कुमार, कांस्टेबल और दिवंगत नेम सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 दिसंबर, 2002 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 174-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	के.श्रीनिवासन, अपर उप महानिरीक्षक।	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
2.	सी.पी. त्रिवेदी, द्वितीय कमान अधिकारी।	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
3.	एम.आर. बीनुचन्द्रन, सहायक कमांडेंट ।	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
4.	राजेश सिंह बदोरिया, कांस्टेबल।	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
5.	हिमांशु गौड़, सहायक कमांडेंट ।	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
6.	हेमचन्द्र जोशी, हैड कांस्टेबल।	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
7.	कुलदीप सिंह, हैड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
8.	माणिक चन्द्र नाथ, हैड कांस्टेबल।	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
9.	नील कमल दास, कांस्टेबल।	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
10.	ओमवीर सिंह, कांस्टेबल।	(वीरता के लिए पुलिस पदक) ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गहन और निरन्तर आसूचना प्रयासों, निगरानी, रणनीतिक अभियानों और पकड़े गए उग्रवादियों से पूछताछ के परिणामस्वरुप 29 अगस्त, 2003 की शाम को राणा ताहिर नदीम उर्फ शाबाज खान उर्फ गाजी बाबा, जैश-ए-मोहम्मद के मुख्य ऑपरेशनल कमांडर, एक दुर्दान्त उग्रवादी नेता, जिसने 13 दिसम्बर, 2001 को भारतीय संसद पर घृणित हमले की योजना बनाई थी, के नूरबाग, श्रीनगर के निर्मित क्षेत्र के एक घर में छिपने के ठिकाने में मौजूद होने के बारे में सूचना मिली। चूंकि गाजी बाबा अपने ठिकाने बदलने और पकड़े जाने से बचने की रहस्यपूर्ण चालों के लिए प्रसिद्ध था इसलिए यह आवश्यक हो गया था कि उसके ठिकाने में उसी रात अर्थात 29/30 अगस्त, 2003 के बीच की रात को ही घुसा जाए और तलाशी ली जाए। सीमा सुरक्षा बल की 193वीं बटालियन के कमांडेंट और सीमा सुरक्षा बल की 61वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी/स्थानापन्न कमांडेंट श्री एन एन डी दुबे द्वारा ठिकाने में घुसने और उसकी तलाशी लेने की योजना तुरंत बनाई गई। यह आपरेशन सीमा सुरक्षा बल की 61वीं/193वीं बटालियनों के अधिकारियों और जवानों का एक संयुक्त आपरेशन था। 30 अगस्त, 2003 को तड़के सुबह लक्षित घर पर लुक-छिपकर पहुंच कर उसकी बाहरी घेराबंदी कर ली गई। परिसर की दीवार पर ताला लगा देख कर श्री बीनु चन्द्रन, सहायक कमांडेंट (टी) और कांस्टेबल हुकुम चन्द ने चार दीवारी को फांदकर गेट को खोल दिया। घर के आँगन में पहुँच जाने पर, सीमा सुरक्षा बल की 61वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट श्री हिमांशु गौड़ के नेतृत्व में आंतरिक घेराबंदी की गई जिन्होंने स्वयं घर के अंदर प्रवेश के रास्ते को कवर करते हुए पोजीशन ले ली। श्री एन एन डी दुबे, द्वितीय कमान अधिकारी/स्थान्नापन्न कमांडेंट, श्री सी.पी. त्रिवेदी, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री एम.आर. बीनु चन्द्रन, सहायक कमांडेंट(टी), कांस्टेबल राजेश सिंह बदोरिया, कांस्टेबल बलबीर सिंह, कांस्टेबल नील कमल दास, कांस्टेबल ओमवीर सिंह और हैड कांस्टेबल/आर.ओ. माणिक नाथ स्वेच्छा से इमारत के अंदर घुसने के लिए आगे आए जबकि यह काम अत्यधिक दुर्घटना संभावित और खतरनाक था। श्री एन एन डी दुबे और उपर्युक्त दल ने उस घर के सामने वाले दरवाजे को द्रुत गति से तोड़कर घर में प्रवेश किया। घर के लोगों ने तुरंत बिजली की आपूर्ति बंद कर दी। पहले तल की तलाशी ली गई और उसे क्लियर कर लिया गया जिसमें परिवार का एक पुरुष और चार औरतें मिलीं। सिविलियनों से मौके पर की गई पूछताछ से कोई सूचना नहीं मिली। इस दल ने आगे कार्रवाई करते हुए इस घर के द्वितीय तल को भी अपने नियंत्रण में ले लिया। द्वितीय तल के एक कमरे में रखी

अलमारी की स्थिति और डिजायन संदेह पैदा कर रहा था। जवानों को आड़ लेने का आदेश देकर श्री बीनु चन्द्रन, सहायक कमांडेंट ने उस अलमारी के दर्पण पैनल को लात मार कर खोल दिया जिससे अंदर छिपने के ठिकाने का पता चला और उस ठिकाने के अंदर से श्री एन एन डी दुबे, श्री सी पी त्रिवेदी, श्री बीनु चन्द्रन, कांस्टेबल बलबीर सिंह और सामने खड़े अन्य पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी हुई और ग्रेनेड फैंके गए। उन ग्रेनेडों में से एक ग्रेनेड अधिकारियों के बिल्कुल निकट आकर गिरा और इसके फटने से पहले ही श्री बीनु चन्द्रन, सहायक कमांडेंट ने अपनी जान को अत्यधिक जोखिम में डालते हुए उस ग्रेनेड को उठा लिया और वापस फैंका जो अंदर उग्रवादियों के ठिकाने पर जाकर फटा जिससे अंदर मौजूद उग्रवादी घायल हो गए। उग्रवादियों ने हताशा में बचने का प्रयास करते हुए सीमा सुरक्षा बल के दल पर भारी गोलीबारी की और ग्रेनेड फैंके। श्री एन एन डी दुबे, श्री सी पी त्रिवेदी, हैड कांस्टेबल (आर ओ) माणिक नाथ, कांस्टेबल राजेश सिंह बदोरिया, कांस्टेबल बलबीर सिंह, कांस्टेबल ओमवीर सिंह और कांस्टेबल नील कमल दास शुरुआती गोलीबारी में ही किरचें लगने/गोलियों से जख्मी हो गए। एक उग्रवादी भारी गोलीबारी करते हुए छिपने के ठिकानों से अचानक बाहर कूदा। कांस्टेबल बलबीर सिंह, श्री एन एन डी दुबे को उसके सामने देखकर, अधिकारी के सामने कूद पड़े तथा उग्रवादी और अधिकारी के बीच में आ गए। इसी दौरान, ए के 47 की गोलियों की पूरी बौछार कांस्टेबल बलबीर सिंह के पेट में लगी और जख्मी हालत में ही इन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया लेकिन वे अंतिम सांस तक गोलीबारी करते रहे। श्री एन एन डी दुबे गोलियों के अनेक जख्मों के बावजूद भी उग्रवादी से भिड़ गए और उसकी ए के 47 राइफल को पकड़ लिया जिससे उसका निशाना चूक गया और इस प्रकार इन्होंने अपने दूसरे साथियों की जान बचा ली। उग्रवादी ने हताशा में अपने पाउच से पिस्तौल निकाली और श्री एन एन डी दुबे के दांये हाथ पर गोली चलाई जिससे इनके दांये हाथ का अग्र भाग बुरी तरह जख्मी हो गया। उग्रवादी अपने को छुड़ाने में कामयाब हो गया और उसने भागने का प्रयास किया। श्री एन एन डी दुबे गंभीर रुप से जख्मी होने और अत्यधिक खून बह जाने के बावजूद भी इन्होंने भागते हुए उग्रवादी पर गोलीबारी करते हुए बड़े साहस के साथ उसका पीछा किया। कांस्टेबल ओमवीर सिंह किरचों से लगे गंभीर घावों के बावजूद श्री एन एन डी दुबे के साथ दौड़े और भागते हुए उग्रवादी को उलझाए रखा। कांस्टेबल ओमवीर सिंह किरचें लगने से पुन: घायल हो गए और सीढ़ियों से लुढ़क गए। श्री एन एन डी दुबे ने लड़ते हुए गोली मार कर उस उग्रवादी को मार गिराया जिसकी पहचान बाद में राणा ताहिर नदीम उर्फ शाबाज खान उर्फ गाजी बाबा के रूप में की गई । गोलियों के अनेक घावों और खून की कमी के कारण श्री एन एन डी धर दुबे फर्श पर गिर पड़े । इसी बीच सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों और अभी भी अपने ठिकाने में छिपे हुए उग्रवादियों के बीच लड़ाई जारी थी । भारी गोलीबारी के बावजूद कांस्टेबल नील कमल दास ने श्री एन एन डी दुबे को बेहोश होकर गिरते हुए देख लिया और अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए और अनुकरणीय बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए, वे घायल अधिकारी को घसीट कर सीढ़ियों की तरफ ले आए । इस कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल नील कमल दास भी गोलियों से बुरी तरह घायल हो गए और श्री दुबे के साथ सीढ़ियों से गिर पड़े । अभी भी ठिकाने के अन्दर छिपे उग्रवादियों के साथ चल रही गोलीबारी में श्री सी पी त्रिवेदी, श्री बीनु चन्द्रन और कांस्टेबल राजेश सिंह बदोरिया भी किरचें लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गए । इसी समय, उग्रवादियों में से एक उग्रवादी उस ठिकाने के अन्दर से बाहर दौड़ा और भारी गोलीबारी करते हुए भागने की कोशिश करने लगा । कांस्टेबल राजेश सिंह बदोरिया, जो उग्रवादियों के छिपने के ठिकाने से गेट के नजदीक थे, ने घायल होने के बावजूद भी उस उग्रवादी के सामने आकर उसका रास्ता रोक लिया और विवश होकर उसे फिर ठिकाने के अन्दर जाना पड़ा । तब उग्रवादी ने ग्रेनेड फैंके जिसके कारण हैड कांस्टेबल (आर ओ) माणिक नाथ, जो श्री सी.पी. त्रिवेदी को कवरिंग फायर दे रहे थे, किरचें लगने से घायल हो गए । अपने गम्भीर जख्मों की परवाह न करते हुए बड़ी निर्भीकता के साथ हैड कांस्टेबल माणिक नाथ ने उग्रवादियों को लगातार उलझाए रखा। उन्हें बुरी तरह से जख्मी हालत में देख कर उन्हें उस कमरे से हट जाने को कहा गया लेकिन हैड कांस्टेबल माणिक नाथ ने ऐसा करने से मना कर दिया और श्री सी.पी. त्रिवेदी द्वारा उन्हें धकेल कर उस कमरे से बाहर निकालना पड़ा । उग्रवादी अभी भी छिपने के ठिकाने के अन्दर थे और निरन्तर गोलीबारी कर रहे थे और ग्रेनेड फैंक रहे थे । उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठाकर और ग्रेनेडों से विस्फोट करते हुए, दौड़ कर दूसरी मंजिल पर चढ़ने में सफल हो गए। इसी समय, श्री हिमांशु गौड़, सहायक कमांडेंट, हैड कांस्टेबल कुलदीप सिंह, कांस्टेबल हुकुम सिंह, कांस्टेबल सुरेश करनूल और हैड कांस्टेबल (आर ओ) हेम चन्द्र जोशी, जो आंतरिक घेराबंदी किए हुए थे, दौड़ कर पहले तल पर पहुँचे और गोलीबारी के बीच जल्दी से उस कमरे, जिसमें कार्मिक घायल पड़े हुए थे, और सीढ़ियों को नियंत्रण में ले लिया । श्री हिमांशु गौड़ ने घायल कार्मिकों को वहां से निकाला और बचाव पार्टी को कवरिंग फायर प्रदान की तथा ऊपर वाले तल से उग्रवादियों के हाथों जवानों को और अधिक संख्या में हताहत होने से बचाने के लिए ये स्वयं सीढ़ियों

को कवर करते हुए गोलीबारी करते रहे। इन्होंने घर के सिविलियन लोगों को भी वहां से निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया । घायलों को घर से बाहर लाने के बाद श्री हिमाशु गौड़ को यह आभास हुआ कि श्री सी पी त्रिवेदी और श्री बीनु चन्द्रन और कांस्टेबल बलबीर सिंह अभी भी दूसरे तल पर फंसे हुए हैं । बिना किसी घबराहट के श्री हिमांशु गौड़, हैड कांस्टेबल कुलदीप सिंह और हैड कांस्टेबल हेम चन्द्र जोशी दोबारा वापस गए और उग्रवादियों की गोलीबारी की परवाह न करते हुए सीढ़ियों से ऊपर चढ़ गए । हैड कांस्टेबल हेमचन्द्र जोशी जब ऊपर जा रहे थे तभी वे ग्रेनेड की किरचों के कारण गम्भीर रूप से घायल हो गए । श्री हिमांशु गौड़ के साथ हैड कांस्टेबल कुलदीप सिंह ने उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के बावजूद हैड कांस्टेबल जोशी को बचा कर निकाल लिया । श्री सी पी त्रिवेदी और श्री बीनु चन्द्रन, उग्रवादियों का पता लगाने का लगातार प्रयास करते रहे और सबसे ऊपरी तल पर पहुंच गए । इसी बीच उग्रवादी चुपके से वापस पहले तल पर पहुँच गए और जवानों को घर के अन्दर प्रवेश करने से रोकने के लिए सीढ़ियों से ऊपर चढ़ने के रास्ते पर गोलियां चलाते रहे । श्री सी.पी. त्रिवेदी और श्री बीनु चन्द्रन घायलावस्था, खून से लथपथ होकर सबसे ऊपरी तल पर फंस गए और उनका गोलाबारूद भी अब खत्म ही होने वाला था । श्री सी पी त्रिवेदी और बीनु चन्द्रन ने स्वयं को बड़ी मुसीबत में फंसा देख अत्यधिक सूझ-बूझ का परिचय दिया और छत को तोड़ने में सफल हो गए । चूंकि मुठभेड़ चल रही थी, श्री के श्रीनिवासन, अपर उप महानिरीक्षक (जी), जो कि घाटी में स्थापित सीमा सुरक्षा बल आसूचना तंत्र के प्रमुख थे, जिन्हें गाजी बाबा का पता लगाने और फंसाने का श्रेय दिया जाता है, मुठभेड़ स्थल पर पहुँच गए और ऑपरेशन की कमान अपने हाथ में ले ली क्योंकि सी पी त्रिवेदी, द्वितीय कमान अधिकारी और श्री बीनु चन्द्रन, सहायक कमांडेंट के लक्षित घर की छत पर फंसे होने के कारण गतिरोध उत्पन्न हो गया था और उग्रवादी अभी भी सक्रिय थे और घर के अन्दर से गोलीबारी कर रहे थे । श्री श्रीनिवासन ने उग्रवादियों द्वारा लक्षित घर के अन्दर से की जा रही गोलीबारी की परवाह न करते हुए जवानों और हथियारों को बड़ी चतुराई से दोबारा तैनात किया । इन्होंने लक्षित घर की सभी खिड़कियों और अन्य खुली जगहों पर समयबद्ध और सटीक गोलीबारी सुनिश्चित की और श्री सी पी त्रिवेदी और श्री बीनु चन्द्रन को दृढ़ता के साथ ये निदेश दिए गए कि थोड़ी देर के लिए गोलीबारी रुकने पर वे पूर्व-निर्दिष्ट संकेत पर इमारत से जमीन पर रखे गद्दों पर कूद जाएं । योजना के अनुसार कूदने वाली जगह के पास घायल अधिकारियों को ले जाने के लिए एक बंकर वाहन भी खड़ा किया गया था । श्री सी.पी. त्रिवेदी और श्री बीनु चन्द्रन ने अपने हथियार नीचे फेंक दिए और इसके बावजूद कि ये अधिकारी गोलियां और किरचें लगने से पहले ही घायल थे और उनके शरीर से बहुत खून बह रहा था, ये 40 फुट की ऊंचाई से घर की छत से कूद गए । जैसे ही श्री सी.पी. त्रिवेदी और बीनु चन्द्रन जमीन पर कूदे, वैसे ही बंकर वाहन के पिछले दरवाजे खोल दिए गए तथा श्री हिमांशु गौड़, सहायक कमांडेंट और हैड कांस्टेबल, बलबीर सिंह अपनी सुरक्षा की जरा सी भी परवाह न करते हुए बाहर कूदे और उग्रवादियों की तरफ से हो रही गोलीबारी के बीच इन अधिकारियों को जमीन से उठा लिया और इस प्रकार से इन्हें वहां से हटा कर इनकी जान बचाई । श्री बीनु चन्द्रन, सहायक कमांडेंट के ऊपर से कूदने के कारण इनकी हड्डियां कई जगह से टूट गईं। श्री सी पी त्रिवेदी और श्री बीनु चन्द्रन को वहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया, केवल कांस्टेबल बलबीर सिंह ही गिनने में नहीं आए । पकड़े गए सन्देशों के आधार पर और इस बात को ध्यान में रखते हुए, उग्रवादियों ने बचने के अन्तिम उपाय के रूप में इस इमारत को उड़ाने के लिए तारों का जाल बिछाया हुआ है, श्रीनिवासन ने तुरंत लक्षित घर में प्रवेश करने की योजना बनाई और उसमें घुस गए और इसी दौरान इन्होंने कांस्टेबल बलबीर सिंह के शव को ढूँढ़ निकाला और उसे उग्रवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी के बीच वहां से हटा लिया । इसके बाद हुए अनेक विस्फोटों के कारण इमारत मलबे के ढेर में तबदील हो गई । मलबे की तलाशी लेने पर राणा ताहिर नदीम उर्फ शाबाज खान उर्फ जेहादी उर्फ डॉक्टर उर्फ गाजी बाबा, पाकिस्तान निवासी, घाटी में जे.ई.एम. संगठन के चीफ ऑपरेशनल कमांडर और रशीद भाई पाकिस्तान निवासी, जे.ई.एम. का डिप्टी कमांडर के शव बरामद किए गए । राणा ताहिर नदीम उर्फ गाजी बाबा के मारे जाने के साथ ही घाटी में उग्रवाद की कमर टूट गई और सीमा सुरक्षा बल द्वारा की गई इस जबरदस्त कार्रवाई से पृथकतावादी तत्वों को उबरने में अब काफी समय लगेगा । अनेक इलैक्ट्रोनिक मदों के अलावा निम्नलिखित शस्त्र/गोलाबारूद/उपकरण/विस्फोटक इत्यादि बरामद किए गए:-

1.	असॉल्ट राइफल का कालीन के	-	01 नग
2.	टैंकरोधी राइफल ग्रेनेड एम-16 पी एल	-	04 नग
3.	इलैक्ट्रोनिक डेटोनेटर	-	16 नग
4.	वायरलैस सेट	-	02 नग
5.	डिजिटल डायरी	-	01 नग

6.	आई ई डी कवर	-	01 नग
7.	रूसी पिस्तौल	-	01 नग
8.	रूसी पिस्तौल की मैगजीन	-	02 नग
9.	यू बी जी एल	-	01 नग
10.	आई ई डी सर्किट	-	02 नग
11.	आई ई डी रिमोट कन्ट्रोल	-	01 नग
12.	ग्रेनेड पाउच	-	01 नग
13.	आई ई डी	-	01 नग
14.	व्हाईट आर डी एक्स	-	52 किग्रा.
15.	रसायन	-	02 किग्रा.
16.	राइफल ग्रेनेड	-	20 नग
17.	हैंड ग्रेनेड्स	-	11 नग
18.	स्टन ग्रेनेड	-	02 नग
19.	ए के गोलाबारूद	-	97 राउंद
20.	चीनी पिस्तौल का गोलाबारूद	-	129 राउंद
21.	रुसी पिस्तौल का गोलाबारूद	-	92 राउंद
22.	स्कॉरपीअन पिस्तौल	-	01 नग
23.	स्कॉरपीअन पिस्तौल की छोटी मैगजीन	-	01 नग
24.	स्कॉरपीअन पिस्तौल की बड़ी मैगजीन	-	01 नग
25.	एंटीना के साथ केनवुड का वायरलैस सेट	-	01 नग
26.	एंटीना के साथ येइसु का वायरलैस सेट	-	01 नग
27.	छोटी दूरबीन	-	01 नग
28.	रिमोट कंट्रोल डिवाइस (आर सी डी)	-	04 नग
29.	7.62 एम एम गोलाबारूद	-	162 राउंद
30.	9 एम एम गोलाबारूद	-	14 राउंद
31.	ए.के.-47 का गोलाबारूद	-	55 राउंद
32.	ब्लैक आर डी एक्स	-	1.5 कि.ग्रा.
33.	पिस्तौल पाउच	-	01 नग
34.	ग्रेनेड पाउच	-	01 नग
35.	पिस्तौल मैगजीन	-	01 नग
36.	ए के-47 गोलाबारूद	-	20 राउंद

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री के.श्रीनिवासन, अपर उप महानिरीक्षक, सी.पी. त्रिवेदी, द्वितीय कमान अधिकारी, एम. आर बीनु चन्द्रन, सहायक कमांडेंट, राजेश सिंह बदोरिया, कॉंस्टेबल, हिमांशु गौड़, सहायक कमांडेंट, हेमचन्द्र जोशी, हैड कांस्टेबल, कुलदीप सिंह, हैड कांस्टेबल, माणिक चन्द्र नाथ, हैड कांस्टेबल, नील कमल दास, कांस्टेबल, ओमवीर सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 अगस्त, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 175-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

	अधिकारियों के नाम और रैंक सर्व/श्री	
1.	देस राज, अपर उप महानिरीक्षक।	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
2.	मोहम्मद फिरदौश खान।	(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक) (मरणोपरांत)
3.	एम एस राठौड़, कमांडेंट ।	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
4.	प्रमोद कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी।	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
5.	मोहम्मद सिकंदर खान, कांस्टेबल।	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
6.	अमृत हजांग, कांस्टेबल।	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27 अगस्त, 2003 को लगभग 1905 बजे उग्रवादियों ने ग्रीनवे होटल, श्रीनगर, जो सेंट्रल टेलिग्राफ कार्यालय और मुख्यमंत्री के निवास के बहुत करीब है, के नजदीक ग्रेनेड फेंके। सीमा सुरक्षा बल की 43वीं बटालियन के जवान, जिनकी पूरे शहर में ड्यूटी लगी हुई थी, तत्काल उस जगह पर गए और उस क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। जवानों द्वारा की गई तुरंत कार्रवाई को देखकर उग्रवादियों ने ग्रेनेड फेंके और नजदीक के ग्रीनवे होटल में घुसने में सफल हो गए। इस घटना के संबंध में सूचना मिलने पर, श्री एम एस राठौड़, कमांडेंट 43वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल तत्काल उस जगह की ओर रवाना हुए। स्थिति का जायजा लेने के पश्चात, इन्होंने बच कर भाग निकलने के रास्तों को कवर करने हेतु जवानों की पुनः तैनाती की। इसी बीच श्री प्रमोद कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, 43वीं बटालियन भी त्वरित कार्रवाई बल के साथ वहां पर पहुँच गए और घेरे को और मजबूत कर दिया। साथ-साथ श्री देस राज, उप महानिरीक्षक, एस एच क्यू सी आई(ओप्स)-II भी वहां पहुँच गए और स्थिति का आकलन करने के पश्चात पास ही में स्थित सीमा सुरक्षा बल की बटालियनों से कुमुक मंगाने का आदेश दिया। जब श्री देस राज, उप महानिरीक्षक, टुकड़ियों की पोजीशन को पुनः व्यवस्थित और ब्रीफ कर रहे थे, उस समय वे उग्रवादियों द्वारा देखे जा सकते थे। उसी समय इन्होंने दो सिविलियन लड़कों को भारी गोलीबारी के बीच फंसे हुए देखा। इन्होंने तत्काल अपने जवानों को गोलीबारी रोकने का आदेश दिया और अपनी वैयक्तिक सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए उग्रवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी के सामने आकर उन लड़कों को बचाने के लिए तेजी से आगे बढ़े। श्री देस राज द्वारा अपनी जान की परवाह किए बिना की गई इस वीरतापूर्ण कार्रवाई से उन लड़कों की जान बच सकी लेकिन ऐसा करते हुए ये दायें कंधे में गोली लगने से गंभीर रुप से घायल हो गए। अपने उप महानिरीक्षक को गोलियां लगते हुए देखकर, श्री प्रमोद कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना तथा अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए और उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी और ग्रेनेडों के विस्फोटों के बीच रेंगते हुए अपने घायल उप महानिरीक्षक के नजदीक पहुँच गए और श्री देस राज, उप महानिरीक्षक, जिनके शरीर से तेजी से रक्त बह रहा था, को उठाया और आगे अस्पताल पहुँचाने हेतु सुरक्षित स्थान पर ले गए। इस प्रकार इन्होंने अपने अधिकारी की जान बचाई। इसी बीच, महानिरीक्षक(पी) और सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी भी वहां पहुँच गए। उन्होंने गहराई से स्थिति पर विचार-विमर्श किया क्योंकि श्री देस राज, उप महानिरीक्षक के घायल होने से गतिरोध उत्पन्न हो गया था और होटल में फंसे हुए बहुत से सिविलियन उग्रवादियों द्वारा बंधक बना लिए गए थे। इसी दौरान, फंसे हुए कुछेक सिविलियनों ने मोबाइल टेलीफोन पर सीमा सुरक्षा बल के दल के साथ संपर्क बना लिया

और यह पता लगा लिया गया कि इस तीन मंजिला होटल में लगभग 20 सिविलियन फंसे हुए हैं। चूंकि उग्रवादियों ने महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर रखा था और वे रुक-रुक कर गोलीबारी और ग्रेनेडों से विस्फोट करके सीमा सुरक्षा बल/पुलिस कर्मियों को जख्मी कर रहे थे, तब बंधकों की स्थिति को सुलझाने और फंसे हुए सिविलियनों को बचाने के लिए एक योजना बनाई गई। योजना के अनुसार, ध्यानभंग करने की युक्तियां अपना कर उग्रवादियों का ध्यानभंग करना था। इस अवसर का लाभ उठाकर श्री प्रमोद कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी अपनी जान की जरा सी भी परवाह न करते हुए उग्रवादियों की भारी गोलीबारी और फैंके जा रहे ग्रेनेडों के बीच से होटल में घुस गए। अपनी जान को खतरे में डालकर अधिकारी द्वारा प्रदर्शित की गई बहादुरी और साहस के कारण ही होटल में फंसे हुए सिविलियनों की जानें बचाई जा सकीं। पूरी रात भर आपस में गोलीबारी चलती रही। 28 अगस्त, 2003 की प्रात: इमारत पर धावा बोलने का निर्णय लिया गया। हैड कांस्टेबल मोहम्मद फिरदौस खान और कांस्टेबल मोहम्मद सिकंदर खान के साथ श्री एम एस राठौड़, कमांडेंट उस होटल में घुस गए और इन्होंने विद्युत गति से भूतल और पहली मंजिल को खाली करवाया। इस दौरान, इन्होंने एक कमरे में पांच और सिविलियनों और तीन व्यक्तियों, जिन्हें उग्रवादियों ने पिछली रात को मार दिया था, के शव देखे। श्री राठौड़ ने हैड कांस्टेबल मोहम्मद फिरदौस खान और कांस्टेबल मोहम्मद सिकन्दर खान के साथ मिलकर सभी पांचों सिविलियनों को बचा लिया और तत्पश्चात शव उठा लिए गए। सिविलियनों को बचाने के पश्चात, श्री राठौड़, हैड कांस्टेबल फिरदौस खान और कांस्टेबल सिकंदर खान गोली चलाओ और आगे बढ़ो की रणनीति अपना कर उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बीच दूसरी मंजिल की ओर बढ़े। जब आपस में गोलीबारी चल रही थी तभी हैड कांस्टेबल मोहम्मद फिरदौस खान ने एक उग्रवादी जिसने श्री राठौड़, को देख लिया था, श्री राठौड़ को निशाना बना कर गोली चलाने ही वाला था। अपने कमांडेंट की जान को खतरा भांप कर, हैड कांस्टेबल मोहम्मद फिरदौस खान अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए अद्वितीय साहसिक कार्रवाई करते हुए कमांडेंट के सामने कूद पड़े और अपनी सीने पर गोलियों की बौछार झेल लीं और इस प्रकार अपने कमांडेंट की जान बचाने में सर्वोच्च बलिदान दिया।श्री राठौड़ ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की जिससे उग्रवादियों में से एक घायल होकर नीचे गिर पड़ा लेकिन वह गोलियां चलाता रहा। दूसरे उग्रवादी ने ग्रेनेड फेंके। श्री राठौड़ और कांस्टेबल मोहम्मद सिकन्दर खान ने उग्रवादियों को लगातार उलझाए रखा और उनमें से एक को मार गिराया, जबकि दूसरा उग्रवादी तीसरी मंजिल पर चढ़ गया। स्थिति का आकलन करने के पश्चात, श्री राठौड़ ने श्री प्रमोद कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी को तीसरी मंजिल को क्लिअर करने का निदेश दिया। श्री प्रमोद कुमार और कांस्टेबल अमृत हजांग अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए उग्रवादी द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बीच, तीसरी मंजिल की ओर बढ़े और उच्चकोटि की वीरता का प्रदर्शन करते हुए उग्रवादी को मार गिराया। इमारत की तलाशी लेने पर दो ए के श्रेणी की राइफलें, एक 9 एम एम सी एम और गोलाबारुद के साथ-साथ दो उग्रवादियों के शव बरामद किए गए। मारे गए उग्रवादियों में से एक की पहचान इश्तियाक अहमद निवासी छताबल, श्रीनगर के रुप में की गई जबकि दूसरे उग्रवादी की पहचान नहीं की जा सकी ।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री देस राज, अपर उप महानिरीक्षक, दिवंगत मोहम्मद फिरदौश खान, एम एस राठौड़, कमांडेंट प्रमोद कुमार,द्वितीय कमान अधिकारी, मोहम्मद सिकंदर खान, कांस्टेबल और अमृत हजांग, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 अगस्त, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 176-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. वी.टी. मैथ्यू, द्वितीय कमान अधिकारी । (मरणोपरांत)
2. राघवेन्द्र एस., कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

28.10.2003 को छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल ने नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित क्षेत्र नारायणपुर का दौरा करना था। पुलिस अधीक्षक नारायणपुर के अनुरोध पर यूनिट के द्वितीय कमान अधिकारी श्री वी टी मैथ्यू को माननीय राज्यपाल के साथ उस क्षेत्र में सुरक्षा परिदृश्य पर चर्चा करने हेतु डिटेचमेंट हैडक्वॉटर्स से नारायणपुर तैनात किया गया। माननीय राज्यपाल के नारायणपुर से प्रस्थान के पश्चात, श्री वी.टी. मैथ्यू, द्वितीय कमान अधिकारी एक बुलेट प्रूफ जिप्सी सहित 3 वाहनों की एक कान्वॉई में लगभग 1200 बजे दस कर्मियों की एक संरक्षी पार्टी के साथ डिटेचमेंट हैडक्वॉटर्स के लिए चल पड़े। जब पार्टी गांव भेंदा के नजदीक पहुँची, तभी इन पर लगभग 1230 बजे करीब 150 नक्सलियों के एक ग्रुप, जो अधुनातन हथियारों से लैस था, द्वारा घात लगाकर हमला किया गया। हमले की शुरुआत में नक्सलवादियों ने कान्वॉई में सबसे आगे चल रही एक बुलैट प्रूफ जिप्सी को एक बहुत शक्तिशाली आई ई डी से उड़ा दिया। जिप्सी में बैठे सभी तीनों लोग घटनास्थल पर ही मारे गए। इसके साथ ही, नक्सलवादियों ने अच्छी तरह से कवर किए गए अपने मोर्चों के पीछे से स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरु कर दी। उन्होंने रणनाद करते हुए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पार्टी को समर्पण करने के लिए कहा। काफी संख्या में अच्छी तरह से मोर्चाबंद नक्सलवादियों के कारण श्री वी टी मैथ्यू, द्वितीय कमान अधिकारी ने पूरी पार्टी को अपने वाहनों से नीचे उतरने, आड़ लेने और प्रभावी रुप से जवाबी गोलीबारी करने के आदेश दिए। उन्होंने भी पोजीशन लेते हुए नक्सलवादियों की ओर गोलीबारी शुरु कर दी। उन्होंने बहुत जल्दी से पूरी स्थिति का विश्लेषण किया। कार्मिकों और उग्रवादियों में 1:15 का अनुपात था जो पूरी तरह से नक्सलवादियों के पक्ष में था। वे चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे थे कि यदि सी आर पी एफ कार्मिक समर्पण कर देगें तो वे उनकी जान बक्श देगें। श्री वी टी मैथ्यू, द्वितीय कमान अधिकारी ने अपने कर्मियों को साहसपूर्ण ढंग से सत्यनिष्ठा के साथ घात लगाकर धावा बोलने तथा उग्रवादियों द्वारा लगाई गई घात को नाकाम करने के लिए कहा। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना तथा अपनी जान को खतरे में डालकर उन्होंने अपने कुछ बहादुर कर्मियों के साथ नक्सलियों द्वारा लगाई गई घात को नाकाम बनाने के उद्देश्य से तथा अपनी पार्टी के कर्मियों की जान और हथियारों की सुरक्षा हेतु नक्सलियों की ओर भीषण धावा बोल दिया। इस कार्रवाई के दौरान उन्हें नक्सलियों द्वारा की गई गौलियों की बौछार कमर के नीचे आकर लगी जिससे वे जख्मी हो गए जिसके परिणामस्वरुप उनकी पेल्विस् की हड्डी कई जगह से टूट गईं, मूत्राशय और आंतों की रक्तवाहनियां फट गईं। श्री वी टी मैथ्यू, द्वितीय कमान अधिकारी दो गोलियों से जख्मी होने के बावजूद गोलीबारी करते रहे और अपने दल को नक्सलियों का पीछा करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद अधिकारी द्वारा प्रदर्शित बीरतापूर्ण कार्रवाई ने उनके दल, जिसकी वह कमान कर रहे थे, के सामने श्रेष्ठ नेतृत्व का एक उदाहरण प्रस्तुत किया और अतिवादियों से सफलतापूर्वक मुठभेड़ की। सं. 001400698 कांस्टेबल/जी डी राघवेन्द्र एस. ने शुरु में श्री वी टी मैथ्यू, द्वितीय कमान अधिकारी और उनकी पार्टी को गोलीबारी करते हुए आड़ प्रदान की जिसके कारण वे नक्सलियों की तरफ बढ़ने और उन पर धावा बोलने में समर्थ हो सके। तथापि, जब श्री वी टी मैथ्यू, द्वितीय कमान अधिकारी गोलियों की बौछार

लगने से गिर गए तब कांस्टेबल/जी डी राघवेन्द्र एस. ने अपनी तरफ से पहल की और पार्टी का नेतृत्व संभाल लिया और अभियान के लिए निदेश देना शुरु कर दिया।इन्होंने अपने कार्मिकों को नक्सलियों पर धावा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया और साथ ही साथ अपने हथियार से गोलीबारी जारी रखी। इसके नेतृत्व से प्रोत्साहित होकर पार्टी के शेष कर्मियों ने नक्सलियों पर धावा बोलना जारी रखा। नक्सलियों की संख्या अधिक होने और अपनी जान को खतरा होने के बावजूद, कांस्टेबल/जी डी राघवेन्द्र एस. ने गोलीबारी जारी रखी और उत्कृष्ट कोटि के नेतृत्व, अत्यधिक साहस और सूझ-बूझ का प्रदर्शन किया। हालांकि इन्होंने काफी दूरी तक, भाग रहे नक्सलियों का पीछा किया और भारी गोलीबारी जारी रखी जिसके परिणामस्वरुप, नक्सलियों को पुनः इकठ्ठा होने का मौका नहीं मिल पाया और वे भाग खड़े हुए। कांस्टेबल/जी डी राघवेन्द्र एस. द्वारा प्रदर्शित किए गए अनुकरणीय साहस, वीरतापूर्ण और चतुरता से की गई कार्रवाई के कारण न केवल इनके साथियों की मूल्यवान जानें बचीं बल्कि उनके हथियार भी बचा लिए गए। बी.आर. अम्बेडकर अस्पताल, रायपुर और दिल्ली में आर.आर. अस्पताल (सेना) में उनकी जान बचाने के लिए किए गए अथक प्रयासों के बावजूद, श्री वी.टी. मैथ्यू, द्वितीय कमान अधिकारी की मूल्यवान जान नहीं बचाई जा सकी और उन्होंने 31.10.2003 को घावों के कारण प्राण त्याग दिए। नक्सलियों द्वारा सी आर पी एफ कर्मियों के सामने रखी समर्पण की मांग स्वीकार कर लेने पर उनकी जान बक्श देने के प्रस्ताव के बावजूद, दिवंगत वी टी मैथ्यू ने अपनी जान को आसन्न खतरे के बावजूद अनुकरणीय साहस और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया और राष्ट्र के सशस्त्र बल की उच्चतम परंपराओं को बनाए रखते हुए सर्वोच्च बलिदान देना ही उचित समझा।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री दिवंगत वी टी मैथ्यू, द्वितीय कमान अधिकारी और राघवेन्द्र एस., कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 अक्तूबर, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 177-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री धीरेन्द्र सिंह, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गांव गुन्जम-डोडा में उग्रवादियों के एक ग्रुप के ठहरने के संबंध में एक स्त्रोत से सूचना प्राप्त होने पर, 42 कार्मिकों के साथ सिविल पुलिस और ओ/सी सी/125 को 4 पार्टियों में बांट दिया गया और वे 8.3.2002 को उस स्थान पर पहुँच गए। कांस्टेबल/जी डी धीरेन्द्र सिंह को पार्टी सं. 4 में तैनात किया गया था और उन्हें उग्रवादियों को बच कर भाग निकलने से रोकने की जिम्मेवारी दी गई थी। उग्रवादियों को किसी तरह इस अभियान की भनक मिल गई और उन्होंने नाले की आड़ लेकर गोलीबारी करते हुए भागने का प्रयास किया। तलाशी दल ने जवाबी कार्रवाई की और एक उग्रवादी को मार गिराया। सभी तलाशी पार्टियों ने क्षेत्र की इस प्रकार से घेराबंदी कर ली कि बच कर भाग निकलने के सभी संभावित रास्ते बंद हो गए। उग्रवादियों के बच कर भाग निकलने की संभावना वाले उन सभी रास्तों की पहचान कर ली गई क्योंकि वहां एक पहाड़ी नाला था जहां उग्रवादी छिप/भाग सकते थे। एस आई/जी डी ललिता प्रसाद की कमान के अंतर्गत एक पार्टी को 22 जवानों के साथ इस नाले पर तैनात कर दिया गया।कांस्टेबल धीरेन्द्र इस पार्टी में थे। बचने का प्रयास करते हुए उग्रवादियों को नाले में देखा गया।कांस्टेबल धीरेन्द्र सिंह ने तत्काल उग्रवादियों पर गोलीबारी शुरु कर दी। उग्रवादियों ने भी पार्टी सं. 4 पर अंधाधुंध जवाबी गोलीबारी शुरु कर दी जिसमें एस पी ओ कमल सिंह ने अपनी जान गंवा दी। कांस्टेबल धीरेन्द्र सिंह उग्रवादियों पर गोलीबारी करते रहे और एक उग्रवादी को मार गिराया तथा दूसरे को घायल कर दिया। उग्रवादियों को अपने बचने की आशा क्षीण लग रही थी। इसी दौरान, उग्रवादियों के अन्य साथी भी वहाँ पहुँच गए। स्थिति का जायजा लेकर इन उग्रवादियों ने लंबी रेंज के अधुनातन हथियारों से पार्टी सं. 4 पर गोलीबारी करना उचित समझा। भारी गोलीबारी के बावजूद कांस्टेबल धीरेन्द्र सिंह वहां डटे रहे। जब पूर्वोक्त कांस्टेबल उग्रवादियों के साथ बहादुरी से लड़ रहे थे तभी वे एक ग्रेनेड से गंभीर रुप से जख्मी होकर नीचे चट्टानों पर गिर पड़े और अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।

इस मुठभेड़ में, दिवंगत धीरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 मार्च, 2002 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 178-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. रमेश कुमार, कांस्टेबल/बिगुलर। (मरणोपरांत)
2. डी जी आदे, कांस्टेबल/बिगुलर। (मरणोपरांत)
3. डी.एस. इन्दुरकर, कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

स्थानीय पुलिस के साथ हैड कांस्टेबल/जी डी एस आर पल्लाकी और बिजेन्द्र सिंह की कमान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एफ/45वीं बटालियन की दो टुकड़ियां 8.10.2002 को मतदान बूथ सं.4, टाउन हॉल, जिला, डोडा (जम्मू और कश्मीर) पर ड्यूटी के लिए तैनात की गई थी। मतदान बूथ की सुरक्षा के लिए सिविलियनों की चैकिंग/आम: तलाशी की ड्यूटी कांस्टेबल (बिगुलर) रमेश कुमार, कांस्टेबल/जी .डी. डी जी आदे और डी.एस. इन्दुरकर को सौंपी गई। लगभग 0715 बजे, पुलिस वर्दी में दो उग्रवादियों ने मतदान केन्द्र में घुसने का प्रयास किया। कांस्टेबल (बिगुलर) रमेश कुमार और कांस्टेबल (जी डी) डी.जी. आदे ने उन्हें अपनी पहचान बताने के लिए कहा। इस पर, एक उग्रवादी ने दूसरे उग्रवादियों, जो टाउन हाल गेट के सामने स्थित एक घर में पहले ही मोर्चा संभाले हुए थे, को इशारा किया। उन्होंने तत्काल ग्रेनेड फेंके और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कर्मियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। 45वीं बटालियन के उपर्युक्त तीनों कांस्टेबलों ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की और एक फियादीन उग्रवादी को मार गिराया तथा अन्य उग्रवादी जो जख्मी हो गए थे, अपने मिशन में कामयाब हुए बिना बच कर भाग निकले। कांस्टेबल/बिगुलर रमेश कुमार और कांस्टेबल/जी डी डी.जी. आदे ने जख्मों के कारण दम तोड़ दिया। कांस्टेबल/जी डी डी.एस. इन्दुरकर भी गोलियां लगने से जख्मी हो गए। इस मुठभेड़ में, ए के-47-01, 125 ए के राउंद, मैगजीन-06, चीनी ग्रेनेड-04, 400/-रु0 भारतीय मुद्रा और लश्करे तैय्यबा का एक लैटर पैड बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री दिवंगत रमेश कुमार, कांस्टेबल/बिगुलर, दिवंगत डी.जी. आदे, कांस्टेबल/बिगुलर और डी एस इन्दुरकर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 अक्तूबर, 2002 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 179-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. नेमी चंद, निरीक्षक/जनरल ड्यूटी।
2. टी.सी. संतोष, कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

28वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की ए/कंपनी 4.6.2003 से चूरचांदपुर, मणिपुर में सी आई ऑपरेशन्स ड्यूटी कर रही थी। 9.12.2003 को लगभग 1245 बजे, जब निरीक्षक नेमी चंद की कमान में ए/28 की दो प्लाटूनें गांव खोलमुन जिला चूरचांदपुर में क्षेत्र प्रभुत्व स्थापित करने की ड्यूटी कर रही थी तभी लगभग 35-40 संदिग्ध यू एन एल एफ उग्रवादियों ने नजदीक के घरों और महत्वपूर्ण जगहों से पाटीपर घात लगाकर अधुनातन स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। निरीक्षक नेमी चंद, जो एक दल का नेतृत्व कर रहे थे, ने एक कांस्टेबल टी.सी. संतोष के साथ तत्काल उग्रवादियों के खिलाफ मोर्चा संभाल लिया और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना इस गोलीबारी का जवाब दिया। इस मुठभेड़ में, निरीक्षक नेमी चंद हाथ और टांग में गोलियां लगने से घायल हो गए और कांस्टेबल/जी डी टी.सी. संतोष को भी पेट के निचले भाग में गोलियां लगीं और वे जख्मी हो गए। गंभीर रूप से घायल होने और शरीर से काफी मात्रा में रक्त बह जाने के बावजूद, निरीक्षक/जी डी नेमी चंद और कांस्टेबल/जी डी टी.सी. संतोष ने जवाबी गोलीबारी जारी रखी जिसकी वजह से उग्रवादियों को अपनी पोजीशनों से हटने के लिए विवश होना पड़ा जिसकी वजह से दल के अन्य कार्मियों को भी पोजीशन लेने और घात लगाकर किए गए हमले से कारगरता के साथ निपटने का अवसर मिल गया। इसी के साथ उन्होंने अपने बटालियन मुख्यालय को घात लगाकर हुए हमले की घटना के संबंध में सूचित कर दिया। निरीक्षक नेमी चंद की कमान में और घायल कांस्टेबल/जी डी टी.सी. संतोष के नेतृत्व में दल ने उग्रवादियों का पीछा करना जारी रखा और वे हमारे दलों की गोलीबारी के आगे टिक नहीं सके और उन्होंने भागना शुरू कर दिया। उग्रवादियों में से एक उग्रवादी, जो गंभीर रूप से घायल हो गया था और खड़ी ढाल वाले पर्वतीय उबड़-खाबड़ भूभाग पर चढ़ने में असमर्थ था, ने हमारे दलों पर गोलीबारी जारी रखी और अपने साथियों को उस जगह से बच कर भाग निकलने में सहायता पहुंचाने के लिए कवरिंग फायरिंग की। हमारे दलों, विशेष रूप से निरीक्षक नेमी चंद और कांस्टेबल टी.सी. संतोष द्वारा की गई भारी गोलीबारी के परिणामस्वरूप यह उग्रवादी गांव खोलमुन से लगभग 1.5 कि0मी0 गांव मोरजंग में मारा गया लेकिन शेष उग्रवादी घनी झाड़ियों की आड़ लेकर बच कर भागने में सफल हो गए। घटनास्थल से एक जी पी एम जी (ए के-81), एक ड्रम मैगजीन के साथ 10 जिंदा राउंद, कुछ अभिशंसी दस्तावेज और एक फोटो एलबम बरामद हुआ। बाद में ग्रामीणों से एकत्र की गई सूचना के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान कम-से-कम 3 अन्य उग्रवादी भी गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिन्हें उनके साथी वहाँ से बचा कर ले गए थे। घात लगाकर किए गए उपर्युक्त हमले की घटना में, निरीक्षक/जी डी नेमी चंद और कांस्टेबल/जी डी टी.सी. संतोष ने घात लगाकर किए गए हमले से निपटने में अदम्य वीरता का प्रदर्शन किया और उग्रवादियों की गोलीबारी का कारगर रूप से जबाव दिया और इस प्रकार अपनी टुकड़ी

के शेष कर्मियों की जान बचाई तथा उन्हें पोजीशन लेने और घात लगाकर किए गए हमले से कारगरता के साथ निपटने का अवसर दिया ।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री नेमी चंद, निरीक्षक/जनरल ड्यूटी और टी.सी. संतोष, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9 दिसंबर, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 180-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नितिन सुरेशराव पुत्तेवार, (मरणोपरांत)
रंगरूट/जनरल ड्यूटी कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

18.10.2001 को, रंगरूट नितिन सुरेश राव और अन्य दो रंगरूटों को 2200 बजे से 2359 तक जी सी की चारदिवारी के निकट स्थित बैरेक सं0 2 के समीप संतरी ड्यूटी पर तैनात किया गया था। लगभग 2300 बजे, अधुनातन हथियार से लैस एक हमलावर उस चारदिवारी को फांदकर कैम्पस में घुस गया जहाँ रंगरूट नितिन सुरेश राव पुत्तेवार ड्यूटी पर था । रंगरूट नितिन सुरेशराव पुत्तेवार ने तत्काल घुसपैठिए को देख लिया और उसे ललकारा । ललकारने पर, घुसपैठिए ने उन पर गोली चलाकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया । रंगरूट नितिन सुरेशराव पुत्तेवार द्वारा घुसपैठिए के समय पर ललकारे जाने और तत्पश्चात की गई गोलीबारी के कारण अन्य गार्ड कर्मी सतर्क हो गए और तत्काल उस स्थल की ओर भागे । इसी बीच, 13वीं बटालियन सी आर पी एफ से सम्बद्ध किए गए कांस्टेबल एल.एच. फर्नांडिज भी उस जगह की ओर भागे और इन्होंने एक हमलावर को पम्प हाउस की ओर दौड़ते देखा । कांस्टेबल एल एच फर्नांडिज ने उसे ललकारा । हमलावर ने कांस्टेबल एल एच फर्नांडिज पर गोलीबारी कर दी जिससे वे बाल-बाल बच गए । लाइन्स आदि से काफी संख्या में और कर्मियों को आते देख हमालावर घबरा गया और परिधि दीवार से कूदकर बच कर भाग निकला । गार्ड कमांडर और अन्य संतरियों ने उस हमलावर का पीछा करने के लिए सभी प्रयास किए लेकिन वह अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया । रंगरूट नितिन पुत्तेवार को तत्काल बी एच -I, सी आर पी एफ, नई दिल्ली ले जाया गया जहाँ उन्हें मृत लाया घोषित किया गया । उन्हें ए के-47 राइफल की 3 गोलियां लगी थीं । घटनास्थल से 39 एम एम के छह खाली कारतूस बरामद किए गए । स्थानीय पुलिस तत्काल शिविर में आई और घटनास्थल तथा दिवंगत रंगरूट/कांस्टेबल नितिन पुत्तेवार के शव की जांच की । 20.10.2001 को उस क्षेत्र की गहन तलाशी ली गई और उस तलाशी के पश्चात सी.आर.पी.एफ. परिसर के जरा सामने कृष्णा कॉलोनी, नजफगढ़ के नजदीक से एक विदेश निर्मित ए के-56 राइफल, 57 राउंद से भरी 2 मैगजीनें, फोल्डिंग बेल्ट बरामद की गई । 27.10.2001 को पुनः कृष्णा कॉलोनी क्षेत्र से जमीन के अंदर दबा कर रखे गए पाउच के साथ-साथ कुछ विदेश निर्मित मैगजीन और ग्रेनेड भी बरामद किए गए । मीडिया रिपोर्टों के अनुसार एक आतंकवादी ग्रुप नामतः लश्कर-ए-तैय्यबा (एल ई टी) ने इस हमले की जिम्मेवारी ली । रंगरूट नितिन सुरेशराव पुत्तेवार ने आतंकवादी को समय रहते देख लिया और अपने प्राणों की तनिक भी परवाह न करते हुए उसे ललकारा तथा अत्यधिक साहस तथा उच्च कोटि की सूझ-बूझ का परिचय देते हुए कट्टर उग्रवादियों के नापाक इरादों को विफल कर दिया ।

इस मुठभेड़ में, दिवंगत नितिन सुरेशराव पुत्तेवार, रंगरूट/जनरल ड्यूटी कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 अक्तूबर, 2001 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 181-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. वी गोविन्द भाई, हैड कांस्टेबल। (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
2. हरबंस सिंह, निरीक्षक। (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

10.8.2003 को टी ए सी एच क्यू-54 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल चेसरीमाई, बिशालगढ़ (पश्चिमी त्रिपुरा) में यह गुप्त सूचना प्राप्त होने पर कि एन एल एफ टी ग्रुप के कुछ कट्टर उग्रवादी मोहर्रम बाजार क्षेत्र में मौजूद हैं, एक विशेष अभियान तैयार किया गया और हैड कांस्टेबल वी. गोविन्द भाई के साथ निरीक्षक/जी डी हरबंस सिंह के कमान में बी/कंपनी 54 से चुनिंदा कर्मियों को लेकर एक अभियान दल बनाया गया। अभियान दल अपने शिविर से 10.8.2003 की प्रातः सादे कपड़ों में और अपनी पहचान छिपाने के लिए अपने कपड़ों के अन्दर हथियार छिपाकर सिविल जीप से मोहर्रम बाजार की ओर रवाना हुए। मोहर्रम बाजार पहुँचने पर निरीक्षक हरबंस सिंह ने अपने दल के साथ, चाय की एक दुकान में कुछ संदिग्ध विद्रोहियों को देखा। विद्रोहियों ने खतरा भांपकर नजदीक ही गांव के साथ लगे पर्वतीय और घने जंगल से बच कर भाग निकलने हेतु दुकान से बाहर भागना शुरू किया। निरीक्षक हरबंस सिंह ने हैड कांस्टेबल वी. गोविन्द भाई सहित अपने दल के चुनिंदा साथियों के साथइन विद्रोहियों का पीछा किया। हैड कांस्टेबल वी. गाविन्द भाई ने नौजवान होने और कमांडो कौशल में जानकारी रखने के कारण भाग रहे विद्रोहियों का पीछा किया और उनमें से एक के बहुत निकट पहुँच गए। विद्रोहियों ने जिंदा पकड़ लिए जाने के खतरे को भांपकर सी आर पी एफ दल को पीछा करने से रोकने के लिए हैड कांस्टेबल गोविन्द भाई पर एक चीनी हैंड ग्रेनेड फेंका। हैड कांस्टेबल, जो विद्रोहियों को पकड़ने ही वाले थे, ने उच्च श्रेणी कौशल और सूझ-बूझ दिखाते हुए फुर्ती से कार्रवाई की और उस ग्रेनेड को पकड़ लिया जो अभी फटा नहीं था तथा उसे परे फेंक कर तुरंत इस विद्रोही को दबोच लिया।कुछ ही सेकेंड में ग्रनेड फट गया और हैड कांस्टेबल वी गोविन्द भाई उसकी किरचों से घायल हो गए यद्यपि ये उस समय भी उस विद्रोही को काबू में करने के लिए संघर्ष कर रहे थे जिसकी पहचान बाद में इस ग्रुप के नेता संजीत रिआंग के रूप में की गई। उस विद्रोही ने जो काफी हट्टा-कट्टा और जवान था, हैड कांस्टेबल वी. गोविन्द भाई के चंगुल से बचने का प्रयास किया लेकिन हैड कांस्टेबल गोविन्द भाई, जिनके जख्मों से काफी मात्रा में रक्त बह रहा था, ने विद्रोही पर अपनी पकड़ ढीली नहीं होने दी। निरीक्षक (जी डी) हरबंस सिंह, जिन्होंने अपनी ज्यादा उम्र होने के बावजूद युवा जैसी फुर्ती और चतुराई का प्रदर्शन किया, भी उस विद्रोही के निकट पहुँच गए, जो घायल हैड कांस्टेबल वी. गोविन्द भाई के चंगुल से निकलने ही वाला था। इस स्थिति को समझते हुए निरीक्षक हरबंस सिंह, इससे पहले की विद्रोही बच निकलता, अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना आत्मविश्वास और विद्युत गति से उसके काफी नजदीक पहुँच गए और बच कर भाग रहे विद्रोही पर अपनी ए के एम राइफल से निशाना साध कर लगातार तीन गोलियां चलाईं और उसे वहीं मार गिराया। हैड कांस्टेबल वी. गोविन्द भाई, जो विद्रोही और निरीक्षक हरबंस सिंह के बीच में थे, को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। अपनी सूझ-बूझ, कारगर निशानेबाजी, साहस और आत्मविश्वास के कारण ही हरबंस सिंह उस विद्रोही को मार पाए जो सी आर पी एफ दल को काफी क्षति पहुँचा सकता था। इसी बीच, अन्य विद्रोही घने जंगलों का लाभ उठाकर बच कर भाग निकले। धावा पार्टी ने उस क्षेत्र की गहन तलाशी ली लेकिन वहां किसी अन्य विद्रोही

का पता नहीं चला । तत्पश्चात हैड कांस्टेबल वी. गोविन्द भाई और निरीक्षक हरबंस सिंह के दृढ़ निश्चय, सूझबूझ के कारण एक विद्रोही के मारे जाने के बाद यह अभियान बंद कर दिया गया । विद्रोही की पहचान बाद में नेशनल लिब्रेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा एन एल एफ टी (बी एम), जो एक प्रमुख राष्ट्रस्तरीय विद्रोही गुट है, के दुर्दान्त एरिया कमांडर संजीत रियांग पुत्र रब्बामणी रियांग, जिसके खिलाफ बहुत से गंभीर किस्म के आपराधिक मामले लंबित थे, के रूप में की गई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री हरबंस सिंह, निरीक्षक और वी गोविन्द भाई, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 अगस्त, 2003 से दिया जाएगा।

बकुल मित्रा
निदेशक

सं0 182-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. विकास चौधरी, सहायक कमांडेंट ।
2. सतीश कुमार, कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी।
3. बशीर अहमद, कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी।
4. मोहम्मद शफी तांत्रे, कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी।
5. पी. राजेन्द्र कुमार, कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

14.5.03(पूर्वाह्न) को अपने सूत्र से गुप्त सूचना मिलने पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 85वीं बटालियन के कमांडेंट श्री एस.जे. सपीके ने अम्बासा पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत मचुराई पारा गांव (जेओलचेरा) में एक विशिष्ट घर पर विशेष छापा और तलाशी आपरेशन चलाने की योजना बनाई। श्री विकास चौधरी, सहायक कमांडेंट, ओ सी ए/85 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नेतृत्व में 4 हैड कांस्टेबलों और 19 कांस्टेबलों की एक पार्टी को इस आपरेशन का दायित्व सौंपा गया। 15.5.03 को 0300 बजे यह पार्टी असमंजस की स्थिति बनाए रखने के लिए हैडलाईट जलाए बिना, रणनीतिक रुप से आगे बढ़ी। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की बी/85 बटालियन के जेओलचेरा चौकी पर वाहनों से उतरने के बाद, वे गाँव की आम सड़क को छोड़कर जंगलों में उन पगडण्डियों से होकर गये जिन पर कभी-कभार ही लोग चलते थे और विद्रोहियों के संतरी की पोजीशन के बारे में जान लेने के बाद लक्षित घर की घेराबंदी की गई और बचाव के रास्तों में रुकावटें खड़ी कर दी गई। सूर्य की पहली किरण निकलते ही श्री विकास चौधरी, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल मोहम्मद शफी तांत्रे के साथ रेंगते हुए मुख्य दरवाजे की ओर बढ़े और दीवार के साथ पोजीशन ले ली। कांस्टेबल तांत्रे ने चुप-चाप से पता लगा लिया कि दरवाजा बंद नहीं है। शेष 3 कांस्टेबल भी उनके साथ मिल गए और पूर्व निर्णय के अनुसार, श्री विकास चौधरी, सहायक कमांडेंट और तांत्रे चुपचाप उस घर के अंदर घुस गए और उनके पीछे-पीछे कांस्टेबल बशीर, कांस्टेबल राजेन्द्र और कांस्टेबल सतीश कुमार भी घर में घुस गए। इस घर का भूतल मजबूत फाल्स सीलिंग के साथ दो भागों में बांटा हुआ था जिसे स्थानीय भाषा में "तोंगघर" कहते हैं। भूतल के कमरों में कुछ भी संदेहास्पद नहीं था। वहां एक कमरे में स्त्रियां और बच्चे सो रहे थे और दूसरे में पांच बुजुर्ग व्यक्ति सो रहे थे। यह पार्टी बाहर निकलने ही वाली थी कि तभी विकास चौधरी को आसपास पंखे के चलने की आवाज सुनाई दी। आवाज की दिशा का पीछा करते हुए इन्होंने फाल्स सीलिंग और बगल की दीवार के बीच एक खुलने वाली जगह देखी जहां ऊपर चढ़ने के लिए पेड़ के तने को सीढ़ी का रुप दिया गया था लेकिन उसे बाँस की चटाई से ढका हुआ था ताकि उसका आसानी से पता न चल सके। संदेह होने पर सबसे पहले श्री विकास चौधरी, सहायक कमांडेंट और इनके बाद कांस्टेबल तांत्रे, कांस्टेबल बशीर, कांस्टेबल राजेन्द्र और कांस्टेबल सतीश कुमार तत्काल ऊपर चढ़े। वहाँ दो युवक और दो स्त्रियां सो रहीं थीं और वे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अचानक आ जाने से आवाक रह गए। युवक जल्दी ही संयत हो गए और वे बगल में रखे अपने हथियारों की ओर लपके। खतरे को भांपते हुए, श्री विकास चौधरी, सहायक कमांडेंट उनमें से एक पर झपटे, जो अपनी कार्बाइन चलाने ही वाला था और इससे पहले कि वह अपनी कार्बाइन चलाए उसे अपनी ए के 47 के बट से मारा, वह फर्श पर गिर पड़ा परन्तु उग्रवादी श्री चौधरी से लिपट गया और इनकी ए के-47 छीनने की कोशिश की। श्री

चौधरी उग्रवादी से गुत्थम-गुत्था हो गए और उसे फर्श पर गिरा दिया। तब तक, कांस्टेबल तांत्रे ने उग्रवादी की कार्बाइन को उठा लिया और उग्रवादी पर काबू पाने में श्री चौधरी की सहायता की। उसी समय, तोंगघर के दूसरी तरफ, कांस्टेबल बशीर और कांस्टेबल राजेन्द्र, जो कि श्री विकास चौधरी के बिल्कुल पीछे आ रहे थे, ने दूसरे उग्रवादी को पकड़ लिया जो मैगजीन को अपनी ए के-56 राइफल में जोड़ने की कोशिश कर रहा था और उसे तुरंत निरस्त्र करने में सफल रहे। इसी समय, तीन अन्य व्यक्तियों ने तोंगघर के एक भाग की खिड़की से भागने का प्रयास किया जिसकी तरफ कांस्टेबल सतीश कुमार का ध्यान गया जो तुरंत उनके पीछे दौड़े और उन्हें बंदूक की नोक पर पकड़ लिया। वायरलैस सेट पर तलाशी दल को बुलाया गया। पुरुषों और महिलाओं को तुरंत अलग-अलग किया गया और घर की गहन तलाशी ली गई जिसमें भरी हुई दो और मैगजीनें मिलीं जिनमें एक मैगजीन ए के-56 और दूसरी एस ए एफ कार्बाइन की थी, दो हथगोले (चीन निर्मित), गोलाबारुद के पाऊच, 9 एम एम के 40 राउंद और 7.62 एम एम ए के गोलाबारुद के 76 राउंद, 11,152 रुपए नकद, एक एलबम और फोटो नेगेटीव के कुछ रोल बरामद किए गए। मौके पर दो उग्रवादियों से पूछताछ की गई जिसके कारण देश में निर्मित तीन छोटी पाइप गन बरामद की गईं। दो उग्रवादियों के साथ घर के 8 अन्य पुरुष सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया और उन्हें अम्बासा पुलिस स्टेशन में राज्य पुलिस के हवाले कर दिया गया। बाद में और पूछताछ करने पर, आठ संदिग्ध व्यक्तियों में से एक की पहचान एन एल एफ टी (बी एम) ग्रुप के स्वंभू लांस कॉर्पोरल सरेन्द्रा जमातिया उर्फ मिनी जमातिया के रुप में हुई।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री विकास चौधरी, सहायक कमांडेंट, सतीश कुमार, कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी, बशीर अहमद, कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी, मो. शफी तांत्रे, कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी और पी. राजेन्द्र कुमार, कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 मई, 2003 से दिया जाएगा ।

करुण मित्रा
निदेशक

सं0 183-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>

श्री आर.एस.एच.एस. सहोता,
कमांडेंट ।

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

08.05.03 को उल्फा (यू एल एफ ए) उग्रवादियों के बिजनी पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत बोरपाबर गांव में धन और राशन एकट्ठा करने के लिए आने की सूचना मिली। श्री सहोता, कमांडेंट 118 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने पुलिस अधीक्षक बी जी जी एन के साथ आपरेशन चलाने की योजना बनाई और अपनी पार्टी के साथ मोटर साइकिलों पर सवार होकर इस गाँव की ओर रवाना हुए। वहाँ आपरेशन चलाया गया लेकिन कुछ भी हासिल नहीं हुआ। 1400 बजे के लगभग जब बल वापिस लौट रहा था, तो अंधेर नदी के पास अंधेरगांव में 6/7 उल्फा उग्रवादियों द्वारा ए के-47 राइफलों से भारी गोलीबारी की गई। श्री सहोता, जो पहली मोटर साइकिल पर दल का नेतृत्व कर रहे थे, बाल-बाल बचे क्योंकि उन पर उग्रवादियों द्वारा चीन निर्मित हथगोले फेंके गए। इन्होंने तुरंत अपनी पार्टी को पोजीशन लेने और जवाबी गोलीबारी करने का आदेश दिया। श्री सहोता स्वयं की परवाह न करते हुए और हथगोलों की उपेक्षा करते हुए, उग्रवादियों की तरफ आगे बढ़े, जो नदी के दूसरी तरफ अच्छी मोर्चाबंदी किए हुए थे और अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। श्री सहोता ने अपनी जान जोखिम में डालकर गोलीबारी के बीच नदी को पार किया और उग्रवादियों पर निरंतर गोलीबारी करते रहे, हालांकि कुछ गोलियाँ उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। वे बहादुरी से आगे बढ़े और अपनी राइफल से गोलीबारी करके एक उग्रवादी को मार गिराया। दृढ़ निश्चय के साथ बल को आगे बढ़ता देख उग्रवादियों ने पार्टी पर रुक-रुक कर गोलीबारी करते हुए पीछे हटना शुरु कर दिया। मुठभेड़ लगभग 30 मिनट तक चली। उस क्षेत्र की पूरी तरह तलाशी ली गई। जब गोलीबारी रुकी तो गोलियों से छलनी एक उग्रवादी का शव पाया गया। बाद में शव की पहचान गांव तामेसरी, पुलिस स्टेशन मुकालमुआ, जिला नलबाडी के एक स्वंभू लेफ्टिनेंट सुबल महंता उर्फ बीमल डेका उर्फ अजय दत्ता उर्फ बिनोद बैश्य उर्फ जोसफ उल्फा के एक खतरनाक कट्टर उग्रवादी, पुत्र श्री गोया महंता के रुप में की गई। श्री सहोता ने इस मुठभेड़ में, असाधारण साहस और उच्चकोटि के नेतृत्व का प्रदर्शन किया। सं. 941113039 कांस्टेबल/ड्राइवर संजीव कुमार भी घात लगाकर किए गए हमले में गोली लगने से घायल हो गए। मारा गया विद्रोही असम गण परिषद के भूतपूर्व केबिनेट मंत्री श्री नगीन शर्मा की हत्या में संलिप्त था। उसने डा. भूमिधर बर्मन, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री की जान लेने की तीन बार कोशिश की थी और तीन सुरक्षा कर्मियों और पांच अन्य को घायल करके आरक्षी दल के हथियार छीन लिए थे। वह नलबाडी और बेगोराबाड़ी में हुए नरसंहार के लिए भी जिम्मेबार था जिसमें 9 सिविलियन मौके पर ही मारे गए थे। वह विस्फोट विशेषज्ञ था और जबरन धन वसूली के लिए प्रख्यात था। मृत उग्रवादी से एक 9 एम एम की पिस्तौल, 9 एम एम के 20 राउंद, दो मैगजीन, एक चीनी ग्रेनेड, 7000 रुपए नकद, ए के 47 राइफल के चले हुए 11 कारतूस, अभिशंसी दस्तावेज, और एक महत्वपूर्ण टेलिफोन डायरी बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में, श्री आर.एस.एच.एस. सहोता, कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 मई, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 184-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रुप सिंह,

हैड कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

4 नवम्बर, 2003 को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की 16वीं बटालियन के कमांडेंट को विश्वसनीय सूत्र से अमर सिंह पुरा क्षेत्र में उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में सूचना मिली। इस सूचना पर शीघ्रता से एक अभियान की योजना बनाई गई और एस टी एफ के 2 कर्मियों सहित एक दल तैयार किया गया। जब यह दल 1250 बजे के आसपास सामान्य क्षेत्र में पहुँचा तो कमांडेंट ने उसे तीन छोटे-छोटे दलों में बांटने का निर्णय लिया और उग्रवादियों के सभी बचाव रास्तों को कवर करते हुए उन्हें अति संभव शीघ्र समय में तैनात कर दिया। जब कमांडेंट परमिन्दर सिंह के नेतृत्व में उप-दल, जिसमें सं. 820070075 हैड कांस्टेबल/जी डी रुप सिंह भी सदस्य थे, संदेहास्पद क्षेत्र में पहुँचा, तो तुरंत घेराबंदी कर दी गई और इन्होंने उग्रवादियों की तलाश शुरु कर दी। जब दल संदेहास्पद क्षेत्र से लगभग 100 गज की दूरी पर था, तभी इन्होंने घने पेड़ों और झाड़ियों में उग्रवादियों की थोड़ी सी हलचल देखी। सभी दलों को सतर्क कर दिया गया। सहायक कमांडेंट परमिन्दर सिंह और कांस्टेबल/जी डी रुप सिंह, उग्रवादी को पकड़ने के लिए घने पेड़ों और झाड़ियों की आड़ लेते हुए चुपके-चुपके आगे बढ़े। जब वे लक्ष्य से लगभग 30 मीटर की थोड़ी सी दूरी पर थे, तभी उग्रवादी ने इन्हें देख लिया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी, जिससे हैड कांस्टेबल/जी डी रुप सिंह और सहायक कमांडेंट परमिन्दर बाल-बाल बचे। बड़ी सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए इन्होंने जल्दी आड़ ले ली और जवाब में गोलीबारी की। उग्रवादी ने भी चट्टान के पीछे आड़ ले ली और गोलीबारी शुरु कर दी। उनके बीच कुछ समय तक गोलीबारी होती रही, गोलीबारी के बीच हैड कांस्टेबल/जी डी रुप सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए असाधारण सूझबूझ, अदम्य साहस और उल्लेखनीय वीरता का परिचय देते हुए उग्रवादी पर धावा बोल दिया और उसे नजदीक से गोली मार कर ढेर कर दिया। मृत उग्रवादी की पहचान बाद में एच एम तंजीम संगठन के इश्तियाक अहमद पुत्र निजामुद्दीन, काको निवासी के रुप में की गई। मृत उग्रवादी के पास से निम्नलिखित बरामदगी हुई :

1.	ए के-56	:	01	2.	मैगजीन	:	02
3.	जीवित गोलाबारुद (मौके पर ही नष्ट कर दिए गए)	:	15 राउंद	4.	ग्रेनेड	:	02
5.	पहचान पत्र	:	01				

इस मुठभेड़ में, श्री रुप सिंह, हैड कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 नवम्बर, 2003 से दिया जाएगा ।

अरुण मिश्रा
निदेशक

सं0 185-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री कमल कुमार,
कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

3 नवम्बर, 2003 को एस क्यू-7306, मैप शीट सं0 43ओ/16 में गुगारा के घने जंगली क्षेत्र में कुछ उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में, विश्वसनीय सूत्र से विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, 16वीं बटालियन के कमांडेंट ने श्री आर.एस. चौधरी, उप कमांडेंट के नेतृत्व में सेना और एस टी एफ को लेकर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाने की योजना बनाई । तदनुसार घेराबन्दी और तलाशी अभियान की योजना तैयार की गई । उगग्रादियों के बचने के सभी रास्तों पर नाकाबंदी कर दी गई । भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की पार्टी ने उत्तरी क्षेत्र की, सेना ने पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र की और एस टी एफ ने पश्चिमी क्षेत्र की घेराबंदी की । तलाशी दलों ने अपने कमांडरों के निदेशानुसार अभियान शुरू किया । जब भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की टुकड़ी एक गवारीज़ के पास पहुंच ही रही थी कि तभी उग्रवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी । सं0 990060254 कांस्टेबल/जी डी कमल कुमार, जो भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की घेराबंदी और तलाशी पार्टी के सदस्य थे, गोलीबारी की दिशा का पता लगाने के बाद, अपनी व्यक्गित सुरक्षा और उग्रवादियों द्वारा की जा रही अत्यधिक गोलीबारी की परवाह न करते हुए, सही-सही स्थिति का पता लगाने के लिए रेंगते हुए आगे बढ़े । गोलियों की बौछार का सामना करते हुए, बहादुर और वीर कांस्टेबल, गवारी पर पहुँचने से पहले 60 मीटर तक रेंगते हुए गए । जब कांस्टेबल/जी डी कमल कुमार गवारी की खिड़की के पास पहुँचे तभी छिपा हुआ उग्रवादी अचानक खिड़की से बाहर कूदा और इन पर झपटा और कांस्टेबल कमल कुमार की राइफल छीनने की कोशिश की । कांस्टेबल/जी डी कमल कुमार और उग्रवादी के बीच लगभग 15 सैकण्ड तक हाथापाई चली परन्तु उक्त कांस्टेबल ने अदम्य साहस और उत्कृष्ट बहादुरी का परिचय दिया तथा दुर्दान्त उग्रवादी को बहुत निकट से एक ही गोली से मारने में सफल हुए । कांस्टेबल/जी डी कमल कुमार द्वारा सही समय पर दिखाए गए अदम्य साहस, सूझ-बूझ, हिम्मत और बुद्धिमानी के कारण दुर्दान्त उग्रवादी मारा गया जिसकी पहचान बाद में एच एम गुट के सादिक अहमद भट्ट उर्फ जाफर, निवासी बटारा के रूप में की गई । मृत उग्रवादी से निम्नलिखित बरामदगी हुई:-

1. ए के.-47	:	01
2. मैगजीन	:	03
3. जीवित गोलाबारूद	:	28 राउंद
4. ग्रेनेड	:	04 (मौके पर ही नष्ट कर दिए गए)
5. डायरी	:	01

इस मुठभेड़ में, श्री कमल कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.11.2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 186-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री करण सिंह,
कांस्टेबल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

14 जुलाई, 2003 को विशिष्ट आसूचना जानकारी के आधार पर द्वितीय कमान अधिकारी श्री एस.पी. सिंह की समग्र कमान के अधीन, 26 आर.आर. के साथ थलोरान गांव में एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया । सं0 8800174872 कांस्टेबल/जी डी करण सिंह को समाई नाले से लगभग 100 गज की दूरी पर घेराबंदी दल में तैनात किया गया जो संभवतः उग्रवादियों के भागने का मुख्य रास्ता था । लगभग 1300 बजे 5 उग्रवादियों का एक ग्रुप सिविलियनों के वेश में समाई नाले के पास घूमते हुए देखा गया । ललकारने पर एक संदिग्ध व्यक्ति पेड़ की आड़ में छिप गया और उसने घेराबंदी पार्टी की ओर हथगोला फेंका । घेराबंदी पार्टी का एक सदस्य, जो 26 आर.आर. से संबंधित था, किरचें लगने से घायल हो गया । उग्रवादियों ने कांस्टेबल/जी डी करण सिंह, जो कि घायल कांस्टेबल के समीप थे, की ओर गोलियों की बौछार की और उनसे उनकी ए.के.-47 राइफल छीनने की कोशिश की । कांस्टेबल/जी डी करण सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए, सूझ-बूझ का परिचय देते हुए, प्रत्युत्तर में गोलियां चलाई और उग्रवादियों को ललकारा । इस साहसिक कार्य के कारण उग्रवादियों को नाले की तरफ भागने के लिए विवश होना पड़ा, जहाँ उन्हे अच्छी आड़ मिल गई । कांस्टेबल/जी डी करण सिंह ने उच्चकोटि के पेशेवर अंदाज, बहादुरी और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया और उग्रवादियों का पीछा किया जो अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे । यद्यपि उनके पास आड़ लेने के लिए कोई पर्याप्त स्थान नहीं था और वह दुश्मन की गोलीबारी की सीधी रेंज में थे फिर भी अन्ततः इन्होंने एक उग्रवादी को मार गिराया । कांस्टेबल/जी डी करण सिंह ने विपरीत परिस्थितियों में अपने जीवन को खतरे में डालते हुए उच्च कोटि की समर्पण भावना, दृढ़ निश्चय और अत्यधिक साहस का परिचय दिया । इनके द्वारा सही समय पर प्रदर्शित अदम्य साहस, सूझ-बूझ और वीरता के कारण दुर्दान्त उग्रवादी मारा गया जिसकी पहचान बाद में जाकिर हुसैन मलिक उर्फ जुबेर, निवासी तलोगाडा, जिला डोडा, एच एम गुट के डिप्टी डिविजनल कमांडर के रूप में की गई। मृत उग्रवादियों के पास से निम्नलिखित बरामदगी हुई :-

1. रेडियो सेट	:	01
2. ग्रेनेड	:	02 (मौके पर ही नष्ट कर दिए गए)
3. अभिशंसी दस्तावेज	:	

इस मुठभेड़ में, श्री करण सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 जुलाई, 2003 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा
निदेशक

सं0 187-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जितेन्द्र कुमार,
हैड कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

28 जून, 2003 को विशिष्ट आसूचना जानकारी के आधार पर श्री हरिन्दर पाल सिंह, उप कमांडेंट के नेतृत्व में आर आर जवानों के साथ, सामान्य क्षेत्र भोले में एक संयुक्त ऑपरेशन चलाने की योजना बनाई गई। योजनानुसार, दो टुकड़ियों, एक भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की और दूसरी आर आर जवानों की, को हौजु की ओर कूच करना था और वहां एकट्ठे होना था । भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की पार्टी को तीन रोक (स्टॉप) पार्टियों में बांट दिया गया और हैड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार एक रोक (स्टॉप) पार्टी के स्वतंत्र कमांडर थे और उनके साथ चार अन्य व्यक्ति थे । इन्होंने स्वयं और इन चार व्यक्तियों के साथ भोले गांव के दक्षिणी-पूर्वी जंगली क्षेत्र में पोजीशन संभाल ली । हैड कांस्टेबल/जी डी जितेन्द्र कुमार ने उग्रवादियों की हलचल देखी और उन्हें गवारी में प्रवेश करते हुए देखा । इन्होंने स्थिति का विश्लेषण किया और अपनी पार्टी के कमांडर और अपने साथियों को उस गवारी पर नजर रखने के लिए सतर्क किया, जहां उग्रवादियों ने शरण ले रखी थी । आर आर जवानों को अपनी ओर आते देखकर, उग्रवादियों ने गवारी में से ही आर आर जवानों की तरफ अंधाधुंध गोलीबारी शुरुकर दी । आर आर जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की और दोनों उग्रवादियों को गवारी में ही उलझाए रखा। आर आर जवानों और उग्रवादियों के बीच गोलीबारी में एक उग्रवादी मारा गया । दूसरे उग्रवादी ने गवारी की पिछली खिड़की से भागकर बचने की कोशिश की लेकिन स्टॉप के रूप में तैनात हैड कांस्टेबल/जी डी जितेन्द्र कुमार ने उग्रवादी की हरकत को देख लिया और गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसके कारण वह घायल हो गया। इन्होंने भाग रहे उग्रवादी का पीछा किया जिसने घनी झाड़ियों में एक बड़ी चट्टान की आड़ ले ली और गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें हैड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार दैविक कृपा से बच गए । उग्रवादी की अंधाधुंध गोलीबारी से भयभीत हुए बिना ये एक एल एम जी से लैस आदमी के साथ पेड़-पौधों की आड़ में रेंगते हुए आगे बढ़े । जैसे ही वे लगभग 30 मीटर की दूरी पर पहुँचे, तभी उग्रवादी ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी और एक हथगोला फेंका, परंतु हैड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार ने कुछ क्षणों के लिए पेड़ की आड़ ले ली और साथ ही परस्पर भारी गोलीबारी के बीच उग्रवादी पर धावा बोल दिया और इन्होंने अत्यधिक सूझ बूझ, अदम्य साहस और उच्चकोटि के पेशेवर अंदाज का परिचय देते हुए एच एम गुट के दुर्दान्त उग्रवादी को मार गिराया । इस आपरेशन में एच एम गुट के दो कट्टर उग्रवादी मारे गए जिनकी पहचान बाद में शाहदीन पुत्र अब्दुल वाहिद, निवासी टरींक्ल (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के हैड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार द्वारा मारा गया) और अब्दुल रशीद उर्फ तुफैल पुत्र मोहम्मद शरीफ, निवासी बुधी (आर आर जवानों द्वारा मारा गया) के रूप में की गई। मृत उग्रवादियों से निम्नलिखित बरामदगी हुई:

2. मैगजीन	:	02
3. ए के श्रेणी का सक्रिय गोलाबारूद	:	40 राउंद
4. हथगोले	:	02 (मौके पर ही नष्ट कर दिए गए)
5. बहुपयोगी पाउच	:	02
6. अभिशंसी दस्तावेज		

इस मुठभेड़ में, श्री जितेन्द्र कुमार, हैड कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 जून, 2003 से दिया जाएगा।

करण मित्रा
निदेशक

सं0 188-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री शरद प्रताप सिंह,
द्वितीय कमान अधिकारी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

28 अप्रैल, 2003 को एक विश्वसनीय सूत्र से लागोर में उग्रवादियों के छिपने के संदिग्ध ठिकाने के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। इसके आधार पर श्री एस.पी. सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में एक दल लागोर के सामान्य क्षेत्र की ओर रवाना हुआ, जहां उनके छिपने का संदिग्ध ठिकाना था । जब आपरेशन पार्टी छिपने के संदिग्ध ठिकाने से 500 मीटर की दूरी पर थी तब श्री एस.पी. सिंह, पार्टी कमांडर मुख्य पार्टी को पीछे छोड़, योजनानुसार तीन अन्य रैंकों और उस सूत्र के साथ, ठिकाने में उग्रवादियों की मौजूदगी की पुष्टि करने के लिए आगे गए । 100 मीटर चलने के बाद, श्री एस.पी. सिंह और तीन अन्य सदस्यों ने नाले के पार उस ठिकाने का पता ल गाया और उग्रवादियों की गतिविधियों का जायजा लिया । दस मिनट तक जायजा लेने के बाद, एक उग्रवादी ठिकाने से बाहर आया । उग्रवादी की आवा-जाही को देख कर श्री एस.पी. सिंह ने तत्काल पार्टी के अन्य सदस्यों को बुला लिया और जवानों को बच कर भाग निकलने के सभी रास्तों को कवर करते हुए तैनात कर दिया । इन्होंने एल एम जी ग्रुप को लिया और उसे ठिकाने से लगभग 100 गज की दूरी पर अनुकूल स्थान पर तैनात कर दिया जहां से गोली चलाने का मैदान साफ था और ये लक्ष्य को सही ढंग से देख सकते थे । इसी बीच एक और उग्रवादी ठिकाने से बाहर आया। दोनो उग्रवादियों ने भोजन पकाने के लिए आग जलाई । पार्टी धैर्यपूर्वक उनकी निगरानी करती रही और स्वयं भी सामरिक रूप से ऐसी जगह पर पोजीशन ले ली जहां से उपयुक्त समय पर आगे बढ़ा जा सकता था। जब घेराबन्दी पार्टी अपने घेरे को कस रही थी, तब एक उग्रवादी ने जवानों की गतिविधियों को देख लिया और पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी । गोलीबारी का कारगरता के साथ जवाब दिया गया और आगे की लड़ाई में दो उग्रवादी मारे गए । इसी बीच, एक और उग्रवादी घटनास्थल पर दिखाई दिया और श्री एस.पी. सिंह के नेतृत्व वाली पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें ये उग्रवादी की गोलियों की बौछार से दैविक कृपा से बच गए क्योंकि गोलियां इनसे 2-3 इंच की दूरी पर जमीन से टकराई । तथापि, ये उग्रवादी की गोलीबारी से भयभीत हुए बिना अन्य दो सदस्यों को, उन्हें कवरिंग फायर देने का निदेश दिया और उस उग्रवादी की तरफ दौड़ पड़े जो आड़ लिए हुए था। गोलियों का कोई असर होते न देख, उग्रवादी ने हथागेला फेंका, जिससे श्री एस.पी. सिंह दोबारा बाल-बाल बच गए। उग्रवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी, परंतु श्री एस.पी. सिंह भारी गोलीबारी के बीच उग्रवादी की तरफ तेजी से आगे बढ़े और इन्होंने अपने जीवन की तनिक भी परवाह न करते हुए अदम्य साहस और उल्लेखनीय वीरता का परिचय देते हुए उग्रवादी को मार गिराया। बाद में तीन उग्रवादियों की पहचान इस प्रकार हुई:-

(i) जाकिर हुसैन पुत्र अली सैन उर्फ बब्बर, डोडा निवासी (जम्मू और कश्मीर)
(ii) मुदस्सर पुत्र नजीर अहमद उर्फ इरफान, डोडा निवासी (जम्मू और कश्मीर)
(iii) मो0 अयूब पुत्र कासिम दीन उर्फ सैफुल्लाह, डोडा निवासी (जम्मू और कश्मीर)

मृत उग्रवादियों से निम्नलिखित बरामदगी हुई :-

(क) ए.के.-56 राइफल	:	दो
(ख) मैगजीन	:	03 नग
(ग) ए.के. श्रेणी का गोलाबारूद	:	50 राउंद
(घ) हथगोले	:	पांच (जमीन पर नष्ट कर दिए गए)
(ङ) बहुउद्देशीय पाऊच	:	03 नग
(च) नोट बुक्स, फोटो और डायरी समेत अभिशंसी दस्तावेज		

इस मुठभेड़ में, श्री शरद प्रताप सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 अप्रैल, 2003 से दिया जाएगा।

अरुण मित्रा
निदेशक

सं0 189-प्रेज/2004-राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री करतार चंद,
निरीक्षक/जनरल ड्यूटी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

बिशकु नाला सामान्य क्षेत्र में कुछ विदेशी आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर, 19 दिसम्बर, 2003 को एस टी एफ और 26 आर आर के साथ एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। निरीक्षक/जी डी करतार चंद, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की उस टुकड़ी के पार्टी कमांडर थे जिसने "बिशकु नाला" ऑपरेशन में भाग लिया था । भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की ऑपरेशन पार्टी 2000 बजे गली भटोली पहुँची और क्षेत्र में तलाशी आपरेशन शुरू कर दिया । जैसे ही पार्टियां पूरे क्षेत्र की तलाशी के बाद बिशकु नाले के आखिरी छोर पर पहुँची तो निरीक्षक/जी डी करतार चंद ने अचानक दो उग्रवादियों को देखा । उसी समय उग्रवादियों ने भी निरीक्षक/जी डी करतार चंद को देख लिया और गोलीबारी शुरू कर दी । बिना समय गंवाए जवाबी गोलीबारी की गई । गोलीबारी के चलते एक उग्रवादी तब घायल हो गया जब वह ढलान के बांयी तरफ से बचने की कोशिश कर रहा था। दूसरा उग्रवादी लगातार गोलीबारी करता रहा । निरीक्षक/जी डी करतार चंद उग्रवादी की गोलीबारी से भयभीत नहीं हुए और इन्होंने उस घायल उग्रवादी का पीछा किया और उसे एक वृक्ष के पीछे छिपते हुए देख लिया। अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, निरीक्षक/जी डी करतार चंद अंधेरे में वृक्ष के पीछे छिपे उग्रवादी की तरफ बढ़े। जब ये उससे 15 गज की दूरी पर थे तो उग्रवादी ने अपनी पिस्तौल से गोली चलाई और इन पर हथगोला फेंका, जो सही निशाने पर नहीं लगा । निरीक्षक/जी डी करतार चंद ने अत्यधिक साहस और उच्चकोटि के पेशेवर अंदाज का परिचय दिया तथा उग्रवादी पर नजदीक से हमला करके उसे मार गिराया। निरीक्षक/जी डी करतार चंद ने अत्यधिक साहस, सूझ-बूझ, कुशल नेतृत्व और उत्कृष्ट बहादुरी का परिचय देते हुए ऑपरेशन की सफलता में मदद की जिसमें एक कट्टर उग्रवादी मारा गया, जिसकी पहचान बाद में एच एम गुट के विदेशी आतंकवादी मुदसर उर्फ अबु सालेम के रूप में की गई । मारे गए उग्रवादी से निम्नलिखित बरामदगी हुई:-

1. चाईनीज पिस्तौल	:	01
2. मैगजीन ए.के.-47	:	02
3. ए.के.-47 का जीवित गोलाबारूद	:	43 राउंद
4. रेडियो सेट	:	01
5. पाऊच	:	01
6. भारतीय मुद्रा	:	172 रूपए

इस मुठभेड़ में, श्री करतार चंद, निरीक्षक/जनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 दिसम्बर, 2003 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
निदेशक

सं0 190-प्रेस/2004-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक साहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री डी मलिक,
कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दासूचेरा, लालदंगा और तुईचांद पाड़ा के क्षेत्र में अतिवादी गतिविधियों के संबंध में गुप्त सूचना मिलने पर, 66वीं बटालियन के कांस्टेबल डी. मलिक सहित 46 कर्मियों की एक पार्टी 15.6.2003 को लगभग 0400 बजे समन्वित तलाशी अभियान चलाने के लिए तुईचांद पाड़ा क्षेत्र जिला धलई (त्रिपुरा) के लिए रवाना हुए और पर्वतीय उबड़-खाबड़ भूभाग से लगभग 22 कि.मी. पैदल चलने के पश्चात गंतव्य स्थल पर पहुँचे और गांव की घेराबंदी कर दी तथा गहन तलाशी शुरु कर दी। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पार्टी को देखकर एक युवक और एक नवयुवती एक घर के भीतर तेजी से घुस गए और उसी समय सबसे आगे की टुकड़ी के सेक्शन कमांडर ने आग्नेयास्त्र के साथ एक सिविलियन को भी देखा और उस व्यक्ति को चेतावनी दी। उसी समय 7 से 8 अतिवादियों, जिनमें से कुछेक ने मोर्चेबंदी की हुई थी, ने विभिन्न दिशाओं से गोलियां चला दीं, जिस पर सी आर पी एफ द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई। कांस्टेबल डी. मलिक, जो टुकड़ी में सबसे आगे थे, ने अतिवादियों में से एक को अपने कर्मी को लक्ष्य करके गोली चलाते हुए देख लिया और इन्होंने फुर्ती से अपनी राइफल से उस पर गोली चला दी। वह विद्रोही घटनास्थल पर ही ढेर हो गया। उस विद्रोही की पहचान बाद में एन एल एफ टी(बी एम) ग्रुप के एरिया कमांडर चिरंजय रिआंग (30) के रुप में की गई। आगे, गोलीबारी के दौरान,विद्रोहियों ने हैंड ग्रेनेड भी फेंके जिससे हैड कांस्टेबल/जी डी मोहम्मद इकबाल, कांस्टेबल/जी डी पी के बिसवाल और कांस्टेबल/जी डी एस. सेनापति, गंभीर रुप से जख्मी हो गए। कांस्टेबल डी. मलिक लगातार और शान्तिपूर्ण ढंग से आपसी गोलीबारी में उलझे रहे और यह अभियान लगभग 90 मिनट तक जारी रहा। अंत में, जब अतिवादी अपने नापाक इरादों में कामयाब नहीं हो सके तो वे उबड़-खाबड़ भूभाग/घनी वनस्पति/झाड़ियों का लाभ उठाकर भाग खड़े हुए। मुठभेड़ स्थल से बरामद शस्त्र/गोलाबारुद के साथ-साथ एक शव और एक महिला उग्रवादी राज्य पुलिस अधिकारियों को सौंप दिए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री डी. मलिक, कांस्टेबल/जेनरल ड्यूटी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 जून, 2003 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 9 दिसम्बर, 2004

सं0 191– प्रेज/2004–भारत के राजपत्र के भाग I खंड 1 में दिनांक 6 दिसम्बर, 2003 को प्रकाशित वीरता के लिए पुलिस पदक के संबंध में इस सचिवालय की अधिसूचना संख्या 162–प्रेज/2003, दिनांक 17 नवम्बर, 2003 के प्रथम अनुच्छेद में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:–

अधिकारी का नाम और रैंक

डा0 कमल सैनी, भा.पु.से.
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

के स्थान पर

राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं:–

अधिकारी का नाम और रैंक

डा0 कमल सैनी, भा.पु.से.
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

पढा जाए।

बरुण मित्रा
निदेशक

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 30 नवम्बर 2004

